www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

08 मार्च, 2025
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 139

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आज





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# कोल ट्रांसपोर्टर बिपिन मिश्रा को अपराधियों ने गोली मारी, हालत गंभीर





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोयला के बड़े ट्रांसपोर्टर बिपिन मिश्रा को अपराधियों ने शुक्रवार को गोली मार दी। यह घटना रांची शहर के बरियातू रोड के सेंट्रल एकेडमी स्कूल के पास हुई है। घायलावस्था में उन्हें मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

बताया जाता है कि अपराधियों ने बिपिन मिश्रा पर कई राउंड फायर किया। उन्हें दो गोली लगी है और उनकी स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद बरियातू थाना की पुलिस मेडिका अस्पताल पहुंची। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

बिपिन मिश्रा लंबे समय से कोयला कारोबार से जुड़े हुए हैं। उनकी कंपनी का नाम पीएनएम है। यह कंपनी कई पावर प्लाटों के लिए कोयला की ट्रांसपोर्टिंग का काम करती है। लेवी और रंगदारी की मांग को लेकर बिपिन मिश्रा को मारने की योजना पहले भी अपराधियों ने कई बार बनायी थी। लेकिन पुलिस की तत्परता के वजह से अपराधी हर बार पकड़े गये थे। बीच राजधानी में हुई इस सनसनीखेज घटना ने कोयला ट्रांसपोर्टरों के बीच डर का माहौल बना दिया है।

### घटनास्थल पर जांच के लिए पहुंची एटीएस की टीम

रांची (आजाद सिपाही)। कोयला कारोबारी पर हुई गोलीबारी के बाद एटीएस एसपी ऋषभ झा के नेतृत्व में एटीएस की टीम बरियातू स्थित घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने गोलीबारी का लिया जिम्मा

रांची (आजाद सिपाही)। अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने कोयला कारोबारी विपिन मिश्रा पर गोलीबारी की घटना का जिम्मा लिया है। मयंक सिंह ने सोशल मीडिया पर प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि बिपिन मिश्रा पर हुए हमले की जिम्मेवारी लेता हूं। विपिन मिश्रा बच गया पर मेरी कोशिश जारी रहेगी। पूरे झारखंड में बिपिन मिश्रा के लिए काम करने वाले सभी-पेटी कांट्रैक्टर, सब कांट्रैक्टर और ट्रांसपोर्टर को चेतावनी है कि बिपिन मिश्रा का काम बंद करो। किसी भी दूसरे गिरोह के बल पर कितना दिन काम करोगे मिश्रा ?

उल्लेखनीय है कि साल 2020 में भी अमन साहू ने लेवी के लिए विपिन मिश्रा समेत तीन कारोबारी के हत्या की साजिश रची थी। चुटिया स्थित पावर हाउस के समीप एक घर में जुटे पांच शूटरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार


Mayank Singh is with Rahul Singh.
2m
^
Press Release ~07-Feb-25/Friday...

Bipin Mishra, पर Ranchi Bariatu में हुए हमले की जिम्मेवारी लेता हूँ...

Bipin Mishra, बच गया पर मेरी कोशिश जारी रहेगी...

पूरे JHARKHAND में, BIPIN MISHRA के लिए काम करने वाले सभी - पेटी कोंट्रैक्टर , sub - Contractor, Transporter को चेतावनि है की BIPIN MISHRA - का काम बंद करो.....

वर्ना एक - एक गोली मरूँगा...

किसी भी दूसरे गिरोह के बल पर कितना दिन काम करोगे Mishra.....????

~*MAYANK SINGH /RAHUL SINGH GANG*

अपराधियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया था कि बिपिन मिश्रा समेत तीन कोयला व्यवसायियों को मारने के लिए पूरी तैयारी की जा चुकी थी। बस इशारा मिलने की देर थी। गिरफ्तार शूटर अभिजीत कुमार सिंह उर्फ सेंटी सिंह ने पुलिस को बताया था कि अमन साव ने कोयला कारोबारी विष्णु अग्रवाल, राजेंद्र साव और विपिन मिश्रा की हत्या करने के लिए सुपारी दी थी।

## रांची में कोयला कारोबारी पर जानलेवा हमले का जल्द होगा खुलासा: डीजीपी



रांची। राजधानी रांची के चान्हो स्थित एक आश्रम में डबल मर्डर की घटना के दो दिन के भीतर रांची में दिनदहाड़े कोयला कारोबारी पर जानलेवा हमला से विधि-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गये हैं। यह मामला शुक्रवार को सदन में भी गूंजा। इस बीच विधानसभा आये सूबे के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा पर हमला करने वाले की पहचान हो गयी है। जल्द ही इस मामले का खुलासा कर दिया जायेगा। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि इंटरनेशनल नंबर से मैसेज आया था। उस नंबर को ट्रेस किया जा रहा है। एक बात साफ है कि इस मामले से गैंगस्टर मयंक सिंह से जोड़कर दिखाने की कोशिश हो रही है, लेकिन पुलिस ने साजिशकर्ता की पहचान कर ली है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जायेगा। दरअसल, शुक्रवार को करमटोली चौक से रिम्स के बीच बालिका उच्च विद्यालय वाली गली से जैसे ही कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा अपनी कार से आगे बढ़े तो पहले से घात लगाये अपराधियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी है। फायरिंग करने के बाद अपराधी फरार हो गये। बिपिन सिंह को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कारोबारी के ड्राइवर को भी गोली लगने की बात की जा रही है। हमला होने पर बिपिन मिश्रा के बाडीगार्ड ने भी जवाबी फायरिंग की है। वहीं डीजीपी ने बताया कि बुधवार की देर रात चान्हो स्थित आनंदशीला आश्रम के साधु मुकेश साह और राजेंद्र यादव हत्याकांड मामले में शामिल चार अपराधियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इनकी पहचान जितेंद्र यादव, अरविंद यादव, सूरज पाहन और अफरोज अंसारी के रूप में हुई है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से आश्रम से लूटे गये रुपये, चांदी की चेन और हत्या में इस्तेमाल हथियार भी बरामद हो चुका है। वारदात में शामिल दो अन्य अपराधियों की तलाश जारी है।

---

### ग्रामीण विकास विभाग की 9841 करोड़ 41 लाख 61000 रुपये की अनुदान मांग ध्वनि मत से पारित

# जल्द ही पेसा कानून लागू कर दिया जायेगा : दीपिका पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ग्रामीण विकास एवं ग्रामीण कार्य विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने विश्वास दिलाया है कि राज्य के जनजातीय इलाकों के लिए जल्द ही पेसा कानून लागू कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि 2022 में ही पेसा नियमावली बनायी गयी थी। उस पर कुल 262 सुझाव आये। इनमें 145 सुझावों को नियमावली में शामिल किया गया है। नियमावली को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री के साथ विमर्श के बाद इसे अंतिम रूप दे दिया जायेगा और राज्य में पेसा कानून लागू हो जायेगा। दीपिका पांडेय सिंह शुक्रवार को सदन में ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज और वन एवं पर्यावरण विभाग की अनुदान मांगों पर हुई चर्चा के बाद जवाब दे रही थीं। विपक्ष के बहिष्कार के बीच ग्रामीण विकास विभाग का 9841 करोड़ 41 लाख 61000 रुपये की अनुदान मांग को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया।

दीपिका पांडेय सिंह ने ग्रामीण कार्य विभाग की सड़कों को शेड्यूल रेट से कम पर लेकर पेटी कंट्रैक्ट के तहत काम कराये जाने की विकसित हो रही प्रवृत्ति पर रोक लगाने की दिशा में कदम उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस आशय का प्रस्ताव जल्द ही कैबिनेट में पास किया जायेगा। चर्चा के क्रम में सदस्यों का कहना था कि ठेकेदार बिलो रेट पर टेंडर ले रहे हैं। फिर उसे पेटी कंट्रैक्ट पर दे रहे हैं। इससे सड़क निर्माण की गुणवत्ता अच्छी नहीं हो रही है। साथ ही काम भी समय पर पूरा नहीं हो रहा है।



### विभाग के रिक्त पदों को जल्द ही भरा जायेगा

दीपिका पांडेय सिंह ने सदन को भरोसा दिलाया कि ग्रामीण विकास और कार्य विभाग की रिक्त पदों को जल्द ही भरा जायेगा। चाहे वह स्वीकृत सरकारी पद हैं या अनुबंध कर्मियों के पद।

### खुद लाभुक कर सकते हैं अबुआ आवास की जियो टैगिंग

मंत्री ने बताया कि अब अबुआ आवास के लाभुक खुद अपने मोबाइल से जियो टैगिंग कर सकते हैं। उन्हें पंचायत सचिव के चक्कर में नहीं फंसना होगा।

# सड़क पर हड़िया-दारू बेचना आदिवासी संस्कृति का प्रतीक नहीं : हेमंत सोरेन

### बाबूलाल मरांडी के सवाल पर मुख्यमंत्री ने सदन में दिया जवाब





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सड़क पर हड़िया-दारू बेचना आदिवासी संस्कृति का प्रतीक नहीं है। जो पूजा-पाठ में उपयोग होता है, वह बाजार में आ गया है। हम सभी मिल कर इसे दूर कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री सदन में शुक्रवार को प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी द्वारा हड़िया-दारू से संबंधित उठाये गये सवाल का जवाब दे रहे थे।

### क्या कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो पूजा-पाठ में उपयोग होता है, वह बाजार में आ गया है। पूरे देश के आदिवासी बहुल क्षेत्र में यह देखने को मिलता है। दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने भी कहा था कि ये पूजा-पाठ के अंतर्गत ही है। इस पर अंकुश लगाने के लिए फूलो-झानो योजना लायी गयी। जो सड़कों में दारू-हड़िया बेचती थीं, उनको इस योजना से जोड़ा गया। जब तक जेल नहीं गया था, तब तक 20 से 25 हजार महिलाओं को इससे जोड़ा गया। यह भी देखा गया कि आर्थिक सहायता मिलने के बाद भी पुन: इस व्यवसाय में वापस आने लगी। इस पर आगे ठोस कदम उठाये जायेंगे। इस पर मिलजुल कर काम करना होगा। इसे खत्म करने का प्रयास करेंगे। विपक्ष भी इस पर सुझाव दे।

### क्या कहा बाबूलाल ने

सदन में सदस्य हेमलाल मुर्मू ने बजट पर चर्चा के दौरान हड़िया-दारू का जिक्र किया था। इसके बाद बाबूलाल ने कहा कि आदिवासी समुदाय के लोग देवी-देवताओं को हड़िया-दारू चढ़ाते हैं, लेकिन हड़िया-दारू सड़क के किनारे बिकता है। आदिवासी संस्कृति में हड़िया-दारू सड़क के किनारे बेचना ठीक नहीं है। इससे आदिवासी संस्कृति का गलत मैसेज जाता है। इस पर कब तक अंकुश लगेगा। सरकार इसके लिए क्या कदम उठा रही है। यह सदन जानना चाहता है।

---

# पेसा कानून को लागू करें मुख्यमंत्री : हेमलाल मुर्मू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग के अनुदान मांग के कटौती प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू ने मुख्यमंत्री से राज्य में पेसा कानून को लागू करने की मांग की। उन्होंने पूर्व की रघुवर सरकार पर ग्राम सभा को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने ग्राम प्रधानों को गैरमजरूआ जमीन की रसीद काटने से रोका और इस जमीन का लैंड बना दिया। इससे भूमिहीन लोगों की जीविका छीन गयी। ऐसे लोग गैरमजरूआ और गोचर जमीन पर खेती कर जीवन यापन करते थे। उन्होंने सरकार से राज्य के 13 जनजातीय जिलों में पेसा कानून को सख्ती से लागू करने की मांग की। हेमलाल ने केंद्र सरकार पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इडी और सीबीआइ के जरिए प्रताड़ित कर पांच माह तक जेल में रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि झामुमो के एक कार्यकर्ता को भी 28 माह तक प्रताड़ित किया गया। विधायक ने सरकार से 10 प्रतिशत से अधिक से भी कम कोट करने वाले संवेदकों का टेंडर रद्द करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कई संवेदक 30 से 40 प्रतिशत कम कोट कर के टेंडर डालते हैं। इससे सड़कें घटिया स्तर की बनती हैं और जल्द टूट जाती हैं। उन्होंने इसे लेकर कैबिनेट में निर्णय लेने की मांग की।



### सामाजिक क्रांति से होगी शराबबंदी

हेमलाल मुर्मू ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने राज्य में शराबबंदी की आवाज को बुलंद किया। लेकिन इस सामाजिक बुराई को सामाजिक क्रांति के जरिए ही समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने सरकार की ओर से गांवों की प्रशिक्षित महिलाओं के लिए बाजार मुहैया कराने की मांग की। ताकि उनकी आय बढ़ सके।

## अबुआ आवास में बालू के लिए त्राहिमाम मचा हुआ है: कुशवाहा शशिभूषण मेहता

### ग्रामीण विकास विभाग के अनुदान मांग पर कटौती प्रस्ताव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने शुक्रवार को ग्रामीण विकास विभाग के 9841 करोड़ 41 लाख 61000 रुपये की अनुदान मांग पर कटौती प्रस्ताव लाया। इस दौरान शशिभूषण मेहता ने कहा कि अबुआ आवास में बालू के लिए त्राहिमाम मचा हुआ है। पीएम आवास योजना के तहत 1.20 लाख देने का प्रावधान है। इसे बढ़ाने पर राज्य सरकार को आग्रह करना चाहिए। अबुआ आवास के तहत एक लाख 45 हजार 886 आवास बनना था, जिसमें 24 हजार 249 आवास ही बना। मनरेगा का काम कागजों पर हो रहा है। अमानत नदी में 2017 में पुल निर्माण का काम शुरू हुआ था, पानी आया सब बह गया। आज 2025 हो गया न जांच हुई न कार्रवाई। फूलो-झानो योजना के प्रति लोगों को जागरूक नहीं कराया गया। पिछड़ों को 27 फीसदी आरक्षण मिलना चाहिए। कुशवाहा शशिभूषण में कहा कि पलामू में सड़क नहीं है। सड़क ऐसी है कि एक्सीडेंट हो जाने पर शव को सात से आठ किलोमीटर ले जाना पड़ता है। मनातू में पड़ैया आदिम जनजाति के लिए न बिजली है, न सड़क और न ही आधार कार्ड है। पांकी में पांच सड़क का टेंडर हुआ था, इसमें दो सड़क वित्त मंत्री के क्षेत्र की है। पिछले महीने कंपनी को डिबार भी कर दिया गया। एसडीआर तकनीक से सड़क का निर्माण होना था। अब तक सड़क नहीं बन पायी है।



### जन औषधि केंद्रों पर भाजपा सांसदों ने मनाया जन औषधि दिवस

# मोदी सरकार सस्ती स्वास्थ्य सेवा के लिए समर्पित : दीपक प्रकाश

### मार्च 2027 तक देश भर में 25000 औषधि केंद्र हो जायेंगे : आदित्य साहू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के निर्देश पर शुक्रवार को भाजपा के सांसद ने जन औषधि केंद्रों का अवलोकन किया। लाभुकों से बात की और सस्ती दवाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी प्राप्त की।

सांसद दीपक प्रकाश ने बताया कि मोदी सरकार जनता को सस्ती स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों से जनता को जन औषधि केंद्र पर सस्तीं दवाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। यह केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। प्रधानमंत्री ने 7 मार्च को जन औषधि दिवस घोषित किया है।

कहा कि देश भर 1 से 7 मार्च तक जन औषधि के प्रति जनता को जागरूक करने की दृष्टि से कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे। जिसमें सांसद, विधायक, जन प्रतिनिधियों के द्वारा जन औषधि केंद्रों पर जाकर जनता को जागरूक करना एवं विस्तृत जानकारी देने का कार्यक्रम चलाया जा रहा।



कहा कि जन औषधि केंद्रों पर 2047 जेनरिक और 300 सर्जिकल उत्पाद ब्रांडेड कंपनियों की दवाओं की तुलना में 70 से 80% सस्ते दामों पर उपलब्ध हैं जिसका लाभ जनता को प्राप्त करना चाहिए।

रिम्स परिसर स्थित जन औषधि केंद्र का अवलोकन करते हुए सांसद आदित्य साहू ने कहा कि देश भर में लगातार जन औषधि केंद्रों से दवा खरीदने के प्रति जनता जागरूक हो रही। क्योंकि दवाएं सस्ती हैं। यहां शुगर, बीपी, हृदय रोग, किडनी आदि की दवा सस्ते दामों में उपलब्ध है।

जिससे खासकर गरीबों को बड़ा लाभ मिल रहा।

कहा कि देश भर में प्रतिवर्ष जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ रही है। फरवरी 2025तक देश भर में 15 हजार जन औषधि केंद्र खुले हैं जिसकी संख्या मार्च 2027 तक 25000 हो जायेगी।

कहा कि जन औषधि केंद्रों ने पिछले दस वर्षों में देश का 30 हजार करोड़ रुपये बचाया है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
विशेष

# महिलाओं के सम्मान हेतु अनवरत कार्य कर रही अबुआ सरकार...



घर, परिवार, समाज की धुरी महिला को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने का सीधा अर्थ है देश और राज्य का स्वत: सुदृढ़ हो जाना। झारखण्ड के परिप्रेक्ष में देखें तो झारखण्ड सरकार ने इस गणित को समझा और कई सफल योजनायें बनाकर चरणबद्ध तरीके से आधी आबादी को आर्थिक स्वावलंबन देने का प्रयास कर रही है। महिलाएं अगर आर्थिक रूप से स्वावलंबी हो, तो वह अपने घर, समाज, प्रदेश को उन्नति के रास्ते पर ले जा सकतीं हैं। झारखण्ड की ग्रामीण आदिवासी महिलाएं आदिकाल से बहुत मेहनती रही हैं और लंबे समय से आर्थिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रहीं हैं। हेमन्त सरकार ने झारखण्ड की महिलाओं के इस कार्यशैली को और बेहतर करने का फैसला लिया और पिछले 5 सालों में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई सफल योजनाओं को धरातल पर उतारा है। सरकार की ओर से राज्य और राज्य के बाहर व्यापार में भागीदारी को सुनिश्चित करने, बालिका शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने, महिलाओं को पेंशन के जरिए आर्थिक मजबूती देने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। अभी सरकार द्वारा चलायी जा रही आधा दर्जन योजनाएं सिर्फ और सिर्फ महिलाओं की समृद्धि पर केंद्रित है।

## बेटियों को मिल रही सपनों की उड़ान



**किशोरियों की आर्थिक** जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से हेमन्त सरकार द्वारा प्रारंभ की गयी सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ सबसे अधिक ग्रामीण क्षेत्र में हो रहा है। ग्रामीण परिवेश की किशोरियों का स्कूल ड्राप आउट कई बार छोटी-छोटी आर्थिक जरुरत के पूरी ना होने की वजह से हो जाती थी। हेमन्त सरकार ने इस मामले को समझा और किशोरियों की आर्थिक जरूरत के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का उपहार दिया।

महिला प्रोत्साहन और उनकी शिक्षा में बेहतरी के प्रयास के रूप में इस योजना को देखा जा रहा है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से 10 लाख किशोरियों को जोड़ा गया है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत सरकार की ओर से कुल 5 बार में ₹40000 तक आर्थिक सहायता दी जाती है। यह सहायता वर्ग आठ से प्रारम्भ हो कर उनके 12वीं तक पहुंचने तक मिलती रहती है। इस योजना के तहत सरकारी स्कूल में वर्ग 8 से 12वीं तक की प्रत्येक स्कूली छात्रा को कक्षा आठ में 2,500, नौवीं में 2,500, 10वीं में 5,000, ग्यारहवीं में 5,000 और बारहवीं में 5,000 रुपये की सहायता उनके बैंक खाते में दी जाती है। जब किशोरी की उम्र 18 होने और उसका मतदाता पहचान पत्र बन जाये तो उसे एकमुश्त 20,000 रुपये दिया जाता है, ताकि छात्राएं उन रुपयों से आगे की पढ़ाई या कोई प्रशिक्षण ले कर स्वावलंबी बन सकें।

## महिलाओं को मिल रहा सम्मान

**झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान** योजना (JMMSY) हेमन्त सरकार का आधी आबादी के आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए एक कारगर कदम है जिसमें 18 से 50 वर्ष की महिलाओं को उनके रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए ₹2500 प्रतिमाह की आर्थिक सम्मान राशी दी जा रही है। योजना ने ग्रामीण इलाके के वित्तीय ढांचे को खूब मजबूती दी है। सरकार के इस सम्मान राशि का उपयोग ग्रामीण परिवेश के छोटे व्यवसाय के लेनदेन में खूब हो रहा है। इस योजना के लिए अगस्त 2024 में पूरे राज्य में कैम्प लगाकर आवेदन लेने का कार्य किया गया था। आवेदन फॉर्म और प्रक्रिया नि:शुल्क थी। योजना से राज्य की बहन-बेटियाँ स्वावलंबी और सशक्त बन रहीं हैं। झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना के लिए 2025-26 में ₹13 हजार 363 करोड़ 35 लाख का बजट रखा गया है।

> यह सुखद अनुभव है कि मेरी लाखों बहनों को मंईयां सम्मान योजना का सम्मान मिल रहा है। इस सम्मान के लिए यह भाई हमेशा आपके साथ है।






## महिलाओं के लिए स्वरोजगार के द्वार खुले

**स्वयं सहायता समूहों** को पलाश ब्रांड से जोड़कर उनके द्वारा उत्पादित वस्तुओं की ब्रांडिंग ने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए रोजगार के द्वार खोल दिये हैं। कोविड काल में विश्वव्यापी आर्थिक संकट का असर झारखण्ड पर भी पड़ा था लेकिन अब हालात सुधर रहे हैं जिसका जीता जागता उदाहरण पलाश ब्रांड है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के दिशा निर्देश पर क्रियान्वित किये जा रहे सफल प्रयास पलाश ब्रांडिंग एवं विपणन रणनीति के माध्यम से अब तक 50 विभिन प्रकार के उत्पादों को खुले बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। लगभग चार वर्ष से कम अवधी में लगभग 40 करोड़ से अधिक रूपए की सकल बिक्री की जा चुकी है। पलाश ब्रांड में अपने कृषि उत्पादों की आपूर्ति तथा अन्य प्रसंस्करण, पैकजिंग एवं बिक्री के कार्यों से अब तक राज्य के स्वयं सहायता समूहों की दो लाख से अधिक ग्रामीण महिलाएं जुड़ कर अपने आय में वृद्धि कर रहीं हैं तथा ग्रामीण अर्थवयवस्था को गति प्रदान करते हुए इसे मुख्यधारा से जोड़ रहीं हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों की पहचान बन चुकी पलाश ब्रांड को विशुद्ध व्यवयसायिक परिचालन हेतु "पलाश इंटरप्राइजेज कंपनी" का गठन किया जा रहा है। इस पूरी योजना का मूल ग्रामीण अर्थवयवस्था में तेजी लाने का लक्ष्य है। इन योजनाओं से झारखण्ड की लाखों महिलाओं को लाभ मिल रहा है पिछले 5 सालों में कोरोना काल के बावजूद महिलाएं आर्थिक मामलों में काफी समृद्ध हुई है।

**2019 से अब तक ₹10,111 करोड़ का क्रेडिट लिकेज। अब तक 2.59 लाख सखी मंडलों को बैंक क्रेडिट लिकेज से जोड़ा गया**

## महिला सशक्तिकरण को दिया जा रहा नया आयाम

### 10 गुना क्रेडिट लिकेज विगत साढ़े चार वर्ष में

ग्रामीण महिलाओं के उत्थान और उनके आर्थिक स्वावलंबन के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के विजनरी सोच का परिणाम है कि 2019 से पूर्व 09 वर्ष में सखी मंडल को जितना क्रेडिट लिंकेज दिया गया, उसका 10 गुना क्रेडिट लिंकेज विगत साढ़े चार वर्ष में मिला। यही नहीं सखी मंडल की संख्या में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वर्ष 2013 से 2019 तक एसएचजी को क्रेडिट लिंकेज के तहत 1,114 करोड़ की राशि दी गई, जबकि 2019 के बाद 30 जून 2024 तक 10,111 करोड़ की राशि सखी मंडल की महिलाओं को उनके सशक्तिकरण हेतु दी गई। वहीं 2013 से 2019 तक 2.45 लाख सखी मंडल की संख्या बढ़कर 30 जून 2024 तक 2.88 लाख हो गई।

ग्रामीण महिलाएं और अर्थव्यवस्था सशक्त हो, इसके लिए कृषि, पशुपालन, वनोपज, अंडा उत्पादन, जैविक खेती आधारित आजीविका से ग्रामीण परिवारों को आच्छादित किया जा रहा है। राज्य संपोषित झारखण्ड माइक्रोड्रिप इरिगेशन परियोजना के तहत करीब 31,861 किसानों को टपक सिंचाई तकनीक से जोड़ कर उन्नत खेती की जा रही है। इस परियोजना के तहत 30 हजार महिला किसानों को जोड़ने का लक्ष्य है।

### फूलो झानो आशीर्वाद अभियान

फूलो झानो आशीर्वाद अभियान की शुरुआत वर्ष 2020 में की गई है, इस अभियान का उद्देश्य महिलाएं जो मजबूरीवश दारू -हड़िया की बिक्री और निर्माण कार्य से जुड़ी थीं, उन्हें आजीविका के सम्मानजनक साधनों से जोड़ना था। इस कार्य में राज्य सरकार को सफलता मिली। इस अभियान से जुड़कर महिलओं ने सम्मान जनक आजीविका को अपनाया।

अभियान से 36 हजार से अधिक महिलाएँ वैकल्पिक आजीविका से अपना जीवन यापन कर रहीं हैं। हमारी सरकार महिलाओं को वैकल्पिक रोजगार के लिए 50 हजार रुपए तक का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध करा रही है।



## भारत सरकार द्वारा समाज कल्याण मंत्रालय को 1.18% का बजट आबंटित किया गया

झारखण्ड महिला एवं बाल विकास के लिए कुल बजट का व्यय करेगा **14%**

एवं अन्य राज्यों का आबंटित बजट

| उड़ीसा | बिहार | पश्चिम बंगाल | छत्तीसगढ़ |
|---|---|---|---|
| 6.20% | 2.77% | 2.31% | 1.06% |

## झारखण्ड ने बजट में आधी आबादी का रखा ध्यान

- झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना **₹13,363 करोड़**
- सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना/मुख्यमंत्री कन्यादान योजना **₹310 करोड़**
- मातृ किट वितरण योजना **₹60 करोड़**
- गर्भवती महिला की देखभाल के लिए **₹60 करोड़**
- पलाश मार्ट **₹30 करोड़**

PR 348113 (IPRD) 24-25

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 80,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 102,000 रु./प्रति किलो |



## रांची जीपीओ में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मना



रांची (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रांची जीपीओ पब्लिक हॉल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उदयभान सिंह, वरिष्ठ डाक अधीक्षक, रांची मंडल, रांची ने की। इस अवसर पर रांची डाक मंडल की महिला कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में रांची डाक मंडल के उप डाक अधीक्षक (डीएसपी) रांची डाक मंडल, रांची जीपीओ के वरिष्ठ पोस्टमास्टर और डाक निरीक्षक सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित किया गया और उनके सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया। उदयभान सिंह ने अपने संबोधन में कहा, महिलाओं के योगदान के बिना किसी भी संगठन की प्रगति अधूरी है।

## लीगली वीर : आधुनिक भारत में लीगल जस्टिस की बैलौस तस्वीर




रांची (आजाद सिपाही)। आधुनिक भारतीय सिनेमा में आज जिस तरह से न्याय और कानून का गला घोंटने वालों को ग्लैमराइज किया जा रहा है। उस परिप्रेक्ष्य में लीगली वीर एक सुखद और ताजगी भरी खुशबू लेकर सामने आयी है। फिल्म लीगली वीर इसलिए भी ताजी हवा का झोंका है क्योंकि आज भारतीय सिनेमा में सही और गलत के बीच की सीमा धुंधली होती होती जा रही। आपको बता दूं कि तेलुगु में शानदार प्रदर्शन के बाद बहुप्रतीक्षित सिनेमा लीगली वीर 7 मार्च को हिंदी डब के साथ बड़े पर्दे पर आने के लिए तैयार है। यह फिल्म भारतीय समाज में न्याय की विद्रुपताओं पर करारा चोट करती है जो दर्शकों के विचारों को उद्वेलित कर रख देती हैं। फिल्म लीगली वीर में वीर रेड्डी ने प्रमुख भूमिका निभाई है। यह फिल्म भारत के लीगल सिस्टम की वास्तविकताओं का जीवंत चित्रण हैं। यह सिर्फ कोर्टरूम में बहस-मुबाहिसों का प्रदर्शन भर नहीं है बल्कि इससे कहीं आगे जाकर यह तेजी से बदलते समाज में न्याय की तलाश कर रहे लोगों के संघर्ष को सामने लाती है। यह फिल्म कानून के रखवालों की नैतिक दुविधाएं, सत्य की तलाश करने वालों की चुनौतियों और सत्य के लिए अडिग होकर खड़े रहने वालों के प्रति रोमांचक अंदाज में एक सवाल पैदा करती है। साथ ही एक अलग नैरेटिव को पेश कर रही है। लीगली वीर के एक्टर वीर रेड्डी इस फिल्म में अपने रोल को लेकर कहते हैं यह फिल्म सिर्फ हमारे लीगल सिस्टम के बारे में नहीं है। यह उन लोगों के बारे में है जो भारत की जटिल लीगल सिस्टम की पेचिदगियों में फंसे हुए हैं। यह उन लोगों के संघर्षों की कहानी है। यह फिल्म न्याय की तलाश में इंतजार कर रहे लोगों की कहानी है। लीगली वीर कानून की दुनिया का अनफि ल्टर्ड झलक है, जहां हर बार सच को परखा जाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह फिल्म आपको न्याय प्रणाली पर सोचने को मजबूर जरूर करता है लेकिन आकर्षक और मनोरंजक भी है। वीर रेड्डी, प्रियांका रेवरी और तनुजा पुट्टस्वामी जैसे सितारों से भरी लीगली वीर का हिंदी रिलीज 7 मार्च को होगी।

### रांची विश्वविद्यालय का 38वां दीक्षांत समारोह संपन्न

# नवाचार और शोध पर विद्यार्थी ध्यान केंद्रित करें : राज्यपाल

दीक्षांत समारोह में 4410 छात्रों को डिग्री दी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल-सह-रांची विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चरित्र निर्माण, नैतिकता और समाज के प्रति संवेदनशीलता की सीख देती है। उन्होंने विद्यार्थियों से नवाचार, शोध और व्यावहारिक ज्ञान पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू मौजूद थे।

**बेटियों की सफलता और आत्मनिर्भरता :** राज्यपाल ने स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली बेटियों की सराहना करते हुए कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान ने बेटियों के लिए शिक्षा और आत्मनिर्भरता के नये द्वार खोले हैं।

**शोध और नवाचार पर जोर :** राज्यपाल ने झारखंड के प्राकृतिक संसाधनों के सतत विकास की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि रांची विश्वविद्यालय को जनजातीय समाज, पर्यावरण, जैव विविधता और पारंपरिक चिकित्सा जैसे विषयों पर अनुसंधान को बढ़ावा देना चाहिए। इस दीक्षांत समारोह में 4410 छात्रों को डिग्री दी गयी। इनमें 3291 छात्राएं और 1119 छात्र शामिल हैं। वहीं, समारोह में 63 गोल्ड मेडल बांटे गये, जिनमें 48 छात्राओं और 15 छात्र शामिल हैं। डिग्री प्राप्त करनेवाले छात्र-छात्राएं ड्रेस कोड में उपस्थित थे। लड़कों का पहनावा - सफेद पायजामा, धोती-कुर्ता और लड़कियों का परिधान लाल पाड़ की सफेद साड़ी-लाल ब्लाउज या सफेद सलवार-कुर्ता और लाल दुपट्टा था। इस मौके पर कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। डॉ गुरुचरण साहू, रजिस्ट्रार रांची विवि ने कार्यक्रम में सराहनीय भूमिका निभाई।



### राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में न्यू इंडिया और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की दिशा में हो रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने युवाओं से विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपना योगदान देने की अपील की। झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हू, फूलो-झानो, नीलांबर-पीतांबर जैसे वीरों के संघर्ष केवल इतिहास नहीं, बल्कि प्रेरणा के स्रोत हैं।

## संजय सेठ के आवास पर होली मिलन समारोह कल



रांची (आजाद सिपाही)। रविवार 9 मार्च को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर होली मिलन समारोह सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। होली मिलन समारोह कार्यक्रम पिस्कामोड़ स्थित माननीय केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर रखा गया है। इस अवसर पर 9 मार्च रविवार को होली का रंगारंग कार्यक्रम, रंगारंग सांस्कृतिक सहित भजनों के आनंद संग होली के गीत सहित हास्य कविताओं का आयोजन किया गया है। यह आयोजन 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया गया है। इस अवसर पर मोटे अनाज के व्यंजन का भी लुफ्त हम उठा सकेंगे।

## आदि शक्ति श्री जीण माता का वार्षिकोत्सव आज से




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आदि शक्ति श्री जीण माता का दो दिवसीय 15वां वार्षिकोत्सव 8 और 9 मार्च को श्री जीण माता प्रचार समिति रांची द्वारा स्थानीय मारवाड़ी भवन परिसर हरमू रोड में मनाया जायेगा। शनिवार को आदि शक्ति श्री जीण माता की निशान यात्रा सेवा सदन पथ लक्ष्मी नारायण मंदिर से दोपहर 2 बजे से प्रारंभ हो कर नगर भ्रमण करते हुए मारवाड़ी भवन पहुंचेगी। जहां सभी निशान आदि शक्ति श्री जीण माता को अर्पित किये जायेंगे। इस निशान यात्रा में 501 निशान उठाये जायेंगे।

सभी निशान लक्ष्मी नारायण मंदिर से वितरित किये जायेंगे। इस निशान यात्रा का संचालन मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा द्वारा किया जायेगा जिसका नेतृत्व अध्यक्ष आशीष अग्रवाल एवं उनकी टीम द्वारा किया जायेगा। 9 मार्च को सुबह 10 बजे श्री जीण माताजी का अभिषेक उत्सव के मुख्य संयोजक विजय पालड़ीवाल एवं सह संयोजक ओम प्रकाश अग्रवाल द्वारा सपरिवार किया जायेगा। अभिषेक के उपरांत भगवान श्रीगणेश का पूजन होगा। इसके बाद दोपहर 1 बजे से शक्ति मंगल पाठ 800 महिलाओं द्वारा किया जायेगा। मंगल पाठ के वाचन और भजन गायन हेतु जीणधाम से आनंद जी पाराशर, भागलपुर से राहुल सोनी एवं धनबाद से तानिया अग्रवाल आ रहे हैं। इस मंगल पाठ के आयोजन में श्री जीण जन्मोत्सव मनाया जायेगा। विशेष आकर्षण के रूप मे माता को 51 फिट का गजरा एवं 181 फिट की चुनड़ी अर्पित की जायेगी। शक्ति मंगल पाठ का समापन रात्रि 8 बजे महाआरती से होगा। इस वार्षिकोत्सव के निशान एवं मंगल पाठ का कूपन 3 मार्च 2025 से मारवाड़ी भवन में अपराह्न 3 बजे से संध्या 6 बजे तक वितरित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष विजय पालड़ीवाल , सचिव नारायण विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष बजरंग सोमानी, सह सचिव प्रदीप शर्मा, संदीप शर्मा, संदीप अग्रवाल, रमेश सोमानी, कृष्णा अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, संदीप विजयवर्गीय, सुनीता मित्तल, कविता सोमानी, शीतल अग्रवाल, ऊषा शर्मा, संगीता अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, नीरा शर्मा, निधि विजयवर्गीय, नेहा सिंघानिया, सविता शर्मा, नेहा शर्मा आदि सदस्य सहयोग कर रहे हैं।

## सीसीएल में महिला दिवस मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीसीएल के गंगोत्री सभागार में महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सीएमडी सीसीएल नीलेंदु कुमार सिंह, निदेशक वित्त पवन कुमार मिश्रा, निदेशक कार्मिक हर्ष नाथ मिश्रा, निदेशक तकनीकी संचालन हरीश दुहान, निदेशक तकनीकी परियोजना एवं योजना चंद्रशेखर तिवारी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त सीसीएल की प्रथम महिला प्रीति सिंह और इंदु मिश्रा, शशि दुहान, रीता मिश्रा, रूपा कुमारी, रीता तिवारी ने कार्यक्रम से सम्मिलित हो कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर झारखंड की लेडी टारजन के रूप में मशहूर पद्मश्री चामी मुर्मू एवं प्रीति सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड की प्रसिद्ध आइएएस अधिकारी किरण कुमारी पासी उपस्थित थीं। सीसीएल के विभिन्न कार्यक्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को पुरस्कार दिया गया। गांधीनगर की छात्राओं द्वारा महिला सशक्तिकरण पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन सुचंद्रा सिन्हा द्वारा किया गया।

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

**प्रिय आँगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका बहनों,**

**आप सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च, 2025 की हार्दिक शुभकामनाएँ।**

आज इस शुभ अवसर पर मैं अपने प्रिय आँगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका बहनों को राज्य के प्रति आपकी समर्पित सेवा के लिए दिल से सराहना करने के साथ-साथ अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का मुख्य थीम Accelerate Action रखा गया है, जिसका मुख्य भाव महिलाओं के अधिकारों, लैंगिक समानता तथा सम्पूर्ण विकास को तेज गति देने पर जोर देता है। हमारी आँगनबाड़ी सेविकाएँ एवं सहायिका बहनों के द्वारा इस थीम को पूर्ण रूप से सार्थक करते हुए तन-मन से राज्य हित में कार्य किया जा रहा है। आँगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से समुदाय की सेवा में आपके अटूट, सम्पूर्ण और निरंतर प्रयासों के लिए अबुआ सरकार आपका आभारी है।

हमारे लिए बहुत गर्व का विषय है कि महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के अन्तर्गत कुल- 37876 सेविकाएँ, 34941 सहायिकाएँ एवं 679 महिला पर्यवेक्षिकाएँ क्षेत्रीय कार्यकर्त्ता के रूप में समाज में समान अवसर का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण देते हुए निरंतर कार्यरत हैं।

आज आँगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से नियमित स्वास्थ्य जाँच, वृद्धि निगरानी, टीकाकरण तथा कुपोषण प्रबंधन के माध्यम से मातृ मृत्युदर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आयी है, जो काफी गौरवान्वित करता है। पोषण जैसे महत्वपूर्ण विषय को जन आंदोलन का रूप देकर कुपोषण मुक्त झारखण्ड की कल्पना को साकार करने की यात्रा में आप महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहीं हैं।

उल्लेखनीय है कि आज झारखण्ड राज्य में 154186 गर्भवती महिलाओं, 121655 धात्री माताओं तथा 1323217 छः माह से तीन वर्ष के बच्चों को पोषक तत्व से भरपूर शिशु आहार, पौष्टिक मीठा दलिया एवं नमकीन दलिया नियमित रूप से आँगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही, 3 से 6 वर्ष के बच्चों को गर्म ताजा पका हुआ भोजन के साथ-साथ अण्डा भी उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे कि बच्चों का विकास सही ढ़ग से हो सके तथा वे राज्य निर्माण में अपना सम्पूर्ण योगदान दे सकें।

आज के Digital युग में हमारी आँगनबाड़ी सेविकाएँ तथा महिला पर्यवेक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए जल्द ही उन्हें Smart Phone उपलब्ध कराया जाएगा।

आपके द्वारा कई महत्पूर्ण योजनाओं यथा-सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना, पोषण अभियान योजना, पेंशन योजना, नि:शक्त कल्याणार्थ योजना, सामुहिक कुरीति निवारण योजना, विधवा पुनर्विवाह योजना का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिससे कि जनसमुदाय को इन योजनाओं का लाभ ससमय मिल सके। साथ ही, बी.एल.ओ. के रूप में आपके अथक प्रयासों के कारण राज्य भर में मतदाताओं का समावेशीकरण हुआ है एवं चुनाव पर्व में लोगो ने बढ़-चढ़ कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

आज इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आपकी मेहनत और लगन के साथ-साथ महिलाओं के सम्पूर्ण विकास, सशक्तिकरण तथा समान अवसर दिलाने की दिशा में आईए मिल कर हमसब प्रयास करें ताकि **अबुआ झारखण्ड-स्वस्थ और सुपोषित झारखण्ड बन सके।**

**आपका आभार और धन्यवाद !**

शुभकामनाओं सहित




**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR 348116 (Women, Child Development & Social Security) 24-25

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

## महत्वपूर्ण खबरें

### 20 महिला लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र दिया गया



रांची (आजाद सिपाही)। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआइएल) के स्वर्ण जयंती समारोह के एक हिस्से के रूप में सीएमपीडीआइ द्वारा शुक्रवार को अपने क्षेत्रीय संस्थान-2, धनबाद में 20 महिला लाभार्थियों को पाठ्यक्रम पूर्णता प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। मौके पर क्षेत्रीय संस्थान-2-धनबाद के क्षेत्रीय निदेशक संजीव एम सिंह ने सामाजिक निगमित दायित्व (सीएसआर) पहल के तहत चिकित्सा उपकरण सहायक तकनीशियन के रूप में 4 महीने का प्रशिक्षण प्राप्त 20 महिला उम्मीदवारों को राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) प्रशिक्षण पूर्णता प्रमाण-पत्र और 6 महिला उम्मीदवारों को कार्य (जाब) का प्रस्ताव पत्र सौंपा। कोल इंडिया के क्षेत्राधीन (कमांड एरिया) महिला के बीच स्वास्थ्य सेवा शिक्षा को बढ़ावा देने और रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए सीएमपीडीआइ ने प्रमिथ फाउंडेशन, धनबाद के साथ मिलकर झरिया कोलफील्ड क्षेत्रों की 20 महिलाओं को चिकित्सा उपकरण सहायक तकनीशियन का प्रशिक्षण प्रदान किया था। सभी महिलाओं को हेल्थकेयर सेक्टर स्किल काउंसिल, नयी दिल्ली द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार 510 घंटे का प्रशिक्षण मिला था। यह पहल सीएमपीडीआइ के सामाजिक निगमित दायित्व (सीएसआर) प्रयासों का एक हिस्सा है और यह क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने और स्वास्थ्य सेवा पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### अकादमी की बैठक में लिये गये कई निर्णय




रांची (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को राजकीय अतिथिशाला में झारखंड साहित्य अकादमी की बैठक हुई। बैठक में सभी जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के समन्वयक उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता अकादमी के अध्यक्ष सूर्य सिंह बेसरा द्वारा की गयी। बैठक में मुख्य रूप प्रत्येक महीने अकादमी की बैठक हो, केजी टू पीजी तक पाठ्यक्रम बनाने और नौ भाषाओं के समन्वयक को ग्यारह-ग्यारह सदस्य बनाने के साथ साहित्यकार एवं लेखक, छात्रों को जोड़ने के विषय पर चर्चा हुई। कमिटी में कुड़ुख भाषा के समन्वयक सहायक प्राध्यापक विकास उरांव, कुड़माली समन्वयक डॉ गुलांचो कुमारी एवं खोरठा समन्वयक संदीप कुमार महतो को बनाया गया। साथ ही कैशियर सहायक सोनू, मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता डॉ अमित कुमार, वहीं एडवाइजरी कमिटी में प्रो मनय मुंडा को बनाया गया। इस बैठक में मूल रूप से डॉ सबिता केशरी, डॉ खालिक अहमद, डॉ बीरबल महतो, डॉ सरस्वती गागराई, डॉ गजाधर महतो प्रभाकर, डॉ बीरेंद्र कुमार महतो, डॉ अमित कुमार, डॉ डूमनी माई मुर्मू, डॉ अजित मुंडा, चंद्र किशोर केरकेट्टा, डॉ दीनबंधु महतो, रतन कुमार महतो आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता डॉ अमित कुमार ने दी।

### श्री महावीर मंडल रांची ने होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया




रांची (आजाद सिपाही)। श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब रांची में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया । यह आयोजन श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब रांची के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस समारोह में श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष हीरालाल साहू, पूर्व अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, पूर्व मंत्री कैलाश केसरी, ललित ओझा, राकेश सिंह सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। श्री महावीर मंडल रांची के सभी पदाधिकारियों का स्वागत अबीर-गुलाल लगाकर किया गया। मिश्रा ने सभी अखाड़ाधारियों एवं नेतृत्वकर्ताओ का अभिवादन किया और श्री रामनवमी मोहत्सव 2025 को ऐतिहासिक रूप से मनाने का निर्णय लिया। मिश्रा ने सभी से श्री रामनवमी महोत्सव 2025 की तैयारी शुरू करने का आवाहन किया और होली के बाद प्रथम मंगलवार 18 मार्च को प्रथम मंगलवारी जुलूस की तैयारी करने का आवाहन किया।

### डीपीएस की वैष्णवी को ऑल इंडिया 12वीं रैंक मिली



रांची (आजाद सिपाही)। डीपीएस रांची की कक्षा बारहवीं की छात्रा वैष्णवी स्वधा ने अंडरग्रेजुएट कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन फॉर डिजाइन 2025 में प्रभावशाली ऑल इंडिया रैंक 12 प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। अंडरग्रेजुएट कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन फॉर डिजाइन परीक्षा का आयोजन आइआइटी, बॉम्बे द्वारा बैचलर ऑफ डिजाइन कोर्स में नामांकन हेतु किया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ आरके झा ने वैष्णवी को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा, अंडरग्रेजुएट कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन फॉर डिजाइन में उनकी उल्लेखनीय सफलता के लिए वैष्णवी स्वधा को हार्दिक बधाई। नि:संदेह उनकी उपलब्धि हमारे छात्रों की प्रतिभा और क्षमता का एक शानदार उदाहरण है। हमें उन पर गर्व है और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

www.epaper.azadsipahi.in

08 मार्च, 2025
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 139

रेलवे महिला कल्याण संगठन ने 28 महिला कर्मियों को सम्मानित किया



## जो कहते हैं, वह करते हैं : हेमंत सोरेन

# महिलाओं को होली की सौगात खाते में चली जायेगी सम्मान राशि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को सदन में बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि हम जो कहते हैं, वह करते हैं। मंईयां सम्मान योजना की राशि में विलंब का संदर्भ पहले ही बता दिया गया है। कुछ विसंगतियां थी, जिसे दूर कर लिया गया है। कल महिला दिवस भी है, आगे होली का पर्व है। रमजान भी है और वाहा पर्व भी है। राज्य की सभी महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान हो, इसके लिए होली से पहले तक उनके खाते में मंईयां सम्मान योजना की राशि चली जायेगी। सरकार बताते चलें कि सदन में सदस्य मंगल कालिंदी समेत अन्य सदस्यों ने शुक्रवार को एक बार फिर मंईयां सम्मान की राशि नहीं मिलने की बात उठायी थी, जिस पर मुख्यमंत्री ने जवाब दिया।

### महिला विधायकों को सीएम ने दी शुभकामनाएं



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में झारखंड विधानसभा की महिला सदस्यों (विधायक) ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा में आपकी उपस्थिति मात्र से ही नारी शक्ति को बल मिलता है। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, आप सभी सदन में महिलाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन और सशक्तिकरण की आवाज हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी की भागीदारी से ही देश, राज्य और समाज के सर्वांगीण विकास का रास्ता खुलता है। सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुझे इस बात का गर्व है कि झारखंड की महिलाओं ने हर क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल कर राज्य का नाम रोशन किया है।इस अवसर पर मंत्री दीपिका पांडेय, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक कल्पना सोरेन, डॉ नीरा यादव, लुइस मरांडी, सविता महतो, रागिनी सिंह, ममता देवी, पूर्णिमा दास साहू, श्वेता सिंह और मंजू कुमारी मौजूद थीं।

# सीता सोरेन के सिर पर पूर्व पीए ने पिस्टल तानी

## सुरक्षाकर्मियों ने जान बाचयी, हमलावर जेल में

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन की बड़ी बहू और भाजपा नेत्री सीता सोरेन गुरुवार देर रात जानलेवा हमले में बाल-बाल बच गयीं। सीता के पूर्व पीए देवाशीष घोष ने उन पर गोली चलाने की कोशिश की। गोली चलाने से पहले ही सुरक्षाकर्मियों ने उसे दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। शुक्रवार को उसे धनबाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बतातें चलें कि सीता सोरेन जामा की पूर्व विधायक हैं। बीते साल वह भाजपा में शमिल हुईं थी।

**क्या है मामला:** जानकारी के अनुसार सीता सोरेन गुरुवार को सरायढेला थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह में शामिल होने यहां पहुंची थीं। वह एक होटल में रुकीं। शादी समारोह से लौट कर जब वह होटल के कमरे में गयीं, तो वहां पहले से मौजूद देवाशीष ने उन्हें गोली मारने के लिए पिस्टल तान दिया। वह गोली चला पाता, इसके पहले ही सीता सोरेन के सुरक्षा गार्ड ने उसे पकड़ लिया।
इसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस मौके पर पहुंची और देवाशीष को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से दो पिस्टल बरामद किये गये।



### चुनाव में पैसे के लेन-देन पर हुई तनातनी

घटना की पुष्टि करते हुए डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम ने बताया कि सीता सोरेन के पीए देवाशीष घोष के खिलाफ सीता सोरेन पर पिस्टल तानने की प्राथमिकी दर्ज की गयी है। डीएसपी ने कहा कि रांची से कतरास शादी समारोह में आने के क्रम में गाड़ी देवाशीष घोष ही ड्राइव कर रहा था। उनके कार्यकर्ता को मालूम था कि देवाशीष घोष के पास हथियार है। शादी समारोह में शामिल होने के बाद सरायढेला स्थित सोनोटल होटल के कमरा नंबर 618 में पिछले विधानसभा चुनाव को लेकर को लेकर उसकी सीता सोरेन के साथ कुछ कहासुनी हो गयी। इसी दौरान देवाशीष ने सीता सोरेन पर पिस्तौल तान दिया। उनके सुरक्षाकर्मियों ने देवाशीष को दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

# नेता प्रतिपक्ष बने बाबूलाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने शुक्रवार को बाबूलाल मरांडी को नेता प्रतिपक्ष घोषित कर दिया है। इससे पहले सदन के बजट सत्र की कार्यवाही लगातार आठ दिन तक बिना नेता प्रतिपक्ष के चली। विधानसभा अध्यक्ष की इस घोषणा का सदन में मौजूद सभी विधायकों ने मेज थपथपा कर स्वागत किया। बताते चलें कि गुरुवार को केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया था। इसकी सूचना विधानसभा अध्यक्ष को दी गयी थी।



Dr. Ranjana Swaroop
Director (Academic)
To the women who light up the world with their strength and grace, may your international women's day be as extraordinary as you are.
Happy Women's Day
SHARDA GLOBAL SCHOOL
Bukru, Kanke, Ranchi


## मनमोहन सिंह के नाम पर होगा बेंगलुरु सिटी विश्वविद्यालय

बेंगलुरु (आजाद सिपाही)। कर्नाटक सरकार बेंगलुरु सिटी यूनिवर्सिटी का नाम बदलकर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के सम्मान में डॉ मनमोहन सिंह विश्वविद्यालय करेगी। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बजट भाषण में यह घोषणा की। बेंगलुरु सिटी यूनिवर्सिटी की स्थापना 2017 में हुई थी। यूनिवर्सिटी का नाम सबसे पहले 2020 में बदला गया था। अब 2025 में फिर से नाम बदला जायेगा। इससे पहले उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने पहले ही बेंगलुरु विश्वविद्यालय में मनमोहन सिंह के योगदान पर एक शोध केंद्र बनाने की बात कही थी।


Development Commissioner (Handicrafts) Ministry of Textiles, Govt. of India
CCDS
हस्तशिल्प सेवा केन्द्र, राँची
एवं
छोटानागपुर क्राफ्ट डेवलपमेन्ट सोसाईटी
की प्रस्तुति
गांधी शिल्प बाजार-2025
संपूर्ण भारतवर्ष के हस्तशिल्प का अनोखा महाकुंभ

प्रदर्शनी सह- बिक्री
प्रवेश निःशुल्क
स्थान : पुराना विधान सभा मैदान, सेक्टर-2, H.E.C. एरिया
दिनांक : 1 मार्च से 10 मार्च 2025 तक
प्रायोजक : विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली
आयोजक : छोटानागपुर क्राफ्ट डेवलपमेंट सोसाईटी हवाई नगर, राँची, झारखंड



RAMA NURSING HOME
ONE STOP DESTINATION FOR WOMEN & CHILD HEALTHCARE

Dr. Mrs. Rama Sharma
M.B.B.S. (Ranchi)
Senior Consultant
Obstetrician & Gynaecologist
Mob.: 82103 57290

Dr. Ajit Kumar Sharma
M.B.B.S. DOH
Neonatologist & Paediatrician
Mob.: 93041 74789
Facilities available:
- New born Facility:
- Child care centre
- Obstetrics & Gynecologist
- Ultrasonography
- X-Ray
- Vaccination facilities
- Ortho centre
- Eye centre
- 24 hrs ambulance facilities
24/7 HOURS SERVICE

Timing:-
9.00 A.M to 3:00 P.M (Everyday)


Add.: Mahatma Gandhi Main Rd, Near Avn Grand Hotel, Main Road, Ranchi, Jharkhand- 834001



माह-ए-रमजान
इफ्तार 5:57 शाम शनिवार
सेहरी 4:50 सुबह रविवार
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR



FLORENCE GROUP OF INSTITUTIONS
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
M.Sc. Nursing
Post Basic B. Sc. Nursing
B.Sc. Nursing
GNM (General Nursing And Midwifery)
ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
BMLT
DMLT
OT ASSISTANT
ECG
OPHTHALMIC ASST.
CRITICAL CARE (ICU)
RADIO-IMAGING
ANESTHESIA TECH.
DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
D-PHARM
B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com



झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

संतोष कुमार गंगवार
राज्यपाल, झारखण्ड

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
पर समस्त नारी शक्तियों को हमारा
जोहार एवं अभिनन्दन

तू ही शक्ति,
तू ही सृष्टि,
कैसे करूं तुम्हारा वंदन,
तुझसे ही जग की अभिव्यक्ति!
महिला, जिनके बिना परिवार,
समाज, देश और इस संसार की
कल्पना ही नहीं की जा सकती,
जिनके अस्तित्व को कोई चुनौती
ही नहीं दे सकता,
उन्हें सदैव नमन

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
P.R.348063 (IPRD) 24-25

# युवक की गला रेतकर हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** सरायकेला-खरसावां जिले के कपाली ओपी थाना क्षेत्र के कमारगोड़ा फॉरेस्ट एरिया में एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने इस मामले में 24 घंटे के भीतर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रेस कांफ्रेंस के जरिये अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार सिन्हा ने बताया कि छह मार्च 2025 को सुबह 7 बजे पुलिस को सूचना मिली कि कपाली ओपी क्षेत्र के कमारगोड़ा फॉरेस्ट एरिया के पास एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गयी है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान शिवम कुमार सिंह (19 वर्ष), पिता जयराजन सिंह, निवासी न्यू ग्वाला बस्ती, सोनारी, जमशेदपुर के रूप में की गयी। मृतक के भाई शुभम कुमार सिंह के लिखित आवेदन पर चांडिल (कपाली ओपी) थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गयी। पुलिस छापामारी दल का गठन किया गया। तकनीकी और मानवीय साक्ष्य के आधार पर 24 घंटे के भीतर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में राहुल दास (21 वर्ष) और मो आसिफ उर्फ आसिफ खान (21 वर्ष) शामिल है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर अपराध में प्रयुक्त एक चापड़ (तेज धारदार हथियार), घटना में प्रयुक्त स्कूटी और, मोटरसाइकिल, दो स्मार्टफोन और अभियुक्त राहुल दास का खून से सना चप्पल आदि बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पुलिस पूछ-ताछ में अपराध स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हथियार और अन्य साक्ष्य जब्त किये गये। दोनों अभियुक्तों को सात मार्च 2025 को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापामारी दल में चांडिल एसडीपीओ अरविंद कुमार बिन्हा, चांडिल सर्कल इंस्पेक्टर अजय कुमार, कपाली ओपी प्रभारी सोनू कुमार, एसआइ कौशल कुमार, एसआइ हीरालाल मुंडु, एएसआइ अब्दुल रज्जीक, एएसआइ मो वसीर खान और कपाली ओपी सशस्त्र बल शामिल थे।

## सड़क निर्माण की मांग को लेकर सीएम से मिलीं सविता महतो, सौंपा मांगपत्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** ईचागढ़ के विधायक सविता महतो नें ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सड़क निर्माण के मांग को लेकर शुक्रवार को झारखंड विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में उन्होंने रांगामाटी टीकर भाया मिलनचौक 19 किमी सड़क को फोर लेन निर्माण करने, चांडिल प्रखंड के डोबो फुटबॉल मैदान से पारडीह काली मंदिर 8 किमी सड़क का निर्माण करने, कांड्रा चांडिल गोलचक्कर से गिद्धिबेड़ा तक 6.3 किमी सड़क का निर्माण करने और कांड्रा खुंटी ईचागढ़ पथ 8.9 किमी सड़क का निर्माण का मांग किया। मुख्यमंत्री ने विधायक को आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी सड़को का निर्माण कराया जायेगा। उक्त बात की जानकारी विधायक के आप्त सचिव काबलु महतो महतो नें दी।

## कल्याण गुरुकुल में नियुक्ति पत्र वितरण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी और खूंटी की अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी ने कहा कि बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने में चंद्रपुर, तोरपा का कल्याण गुरुकुल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, लेकिन खूंटी जैसे जनजातीय बहुल जिले में महिलाओं के लिए भी प्रशिक्षण और उन्हें रोजगार मुहैया कराने क दिशा में पहल करने की जरूरत है। अनुमंडल पदाधिकारी शुक्रवार को कल्याण गुरुकुल तोरपा में आयोजित बैच नंबर 77 के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को बताओ मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी। दीपेश कुमारी ने कहा कि खूंटी जिले में महिला कल्याण गुरुकुल इसलिए भी जरूरी है कि इस क्षेत्र में सबसे अधिक मानव तस्करी होती है और तस्करी की शिकार अधिकतर इस क्षेत्र की लड़कियां ही होती हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि तोरपा के प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा ने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों को कल्याण गुरुकुल में संचालित प्रशिक्षण का लाभ लेकर कर रोजगार की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। इसके पूर्व कल्याण गुरुकुल पहुंचने पर प्राचार्य किशोर चंद्र मोहती ने अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर 23 युवाओं को नियुक्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इन सभी को बेंगलुरु में नौकरी मिली है। कल्याण गुरुकुल की उपलब्धियां की जानकारी देते हुए वरीय प्राचार्य किशोर चंद्र मोहती ने बताया कि परीक्षा फाउंडेशन कल्याण विभाग झारखंड की विशेष प्रयोजन वाहिनी के रूप में कल्याण गुरुकुल कार्यरत है। उन्होंने बताया कि पिछले 13 वर्षों में प्रेक्षा फाउंडेशन ने 40000 से अधिक युवाओं को रोजगार देकर उनकी पारिवारिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार किया है। उन्होंने बताया कि झारखंड में 28 कल्याण गुरुकुल, आठ एएनएम नर्सिंग कॉलेज और एक आइटीआइ कौशल कॉलेज का संचालन किया जा रहा है।

## खलारी प्रखंड कमिटी का हुआ गठन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सरहुल पूजा को लेकर सरना समिति खलारी प्रखण्ड की बैठक सरना पूजा स्थल महावीर नगर कमाती धौड़ा में शुक्रवार को ग्राम प्रधान विनोद पाहन की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से सामुहिक रूप से महासरहुल पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही बताया गया कि महासरहुल को लेकर एक अप्रैल को भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी। शोभा यात्रा में विभिन्न गांव के अखाड़े कमाती धौड़ा सरहुल पूजा स्थल पहुंचेंगे और वहां से गाजे-बाजे के साथ थाना चौंक, शहीद चौंक, केडी मुख्य बाजार होते हुए चदरा धौड़ा पहुंचेगी। वहां पर सामुहिक समापन समारोह आयोजित किया जायेगा। विभिन्न जगहों से आये अखाड़ों को पुरस्कृत कर समारोह के समापन की घोषणा की जायेगी। बैठक के अंत में कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर खलारी प्रखंड स्तरीय सरना समिति का गठन किया गया। समिति में संरक्षक खलारी प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, मुखिया तेजी किसपोटा, रंथु उरांव, रामलखन गंझू,बहुरा मुंडा, देवपाल मुंडा,अमृत भोगता, सुनीता देवी, पारस उरांव, दीपमाला कुमारी, शीला कुमारी, ललिता देवी, अध्यक्ष राजकुमार उरांव, उपाध्यक्ष निभा उरांव, योगेंद्र मुंडा, विजय उरांव, सुकरा उरांव, छोटन भोगता, श्रवण भोगता सचिव शशि मुंडा, सह सचिव किशुन मुंडा,राहुल गंझु,नीरज उरांव कोषाध्यक्ष सुभाष उरांव, सहकोषाध्यक्ष अजीत उरांव और सदस्यों में कई लोगों का नाम शामिल है।

## बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में दिल की जांच की




**बुंडू (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग, कोल इंडिया लिमिटेड और श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल के संयुक्त प्रयास से बुंडू प्रखंड में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत नन्हे दिलों की जांच की गयी। इस कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने 0 से 15 वर्ष के 551 बच्चों की हृदय संबंधी बीमारियों और लक्षणों की जांच की। चिकित्सकों ने राजकीय मध्य विद्यालय तैमारा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नावाडीह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय एदलहातु और राजकीय मध्य विद्यालय राजेंद्र आश्रम में विशेष शिविर आयोजित किया। जांच के दौरान चार बच्चों में हृदय रोग के संभावित लक्षण पाये गये, जिन्हें आगे की चिकित्सा जांच और उपचार के लिए रेफर किया गया।

## पिकअप वैन के पलटने से चालक की मौत, गाड़ी मालिक से मुआवजे की मांग

**सोनाहातु।** थाना क्षेत्र के जामुदाग निवासी लक्ष्मण कोइरी की पिकअप वैन के पलटने से मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार, लक्ष्मण कोइरी पुआल लादकर तमाड़ से रांची जा रहे थे, तभी नामकुम थाना क्षेत्र के सरवल रिंग रोड के पास उनकी पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिस में दबकर मौके पर ही चालक लक्ष्मण कोइरी की मौत हो गयी। घटना के बाद स्थानीय लोग और मृतक के परिजन हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे। मृतक के परिजन गाड़ी के मालिक राम साहू के घर के बाहर शव रखकर मुआवजे की मांग कर रहे थे। इस दौरान परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष के शोकाकुल परिजनों से मिले राज्यसभा सांसद, बंधाया ढांढस

### चितरंजन महतो का जाना पार्टी और समाज के लिए अपूरणीय क्षतिः आदित्य साहू



आजाद सिपाही संवाददाता

**राहे।** शुक्रवार को भाजपा राहे मंडल अध्यक्ष चितरंजन महतो के असामायिक निधन पर गमगीन परिजनों से मिलने राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू उनके मृतक गांव डोकाद पहुंचे। सांसद ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि चित्तरंजन महतो का जाना अपूरणीय क्षति है। साहू ने कहा कि बहुत ही कर्मठ और निष्ठावान कार्यकर्ता थे। पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए सांसद ने आश्वशत किया कि जब उनकी आवश्यकता होगी वे हरसंभव मदद का प्रयास करेंगे। मौके पर भाजपा प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज, अमरनाथ चौधरी, मेघनाथ महतो, ज्योति प्रसाद, युधिष्ठिर महतो, मनोज कुमार महतो भी मौजूद रहे।

## मैकलुस्कीगंज थाना में चार दिवसीय शिव प्रतिष्ठात्मक रुद्र महायज्ञ शुरू



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज थाना परिसर स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर में चार दिवसीय शिव प्रतिष्ठात्मक रुद्र महायज्ञ कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया थाना परिसर से गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालु महिलाएं सिर पर कलश लेकर निकलीं। गगनभेदी जयकारों के बीच यात्रा थाना परिसर से प्रारंभ होकर दामोदर नदी तक पहुंची, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के बाद पवित्र जल भरकर महिलाएं पुनः मंदिर प्रांगण लौटीं और यज्ञ मंडप का फेरा लगाया। मंत्रोच्चारण के बीच कलशों की स्थापना की गयी, जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। इस दौरान आरा, बिहार से आये मुख्य आचार्य जयप्रकाश पांडे और उनके सहयोगियों के सान्निध्य में पंचांग पूजन किया गया। यज्ञ के मुख्य यजमान हेमलाल साव और दीपक कुमार साव, श्रीकांत शर्मा,बबलू यादव अजित कुमार वर्मा ने सपत्नीक मंडप प्रवेश कर पांचों वेदी का पूजन किया।

## पिपरवार कोयलांचल के मस्जिदों में अदा की गयी रमजान महीने की पहले जुम्मे की नमाज

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे शुक्रवार को रमजान महीने के पहले जुम्मे की नमाज अदा की गयी। नमाज अदा करने के लिए क्षेत्र के सभी मस्जिदो मे नमाजियो की काफी भीड़ देखी गयी। बचरा जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज मुमताज आलम ने जुम्मे की नमाज पढ़ायी। नमाज से पूर्व उन्होंने अपने तकरीर मे रोजा और नमाज के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बालिग हुए प्रत्येक मुस्लमानो पर रोजा और नमाज फर्ज है। करीब एक वर्ष के लंबे अंतराल के बाद रमजान का पवित्र महीना आता है। एक महीने तक लोग रोजा, नमाज, फितरा, जकात, सदका, तरावीह की नमाज पर विशेष ध्यान देकर खुदा की इबादत और कुरान पाक की तिलावत करते है। अंत मे क्षेत्र, राज्य और देश की खुशहाली एंव अमन चैन और भाईचारगी के लिए दुआ मांगी गयी। ज्ञात हो कि पवित्र माहे रमजान के महीने मे जुम्मे की नमाज का काफी महत्व है। जिसको लेकर कोयलांचल क्षेत्र के सभी मस्जिदो मे लोगो की काफी भीड़ देखी गयी।

## खूंटी में राष्ट्रीय लोक आदालत आज, प्रधान जिला जज ने की तैयारियो की समीक्षा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** व्यवहार न्यायालय खूंटी में आठ मार्च को होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया गया। प्रधान जिला जज ने बैठक में उपस्थित अधिवक्ताओं को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में इंश्योरेंस से संबंधित अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने में सहयोग करें और वैसे लोग जिनका मामला न्यायालय में लंबित है और वाद सुलहनीय है वे अपने वादों का निष्पादन करा सकेंगे। डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित बैठक लगातार हो रही है और कुछ मामलों का निष्पादन प्रि-कांसिलिएशन बैठकों के माध्यम से गत आठ जनवरी से ही जारी है। यह जानकारी डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी।

## पंचायत के विकास में निभा रहीं अहम भूमिका



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज क्षेत्र की महिलाएं आज घरों से बाहर निकलकर आत्मनिर्भर तो बन ही रही है, वही अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही है। मैकलुस्कीगंज क्षेत्र की दो महिला पंचायत प्रतिनिधि अपनी प्रतिभा की बदौलत अपने पंचायत में लगातार तीन बार प्रतिनिधि निर्वाचित हुई है। लपरा पंचायत की मुखिया पुतुल देवी एक साधारण गृहिणी से तीन बार पंचायत की मुखिया बनी है। पंचायत के विकास में अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं। वही दूसरी महिला मायापुर मुखिया पुष्पा खलखो है जो लगातार तीसरी बार पंचायत की मुखिया बनी है। एक बार मनोनीत एवं दो बार निर्वाचित हुई है। दोनो महिलाएं अपने घर परिवार के साथ साथ पंचायत के विकास में अपनी अहम रोल अदा कर रही हैं। मुखिया पुतुल देवी और मुखिया पुष्पा खलखो को उत्कृष्ट कार्य के लिए रांची उपायुक्त के द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है।

# काम नहीं करने वाली आंगनबाड़ी सेविकाओं के खिलाफ कार्रवाई करें अधिकारी : डीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी जिले में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को ले कर उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में युाक्रवार को समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्या, संचालन, भवनों की स्थिति, सेविका एवं सहायिका के रिक्त पदों और उनकी चयन प्रक्रिया, पूरक पोषाहार कार्यक्रम, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, एमटीसी केंद्र का संचालन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पोषण ट्रैकर, बाल संरक्षण समेत अन्य मुद्दों की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि नियमानुसार रिक्त पदों पर सेविका एवं सहायिका का चयन किया जाये। जो सेविकाएं और सहायिकाएं अपने उत्तरदायित्वों का समुचित निर्वहन नहीं कर रही हैं, उनके विरुद्ध ग्रामसभा के माध्यम से अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन सुरक्षित भवनों में किया जाये और वहां मूलभूत सुविधा पेयजल, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो। वैसे आंगनबाड़ी केंद्र जहां पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था नही है, वैसे आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्राथमिकता के आधार पर 15 वित्त की राशि का सदुपयोग करते हुए अविलंब उक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश डीसी ने दिया। सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत विद्यालयों से फॉर्म कलेक्शन करने का निर्देश दिया गया, जिससे पात्र लाभुकों को उक्त योजना से जोड़ा जा सके। बैठक में बाल संरक्षण पदाधिकारी के साथ बाल संरक्षण को लेकर किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गयी। उपायुक्त ने कहा कि ईंट भट्टा, होटल, रेस्टुरेंट समेत अन्य स्थानों पर छापामारी करे, जिससे खूंटी को पूर्ण रूप से बाल मजदूरी जैसी घटनाओं से मुक्त रखा जा सके। वहीं हर माह कार्यशाला का आयोजन करने और विद्यालयों में भी जागरूकता अभियान चलाकार बाल सुरक्षा पर विस्तार से जानकारी देने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षक आदि उपस्थित थे।

## बीडीओ ने बैंक से संबंधित मामले की बैठक की



**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को बीडीओ अशोक कुमार ओर सीओ जया शंखी मुरमू ने बैंकिंग व्यवस्था को लेकर स्टेट बैंक शाखा के प्रबंधक, प्रखंड में संचालित सभी प्रज्ञा केंद्र और ग्राहक सेवा केंद्र के संचालकों से बैठक किये। बैठक में बीडीओ में साफ शब्दों में कहा की वृद्धावस्था पेंशन में वृद्ध लोगों को सुलभ सेवा उपलब्ध कराये। इनके लेनदेन में गड़बड़ी करने वाले केंद्र संचालकों की आइडी बंद करते हुए प्राथमिक दर्ज की जायेगी। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र में मृत वृद्धा पेंशन धारकों की सूची उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक चर्चा की गयी। मौके पर एसबीआइ के शाखा प्रबंधक एड़ खोलको और सभी प्रज्ञा केंद्र और ग्राहक सेवा केंद्र संचालक मौजूद थे।

## सीसीएल प्रबधंन के साथ हुई वार्ता के बाद इनमोसा का आंदोलन हुआ स्थगित



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** इनमोसा द्वारा सीसीएल मे होने वाले आंदोलन को प्रबधंन के साथ हुई साकारात्मक वार्ता के बाद स्थगित कर दिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए इनमोसा के क्षेत्रिय अध्यक्ष एसडी राम और क्षेत्रिय सचिव अनिल कुवंर ने बताया कि छः मार्च को सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस मे इनमोसा एंव सीसीएल प्रबंधन के बीच वार्ता हुई। वार्ता मे सीसीएल प्रबंधन की ओर से सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, इनमोसा के राष्ट्रीय महामंत्री पीएन मिश्रा, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह सीसीएल के उप महासचिव विजय कुमार सिंह शामिल हुए। मुख्य रूप से प्रमोशन पर सीएमडी एनके सिंह ने कहा कि माइनिंग स्टॉफ का प्रमोशन समय से होना चाहिए और आने वाले बजट मे इनमोसा की जो मांगे है उसे शत प्रतिशत पूरा किया जायेगा। वही यूनिट से लेकर सीसीएल स्तर तक के सभी कमेंटी मे भागीदारी की मांग पर सीएमडी ने सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिया। माइनिंग स्टॉफ के डेजिग्नेशन के चेंज करने के मुद्दे को सीएमडी ने कोल इंडिया का मुद्दा बताया,साथ ही इस दिशा मे काम कर समस्या का समाधान करने की बात कही। सीएमडी ने इनमोसा के प्रतिनिधियों से बात करते हुए उनकी मांगों को सीसीएल स्तर से लेकर कोल इंडिया स्तर तक अधिकारियों से बात कर पूरा करने का आश्वासन दिया एवं सीसीएल में किये जाने वाले आंदोलन को समाप्त करने की अपील की। सीएमडी के अपील के बाद इनमोसा द्वारा 10 मार्च को सीसीएल मुख्यालय के समक्ष होने वाले धरना प्रदर्शन को स्थगित कर दिया गया।

## उपायुक्त ने की स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने, अस्पतालों में साफ सफाई को प्राथमिकता देने, वीएचएसएनडी डे का सफल आयोजन करने, मरीजों को आयुष्मान कार्ड का लाभ देने, एमटीसी बेड की शत प्रतिशत ऑक्यूपेंसी, एम्बुलेंस का बेहतर संचालन समेत अन्य कार्यों की समीक्षा की गयी। साथ ही अस्पताल में मरीजों की जांच को लेकर मशीनों का शत प्रतिशत इस्तेमाल, रोगी कल्याण समिति की नियमित बैठक, ओपीडी/आइपीडी का संचालन, एएनसी रजिस्ट्रेशन, सिकल सेल, लक्ष्य के अनुरूप आयुष्मान कार्ड निर्माण और मरीजों को इसका लाभ समेत अन्य विषयों पर उपायुक्त ने गहन समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सदर अस्पताल में हो रहे मोतियाबिंद के ऑपरेशन में तेजी लाने का निर्देश दिया गया, जिससे अधिक से अधिक मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन सुनिश्चित कराया जा सके। बैठक में नुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, डीडीएम समेत अन्य उपस्थित थे।

## पीएलएफआइ नक्सली महावीर गोप गिरफ्तार

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** रनिया थाना की पुलिस ने शुक्रवार को प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआइ के सक्रिय नक्सली महावीर गोप को गुरुवार को गिरफ्तार लिया। महावीर को पुलिस ने शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। महावीर गोप के खिलाफ पहले से ही जरियागढ़, कामडारा और कर्रा थाने में हत्या, आर्म्स एक्ट, नक्सली गतिविधि सहित अन्य संगीन मामलों को लेकर पांच मामले दर्ज हैं। इस संबंध में पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि गुरुवार को शाम लगभग पांच बजे बजे रनिया थाना प्रभारी द्वारा विभाग के बडे अधिकारियों को सूचना दी गयी की जिस संदिग्ध व्यक्ति को रनिया थाना की पुलिस द्वारा पकड़ा गया, वह कुख्यात नक्सली महावीर गोप है। वह जरियागढ़ थाना क्षेत्र के बकसपुर किनुई टोली गांव का रहने वाला है। छापामारी दल में तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केर-केट्टा, पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, रनिया थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल, जरियागढ़ थाना प्रभारी राजू कुमार, कर्रा थाना प्रभारी मनीष कुमार और जैप और रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

## खूंटी में दो दिवसीय कृषि मेला सह किसान सम्मान सम्मेलन का आयोजन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** कृषि, पशुपालन और सहाकारिता विभाग, झारखंड सरकार के तत्वावधान में जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार से कचहरी मैदान, खूंटी में दो दिवसीय कृषि मेला सह किसान सम्मान सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त लोकेश मिश्रा, जिला परिषद, खूंटी के अध्यक्ष मसीह गुड़िया, अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मेले में जिले के किसानों को कृषि की उच्च तकनीक की जानकारी दी जा रही है। जिले के विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गये थे, जहां कृषकों को सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही योजनाओं के प्रति जागरुक होकर लाभ लेने की अपील की जा रही है। मेला में कृषि उत्पाद और कृषि के विविध संयत्रों की प्रदर्शनी लगाई गयी है। उन्होंने कहा कि किसान उन्नत तकनीक से खेती कर अपनी आर्थिक स्थिति को कैसे सुदृढ़ करें, इस दिशा में जिला प्रशासन की टीम लगातर कार्य कर रही है। उन्होंने किसानों से अपील की कि अपने सर्वांगिण विकास के लिए सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक होकर योजनाओं से लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि जिले के किसान वर्तमान में साल में दो ही फसल की खेती कर पाते हैं। जिला के किसान साल में खेती से तीन फसलों को कैसे प्राप्त करें, जिला प्रशासन इस दिशा में प्रयासरत है ताकि अवैध फसल की खेती से लोगों का मोह भंग हो। उन्होंने किसानों से उत्तम तकनीक अपनाने की अपील की। उपायुक्त ने लोगों से अवैध फसल खेती को त्याग कर बागवानी, पशुपालन, कुक्कुट पालन, मधुमक्खी पालन आदि को अपनाकर अपनी आमदनी बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिले में स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट, तरबूज व मशरूम की खेती में बढ़ोतरी हुई है। जिले में 60 मेट्रिक टन क्षमता वाली कटहल प्रसंस्करण यूनिट संचालित है। जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया ने कहा कि जानकारी के अभाव में लोग सरकार द्वारा सचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं प्राप्त कर पाते है।

# पुंदाग के प्राइम डायग्नोस्टिक एंड इमेजिंग में नहीं होती भ्रूण लिंग जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्का नगड़ी।** पुंदाग स्थित प्राइम डायग्नोस्टिक एंड इमेजिंग में भ्रूण लिंग जांच नहीं की जाती है। यह बात संस्थान की ओर से कही गयी है। संस्थान की तरफ से कहा गया है कि दो मार्च को 'नगड़ी में गर्भपात के बाद विवाहिता की मौत' शीर्षक से प्रकाशित समाचार में इस संस्थान का नाम लिया गया था, जो पूरी तरह निराधार और गलत है। संस्थान ने कहा कि यहां उक्त मरीज का सिर्फ एक बार अल्ट्रासाउंड हुआ था, जिसमें भ्रूण की लिंग जांच नहीं की गयी थी। बता दें कि प्राइम डायग्नोस्टिक एंड इमेजिंग वर्षों से लोगों को अच्छी सेवा देता रहा है। लोगों में लोकप्रिय भी है।

# भारथी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में राज्यस्तरीय वर्कशॉप आयोजित




**मांडर (आजाद सिपाही)।** भारथी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में राज्य स्तरीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसका थीम फंडामेंटल ऑफ प्रिस्क्रबींग (मेंडेटरी मॉडयूल) रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पाठ्क्रम का जिक्र हुआ, जिसमें नर्स प्रैक्टिस्नर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। नर्स प्रैक्टिस्नर कोर्स करने के बाद नर्स भी दवाईयां लिखकर लोगों का उपचार कर पाएगी। इसी विषय पर दवाई से उपचार संबंधी बारिकियों पर चर्चा की गई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ दीपक, केएल चौहान, कन्सलटेंट, सैमफोर्ड हॉस्पिटल, रांची, डॉ कुमार संकेत, सचिव नितिन परासर, शैक्षिणिक सचिव दीपाली परासर और डीन डॉ उपेंद्र उपाध्याय मौजूद थे। साथ ही फलोरेंस नर्सिंग कॉलेज (रांची), हिल्लवल्यू नर्सिंग स्कूल, बुद्धा नर्सिंग कॉलेज, सिटी नर्सिंग कॉलेज, संत उसूर्ला नर्सिंग स्कूल सहित राज्यभर के विभिन्न नर्सिंग विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षक-विद्यार्थी शामिल हुए। इस मौके पर नर्सिंग की प्रींसिपल निहारिका श्रीवास्तव, शिक्षकगण अंजेला गाड़ी, प्रतिमा कुजूर, सुषमा कुमारी, दीपा कोडीयार, पुनम मिंज, मो अफरोज, चीरंजीव कुमार, शशिभूषण जायसवाल और मनिषा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## गरुड़ फॉल शिवधाम में हुई शिव महा परिवार की स्थापना



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गरुड़ फॉल शिवधाम में शुक्रवार को शिव महा परिवार की स्थापना विधि विधान के साथ की गई। इससे पहले गांव में कलश यात्रा निकाली गई। शिवभक्तों एवं ग्रामीणों ने मंदिर में भगवान शंकर, पार्वती, कार्तिकेय, गणेश एवं नंदी की प्रतिमा मंगाई। इसके बाद शिव परिवार को स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ किया गया। तपोवन मंदिर के महंत ओमप्रकाश शरण ने पूजा कर प्राण प्रतिष्ठा का कार्य शुरू कराया। इसके बाद सैकडों महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। देर शाम भंडारा का आयोजन किया गया। मुख्य पूजन प्रणय कुमार एवं प्रीति वर्मा ने किया। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में जगेश्वर महतो, कपिल महतो, छोटेलाल महतो, संजोती देवी, धनीराम महतो, अजय मुंडा, अंजन भोगता, लखींद्र महतो, सोनेलाल भोगता, शांति देवी, रूपलाल भोगता, कंचन भोगता, सीताराम महतो, मनीराम महतो, गणेश महतो आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के बोकारो जिला अध्यक्ष बनाये गये अनिल साहू




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो जिले के फुसरो में शुक्रवार को भव्य स्वजातीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार नीलेश ने सर्वसम्मति से अनिल साहू को बोकारो जिला का अध्यक्ष नियुक्त किया। साथ ही जिले से जुझारू एवं कर्मठ वरिष्ठ स्वजातीय नेता भुवनेश्वर साव को सर्वसम्मति से प्रदेश संगठन मंत्री, रमेश प्रसाद नायक को प्रदेश मंत्री, गोपाल साव को युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को अप्रैल महीने में अपनी टीम गठन कर लेने का निर्देश दिया। इसके पहले फुसरो आगमन पर प्रदेश अध्यक्ष दिलीप नीलेश एवं प्रदेश उपाध्यक्ष संजय साहू का जोरदार स्वागत किया गया। इसकी जानकारी संगठन के प्रदेश-उपाध्यक्ष संजय कुमार साह ने दी।

## तेतुलमुड़ी में चल रहे अवैध माइंस को जोगता पुलिस और सीआइएसएफ ने कराया बंद

**सिजुआ/जोगता (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में इन दिनों चल रहे अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ सीआइएसएफ और जोगता पुलिस संयुक्त छापामारी चला रही है। इसी क्रम में तेतुलमुड़ी 6/10 बस्ती में स्थित अवैध माइंस की भराई करा कर भारी मात्रा में अवैध कोयला जब्त किया है। वहीं, पुलिस की छापामारी के बाद से अवैध कोयला कारोबार में संलिप्त लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। सीआइएसएफ ने बस्ती में चल रहे अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने की बात कही। सथ ही अवैध कोयला कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने की चेतावनी दी है।

# कार-बाइक की भिड़ंत में अधेड़ की मौत

## कार छोड़ भागे लोग, आक्रोशित लोगों ने किया टोल प्लाजा जाम

आजाद सिपाही संवाददाता



मृतक बेलाल अंसारी की फाइल फोटो।



टोल प्लाजा का घेराव कर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**अनगड़ा।** हेसल टोल गेट के समीप शुक्रवार की शाम कार की चपेट में आने से बाईक सवार अधेड़ व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मृतक का एक पैर कटकर बाईक में ही फंस गया था। उसकी पहचान चिलदाग गांव निवासी बेलाल अंसारी (55) के रूप में हुई है। पता चला है कि इस दिन शाम नेवरी बिकास से बाईक पर अपने घर लौट रहा था। तभी हेसल टोल प्लाजा के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मौके पर ही बेलाल अंसारी की मौत हो गई। पता चला है कि कार बिहार शरीफ जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना के तुरंत बाद कार में सवार महिला और पुरुष वाहन छोड़कर वहां से फरार हो गए। इधर, घटना से आक्रोशित सैंकड़ों ग्रामीण घटनास्थल पहुंच कर मुआवजा आदि मांगों को लेकर टोल प्लाजा के सामने शव रखकर सड़क जाम कर दिया। उधर, दुर्घटना-हंगामें की सूचना पाकर अनगड़ा थानेदार हीरालाल शाह और एसआई रविशंकर दलबल के साथ पहुंच गये और प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि ग्रामीण नहीं माने और दो घंटे तक हंगामा करते रहे। बाद में थानेदार द्वारा 10 लाख रुपया मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिए जाने के बाद हंगामा शांत हुआ और जाम हटाया गया। इधर, घटना की सूचना मिलने पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, समाजसेवी मुस्तफा अंसारी, अब्दुल इमाम अंसारी, जलनाथ चौधरी सहित अन्य लोग घटनास्थल पहुंचे। कहा कि टोल प्लाजा प्रबंधन की लापरवाही के कारण दुर्घटना घटी है। उन्होंने घटना के लिए टोल प्लाजा प्रबंधन को जिम्मेवार ठहराते हुए टोल प्लाजा के पास तुरंत स्पीड ब्रेकर और डिवाइडर बनवाने की मांग की।

# लोगों का स्वरोजगार से जुड़ना देश के लिए अच्छा संकेत : सुदर्शन भगत

**गुप्ताज बावर्ची डिलाइट नामक होटल का किया उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चान्हो।** प्रखंड के पाटूक एनएच 39 पर स्थित गुप्ताज बावर्ची डिलाइट नमक होटल का उद्घाटन शुक्रवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि युवा और जिम्मेदार नागरिक स्वरोजगार से जुड़कर देश के विकास में योगदान दे रहे हैं। कहा कि होटल इंडस्ट्री में बहुत संभावना है। कम करें या ना करें लोगों को खाना जरूरी है। ऐसे में हाइजीनिक और गुणवत्तापूर्ण साफ सुथरा खाना खिलाकर अच्छा किया जा सकता है। उन्होंने होटल की तरक्की की कामना की। वहीं, होटल संचालक विनीत कुमार ने बताया कि यहां स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए घर जैसा स्वाद वाला खाना दिया जाएगा। इस होटल में खाने-पीने के सामानों का दर भी बहुत मुनासिब रखा गया है, ताकि प्रतिदिन बाहर खाना खाने वाले लोग भी इसमें घर जैसा खाना कम कीमत पर खा सके। इस कार्यक्रम के आयोजन में कैलास प्रसाद गुप्ता का महत्वपूर्ण भूमिका रही। इससे पहले पंडित अनुज मिश्रा ने पूजा कर कर होटल का शुभारंभ किया। मौके पर समाजसेवी अजीत सिंह, नागेश्वर महतो, विजय महतो, गोविन्द साहू, बलबीर कौर, मंजू देवी, शारदा गुप्ता, साबिर अंसारी, आफताब आलम, मिथिलेश सिंह आदि मौजूद थे।

## नाइटिंगल स्कूल ऑफ नर्सिंग में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह का हुआ शुभारंभ



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** मिलन चौक स्थित नाइटिंगल स्कूल ऑफ नर्सिंग में शुक्रवार को तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन निदेशक अजीत महतो, सचिव राजबाला कुमारी और प्राचार्य लखिया लकड़ा ने संयुक्त रूप से किया। वक्ताओं ने बताया कि 7 से 10 मार्च तक महिला दिवस मनाया जायेगा। इस दौरान कई प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी। जिसमें नर्सिंग की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रथम दिन शुक्रवार को मेंहदी, रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसके माध्यम से प्रतिभागी प्रशिक्षु छात्राओं ने विवाह, महिला श्रृंगार, राष्ट्रीय पक्षी, स्वच्छता, पृथ्वी संरक्षण, महिला सशक्तिकरण आदि थीम को दर्शाते हुए अपनी कलात्मकता एवं रचनात्मकता का परिचय दिया। शनिवार को पारंपरिक परिधान, साज श्रृंगार, जुड़ा एवं हेयर स्टाइल प्रदर्शनी और सोमवार को भाषण प्रतियोगिता, पाठ्यक्रम आधारित मॉडल्स एंड क्राफ्ट के अलावा स्वास्थ्य संबंधी प्रक्रियाओं को दर्शाया जाएगा। इस अवसर पर प्राचार्य लखिया लकड़ा ने प्रशिक्षु छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बदलते परिवेश में महिलाएं आज हर क्षेत्र में उन्नति और कामयाबी की मिशाल कायम कर रहीं हैं। इस तरह के कार्यक्रम से उनमें नेतृत्व क्षमता एवं आत्मनिर्भरता का विकास होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य लखिया लकड़ा, उपप्राचार्य हुलास डाडेल, स्वर्णलता कुजूर, प्रतिभा मेहता, एंजेल प्रिया, राज डुलेनवंती और सिमरन कच्छप आदि का योगदान रहा।

## एक वर्ष बाद भी दो जलमीनार का निर्माण कार्य अधूरा

**- निर्माण कार्य में मजदूरी करने वाले मजदूरों को भी नहीं मिला पैसा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल देने के लिए सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत 17 ग्राम पंचायत के गांवों में टंकी, बोरिंग और पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। लेकिन पेयजल आपूर्ति विभाग और संवेदक की लापरवाही से यह पूरा नहीं हो सका। प्रखंड के हरिहरपुर जाम टोली पंचायत के जहानाबाज गांव के ग्रामीणों का कहना है कि गांव में एक जलमीनार पिछले एक वर्ष से अधिक समय से बन रहा है, लेकिन आज भी निर्माण कार्य अधूरा है। इससे भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां पानी के लिए लोग तरस रहे हैं। हमलोगों ने पानी टंकी के निर्माण कार्य में मजदूरी भी किया है जिसका भुगतान अभी तक नहीं मिला है। वहीं, अर्ध निर्मित जल मीनार लोगों को मुंह चिढ़ा रहा है। गौरतलब हो कि प्रखंड के कई गांवों में नल जल योजना से जुड़े संवेदकों की लापरवाही एवं उपेक्षा से हर घर नल जल योजना का कार्य अधूरा पड़ा है। जिस कारण लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इस योजना में जिस तरह से अनियमितता बरती गई है, उसकी जांच होनी चाहिए। ग्रामीणों ने जिम्मेदारों से गुहार लगाते हुए कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करते हुए अविलंब जल मीनार निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाना चाहिए।

## कथा के सातवें दिन उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# आत्मा को मुक्ति का मार्ग दिखाती हैं कथा : रश्मि किशोरी जी

आजाद सिपाही संवाददाता





**बेड़ो।** महादानी मंदिर परिसर में नवनिर्मित दशभुजी मां देवी दुर्गा देवी के मंदिर परिसर में आयोजित शतचंडी महायज्ञ के सातवें दिन शुक्रवार को सभी देवी देवताओं का पूजन और जाप किया गया। साथ ही दुर्गा सप्तषती का पाठ किया गया। इस दौरान यज्ञशाला की परिक्रमा करने वालों का तांता लगा रहा। वही धार्मिक अनुष्ठान यज्ञचार्य ने यजमानों से कराया। सबसे पहले शक्ति देवी की अराधना की गई। वहीं शाम में कथा वाचिका देवी रश्मि किशोरी ने कहा कि भागवत कथा से मन का शुद्धिकरण होता है। इससे संशय दूर होता है। शांति एवं मुक्ति मिलती है। मनुष्य को परम आनंद की प्राप्ति होती है। कथा श्रवण से जन्म-जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक-आध्यात्मिक विकास होता है। श्रीमद भागवत महापुराण सभी ग्रंथों का सार है। भागवत पुराण को मुक्ति ग्रंथ कहा गया है। इसकी कथा सुनना और सुनाना दोनों ही मुक्तिदायिनी है। आत्मा को मुक्ति का मार्ग दिखाती है। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति किसी तीसरे व्यक्ति को कथा सुनने के लिए प्रेरित करता है तो पहले व्यक्ति को इस बात का पूरा फल मिलता है। श्रद्धालुओं को बताया कि कथा सुनने का फल सभी पुण्यों, तपस्या और सभी तीर्थों की यात्रा के फल से भी कहीं बढ़कर है। भागवत कथा का आयोजन करने और सुनने के अनेक लाभ हैं। इसे आयोजित कराने और सुनने वाले व्यक्तियों-परिवारों के पितरों को शांति और मुक्ति मिलती है। कथा के महत्व को समझाते हुए उन्होंने कहा कि भागवत कथा में जीवन का सार तत्व मौजूद है। इस दौरान बेड़ो थाना के पूर्व थाना प्रभारी शिवचंद्र सिंह मंदिर परिसर पहुंचे जहां मंदिर समिति के लोगों ने स्वागत किया। उन्होंने मंदिर को 10 पंखा दिया। वहीं दशभुजी मां देवी दुर्गा मूर्ति की स्थापना के लिए रविवार को स्नान के बाद वस्त्र धारण करा कर देवी दर्शन के लिए गाजे बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद मां दुर्गा के प्रतिमा के दर्शन के बाद उन्हें शाम को शयन अधिवास पर रखा जाएगा। सोमवार को प्रातःकाल से आदि शक्ति मां जगदंबा की मूर्ति की स्थापना के लिए धार्मिक अनुष्ठान शुरू होगा।

# जैक बोर्ड : हिंदी की परीक्षा में अनुपस्थित रहे 26 विद्यार्थी



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की ओर से आयोजित 10वीं बोर्ड की हिंदी विषय की स्थगित परीक्षा शुक्रवार को पुनः हुई। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के शामिल परीक्षार्थियों में से 26 अनुपस्थित रहे। प्रखंड मुख्यालय में बनाई गई कुल पांच परीक्षा केंद्रों में राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालक में 286 में से सात, राजकीय मध्य विद्यालय बालिका में एक, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में 424 में से तीन, एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय में 401 में से 10, सरस्वती विद्या मंदिर में 346 में से पांच छात्र-छत्राएं अनुपस्थित रहे। दूसरी ओर, सीसीटीवी की निगरानी में कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा ली गयी। वहीं, परीक्षा पुर्णतः शांति पूर्ण ढंग से कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन को लेकर परीक्षा केंद्रों पर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से शिक्षक नियुक्त किए गए है।

# टाटीसिलवे में धूमधाम से मना प्रधानमंत्री जन औषधि दिवस



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री जनऔषधि दिवस पर टाटीसिलवे हरि प्रसाद चौक स्थित प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह उपस्थित रहे। इनके अलावा भाजपा टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, महामंत्री अमित मिश्रा, टाटी पूर्वी मुखिया कृष्णा पाहन, नागेश्वर महतो, गिरधर मिश्रा, साईनाथ महतो आदि शामिल हुए। इस अवसर पर प्रमोद सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सोच है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक कम कीमत में अच्छी गुणवत्ता वाली दवाइयां पहुंचाई जाएं। उन्होंने प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र टाटीसिलवे के कार्यों की सराहना की। कहा कि यह केंद्र आम जनता को जागरूक कर रहा है, जिससे लोग कम कीमत में उच्च गुणवत्ता की दवाओं का लाभ उठा सके। इस अवसर पर चैनल पार्टनर कैलाश सिंघानिया द्वारा दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं को 500 सेनेटरी पैड वितरित किया गया। इधर, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र झारखंड हेड सुमित पांडे ने बताया कि केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा जनऔषधि मिशन को सफल बनाने के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में केंद्रों की संख्या बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सेंटर हेड शुभ लक्ष्मी, ओम पांडे, वेद प्रकाश पांडे, स्टेट हेड सुमित पांडे, चैनल पार्टनर कैलाश सिंघानिया, अशोक विश्वकर्मा और नकुल विश्वकर्मा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# राजकीयकृत मध्य विद्यालय में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का हुआ आयोजन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** चकला राजकीयकृत मध्य विद्यालय में चतुर्थ शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित चकला के मुखिया ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें। वहीं, पूर्व उप मुखिया आफताब आलम ने कहा कि जब भी विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक बैठक होती है तो आप सभी अपना समय निकालकर बैठक में जरूर पहुंचे। अपने बच्चों की जो भी समस्याएं हो उसे खुलकर रखें। बैठक की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक बिमलेश कुमार मिश्रा और संचालन विद्यालय के सहायक शिक्षक सह शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक ने किया। इस दौरान मुखिया का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया गया कि बच्चों की संख्या के अनुपात में बेंच डेक्स बहुत कम है। जिसके चलते बच्चों को बैठने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस पर मुखिया ने कहा कि जल्द ही विद्यालय में बेंच डेक्स की व्यवस्था कराने की कोशिश करेंगें। इस मौके पर मुखिया शिवनाथ मुंडा, पूर्व उप मुखिया आफताब आलम, दिनेश कच्छप, मो मुस्तफा अंसारी, आशा कुमारी, प्रभा देवी, सुषमा कुमारी आदि उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** दडदाग के शास्त्री चौक में शुक्रवार को हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पता चला है कि हेसातू निवासी मुन्ना बेदिया अपने किसी साथी के साथ ओरमांझी बाजार से घर हेसातू लौट रहे थे। तभी शास्त्री चौक के पास अज्ञात हाइवा ने ने अपनी चपेट में ले लिया। दोनों घायलों को ओरमांझी पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया है।

# भारत को करना चाहिए सौदेबाजी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप टैरिफ के सवाल पर जिस तरह का अड़ियल रुख दिखा रहे हैं, उसके मद्देनजर अब यह उम्मीद करने का खास मतलब नहीं दिखता कि वह आखिरकार अपनी राह बदलेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछली अमेरिका यात्रा के दौरान ट्रंप ने उनके सामने टैरिफ पर जैसे को तैसा की नीति अपनाने की बात कह कर सबको चौंका दिया था। अब अमेरिकी संसद में उन्होंने दोबारा भारत का नाम लेते हुए दो अप्रैल से इस नीति पर अमल की घोषणा कर रहा-सहा संदेह भी समाप्त कर दिया है।

**बातचीत के मायने :** हालांकि केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की अगुआई में एक टीम अमेरिका में ही है और व्यापार समझौते के लिए दोनों पक्षों में बातचीत अभी जारी है। ऐसे में यह सवाल भी है कि जब तक बातचीत टूट नहीं जाती, तब तक कोई निष्कर्ष निकालने की जल्दबाजी क्यों दिखायी जाये। लेकिन कई जानकारों का मानना है कि मौजूदा हालात में संभावित समझौते को ज्यादा अहमियत देना तर्कसंगत नहीं होगा।

**सवाल भरोसे का :** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप न केवल पिछली सरकारों के दौरान किये गये समझौतों और दी गयी प्रतिबद्धताओं से पीछे हटते रहे हैं, बल्कि कनाडा और मेक्सिको पर ऊंचा टैरिफ लगाकर अपने पिछले कार्यकाल के दौरान 2019 में इन देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते का भी निरादर करते दिख रहे हैं। ऐसे में यह सवाल पूछा जा रहा है कि उनके साथ कोई समझौता हो भी जाता है, तो उसके टिके रहने की क्या गारंटी होगी।

**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ पर कठोर रुख के मद्देनजर भारत के लिए व्यापार समझौतों की चुनौतियां बढ़ती नजर आ रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान हुए वार्तालाप और अमेरिकी संसद में भारत का नाम दोबारा लेने से स्थिति स्पष्ट होती जा रही है।**

**चुनौतियों से दो-दो हाथ :** ऐसे में बातचीत और सुलह-समझौते की संभावना को खारिज भले न किया जाये, लेकिन टैरिफ बढ़ने के खतरे को वास्तविक मानकर इससे उपजी चुनौतियों के लिए खुद को तैयार करना ज्यादा जरूरी है। यह कोई आसान राह नहीं साबित होने वाली, लेकिन दो स्तरों एक साथ प्रयास करते हुए आगे बढ़ा जा सकता है।

**आपदा में अवसर :** जहां भी संभव हो, अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क में कटौती कर बदले में अमेरिकी सरकार से रियायत ली जाये। इसके साथ ही ट्रंप की पॉलिसी से प्रभावित हो रहे अन्य देशों के साथ समझौता करने पर ध्यान केंद्रित किया जाये। मसलन अमेरिकी बाजार में मुश्किलें झेल रहा कनाडा अभी हमारे काम आ सकता है। पुराने मतभेदों को फिलहाल एक तरफ करके आपदा की इस स्थिति में बन रहे अवसरों का तत्काल और बेहिचक इस्तेमाल करने की जरूरत है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास की बात करें, तो इसकी शुरुआत 20वीं शताब्दी में हुई। 8 मार्च 1908 को न्यूयॉर्क शहर में 15,000 महिलाओं ने काम करने की बेहतर परिस्थितियों, कम काम के घंटे, और वोटिंग के अधिकार की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। इसके बाद 1910 में डेनमार्क की समाजवादी नेता क्लारा जेटकिन ने इस दिन को महिलाओं के सम्मान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा।**

# महिला सशक्तिकरण: संस्कार एवं शिक्षा आवश्यक

**डॉ तान्या शर्मा**



**प्रत्येक** वर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर की महिलाओं के संघर्ष, उपलब्धियों और अधिकारों को पहचानने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए खास माना जाता है। 2025 में इस दिन का थीम 'तेजी से बदलाव लायें' रखा गया है। इसका मतलब है कि अब केवल बातों से नहीं, बल्कि ठोस कदम उठाकर महिलाओं के हक और सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ने का समय आ गया है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास की बात करें, तो इसकी शुरुआत 20वीं शताब्दी में हुई। 8 मार्च 1908 को न्यूयॉर्क शहर में 15,000 महिलाओं ने काम करने की बेहतर परिस्थितियों, कम काम के घंटे, और वोटिंग के अधिकार की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। इसके बाद 1910 में डेनमार्क की समाजवादी नेता क्लारा जेटकिन ने इस दिन को महिलाओं के सम्मान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा। आधुनिक समाज में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, फिर भी वे कई चुनौतियों और भेदभाव का सामना कर रही हैं। नारी सशक्तिकरण का मतलब महिलाओं को उनके अधिकार, अवसर और समानता देना है, ताकि वे स्वतंत्र रूप से निर्णय ले सकें और समाज में अपनी पूर्ण क्षमता से भागीदारी दिखा सकें। महिलाओं का सशक्तिकरण, संस्कार, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीति, आर्थिक अवसरों और सामाजिक स्वतंत्रता से जुड़ा हुआ है।

**यह उत्सव का दिन महिलाओं के संघर्षों को समझने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने का अवसर प्रदान करता है।**



**महिला सशक्तिकरण के मुख्य पहलू:**
**1.** सुरक्षा और अधिकार - महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उनके कानूनी अधिकारों की रक्षा करना आवश्यक है।
**2. शिक्षा** - शिक्षित महिला ही अपने अधिकारों को पहचान सकती है और समाज में अपनी जगह बना सकती है।
**3. आर्थिक स्वतंत्रता** - आत्मनिर्भर महिला अपने परिवार और समाज में सम्मान प्राप्त करती है।
**4. राजनीतिक भागीदारी** - महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी लोकतंत्र को अधिक सशक्त बनाती है।

**संविधान में महिलाओं के लिए अधिकार: 1. घरेलू हिंसा से सुरक्षा:** घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के तहत महिलाओं को शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और भावनात्मक शोषण से सुरक्षा मिलती है। महिलाएं पुलिस, महिला हेल्पलाइन या अदालत में शिकायत दर्ज कराकर कानूनी सहायता प्राप्त कर सकती हैं।
**2. समान वेतन का अधिकार:** कामकाजी महिलाओं को दफ्तर में पुरुषों के समान काम के लिए बराबर वेतन मिलना चाहिए। समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 के तहत महिलाओं को समान काम पर पुरुषों के समान वेतन पाने का अधिकार है। अगर किसी महिला को उसके पुरुष सहकर्मी की तुलना में कम वेतन दिया जाता है, तो वह न्याय के लिए श्रम अदालत में जा सकती है।
**3. मातृत्व लाभ का अधिकार:** मातृत्व लाभ अधिनियम 1961 के तहत, कामकाजी महिलाओं को मां बनने की स्थिति में 6 महीने का मातृत्व अवकाश प्राप्त करने का अधिकार है। इस दौरान कंपनी उनके वेतन में कोई कटौती नहीं कर सकती है और उन्हें नौकरी से भी निकाल नहीं सकती है। यह कानून महिलाओं को नौकरी में सुरक्षा और बच्चे की सही देखभाल का अवसर देता है।
**4. संपत्ति का अधिकार:** हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 के अनुसार, पिता की संपत्ति या पुश्तैनी संपत्ति पर बेटे या बेटी दोनों का समान अधिकार है। शादी के बाद भी महिला अपने माता-पिता की संपत्ति पर दावा कर सकती है।
**5. यौन शोषण से सुरक्षा का अधिकार:** कामकाजी महिलाओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करने के लिए अधिनियम के तहत अधिकार दिया गया है। हर कंपनी और संगठन में आंतरिक शिकायत समिति का होना अनिवार्य है, जहां महिलाएं शिकायत दर्ज करा सकती हैं। इसके अलावा यौन उत्पीड़न की शिकार महिला को अपनी पहचान गोपनीय रखने का भी अधिकार है। केवल जिला मजिस्ट्रेट या महिला पुलिस अधिकारी की उपस्थिति में पीड़ित महिला अपना बयान दर्ज करा सकती है।

**महिलाओं के सामने चुनौतियां:** आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, लेकिन फिर भी वह आज के समय में कई प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रही हैं।

**महिलाओं की मुख्य समस्याएं: 1. कार्यस्थल पर असमानता:** कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है और उन्हें उच्च पदों पर कम अवसर दिये जाते हैं।
**2. लैंगिक भेदभाव:** महिलाओं को पुरुषों की तुलना में कम वेतन और कम अवसर मिलते हैं।
**3. घरेलू हिंसा:** कई महिलाएं घरेलू हिंसा और दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों का शिकार होती हैं।

**महिला सशक्तिकरण के लिए उठाये गये कदम:** भारत में सरकार की ओर से महिला सशक्तिकरण को लेकर कई सारे कदम उठाये जा चुके हैं। सरकार और कई सामाजिक संगठन महिलाओं की स्थिति में सुधार को लेकर कई कदम उठा रहे हैं।

**सरकारी योजनाएं: 1. बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ:** इस योजना का उद्देश्य लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है।
**2. सुकन्या समृद्धि योजना:** इस योजना से माता-पिता अपनी बेटियों के भविष्य के लिए बचत कर सकते हैं।
**3. महिला हेल्पलाइन 1091:** यह हेल्पलाइन महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चलायी गयी है।
**4. उज्ज्वला योजना:** इस योजना के तहत गरीब परिवारों की महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन दिया जाता है।

स्पष्ट है कि यह दिन महिलाओं के लिए खास होता है, क्योंकि यह उनके समान अधिकार, समानता और सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करता है। इस अवसर पर महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मान दिया जाता है और उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलता है। दुनिया के सभी विकसित और विकासशील देशों में महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने पर जोर दिया जाता है। यह उत्सव का दिन महिलाओं के संघर्षों को समझने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने का अवसर प्रदान करता है। समाज में महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाने और उनके खिलाफ भेदभाव को खत्म करने की दिशा में इस दिन को विशेष रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। महिला सशक्तिकरण के लिए संस्कार एवं शिक्षा एक महत्वपूर्ण अस्त्र है।

**(लेखिका जीडी कॉलेज, बेगूसराय (बिहार) के अर्थशास्त्र विभाग में पढ़ाती हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# मंगल कालिंदी ने अंचल कार्यालय में अग्निशमन वाहन और दल की मांग की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड विधानसभा के द्वितीय बजट सत्र में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने विधानसभा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण समस्या को सदन में उठाया। विधायक बताया जुगसलाई नगर परिषद, परसुडीह, सुन्दरनगर, सारजामदा, सोपोडेरा, शंकरपुर, गदड़ा व गोविन्दपुर घनी आबादी वाले क्षेत्र है।लेकिन पूरे क्षेत्र में कहीं अग्निशमन वाहन व अग्निशमन दल की व्यवस्था नही है। विधायक श्री कालिंदी ने सदन में कहा इन क्षेत्रों में आगजनी की घटनाओं को रोकने व जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित अग्निशमन सुविधा आवश्यक है। वर्तमान में इन सभी क्षेत्रों में वाहन और प्रशिक्षित अग्निशमन दल की कमी के कारण आगजनी की घटनाओं में भारी नुकसान होने की संभावना बनी रहती है। विधायक ने सरकार से अनुरोध किया जमशेदपुर अंचल कार्यालय परिसर में अग्निशमन वाहन एवं अग्निशमन दल की तैनाती की जाये। ताकि किसी भी आकस्मिक अग्निकांड की स्थिति में त्वरित कार्रवाई संभव हो और जान-माल के नुकसान पर रोक लगाया जा सके। वही विधायक श्री मंगल कालिंदी ने सरकार से आग्रह किया इस मांग को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाये, ताकि जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सके।

# बैंक कर्मचारियों ने मांगों को लेकर साकची आइ हॉस्पिटल के पास किया विरोध-प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के आह्वान पर चरणबद्ध आंदोलन के तहत बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों ने साकची आई हॉस्पिटल के समीप प्रदर्शन किया। शुक्रवार को प्रदर्शन के दौरान बैंक कर्मियों ने बैंकों में पर्याप्त स्थायी कर्मचारियों और अधिकारियों की नियुक्ति, बैंकों में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने, कर्मचारी प्रतिनिधियों को निदेशक मंडल में शामिल करने, सेवानिवृत्ति के बाद ग्रेच्युटी की राशि 25 लाख करने,बैंक कर्मियों के खिलाफ दुर्व्यवहार और हिंसा पर रोक लगाने, पीएलआइ भुगतान प्रणाली में सुधार, सरकारी बैंकों को सुदृढ़ करने की नीति बनाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन जमशेदपुर शीर्ष के नेतृत्व में विभिन्न बैंकों के कर्मचारी शामिल हुए। मौके पर वक्ताओं में कामरेड सुजय राय, आरबी सहाय, रामजी प्रसाद, गौतम घोष, आनंद वर्मा, सपन कुमार अदक सहित कई अन्य साथियों ने अपनी मांगों को विस्तार से रखा। उन्होंने कहा अगला प्रदर्शन 11 मार्च को संध्या 5:15 बजे बिष्टुपुर बैंक ऑफ बड़ौदा के समीप किया जायेगा। मौके पर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन जमशेदपुर की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (08 मार्च) पर सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दी गयी।

# बिजनेस आइडिया सेमिनार में छात्रों ने अपने नवाचारपूर्ण व्यावसायिक विचारों को बताया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गम्हरिया।** एक्सआईटीई गम्हरिया में वाणिज्य विभाग द्वारा एक प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने अपने नवाचारपूर्ण व्यावसायिक विचारों और प्रस्तावों को प्रस्तुत की। सेमिनार के माध्यम से छात्रों की उद्यमशीलता की भावना और रचनात्मकता को उजागर किया गया। सेमिनार वाइस प्रिंसिपल डॉ. फादर मुक्ती क्लेरेंस एसजे और विभाग प्रमुख श्रीमती सुष्मिता चौधरी सेन आथिति के रूप में उपस्थित रहे। सेमिनार का संचालन सहायक प्रोफेसर श्रीमती अंजलि झा के मार्गदर्शन में किया गया।मंच के माध्यम से छात्रों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने व मूल्यवान सुझाव प्राप्त करने व उनके विचारों को विकसित करने में सहायता मिली। मौके पर छात्रों ने कई विविध व अभिनव व्यावसायिक अवधारणाएं प्रस्तुत कीं। स्मार्ट वेस्ट मैनेजमेंट के। दौरान पर्यावरण में अनुकूल समाधान, वर्चुअल ट्रैवल रेस्तरां जैसी अनूठी अवधारणा, न्यूट्रिएंट स्कैनिंग ऐप जो स्वस्थ भोजन चयन में सहायता करेगा और सस्टेनेबल फिश फार्मिंग जैसी टिकाऊ पहल शामिल रही। इन विचारों ने छात्रों की व्यवसाय विकास की गहरी समझ को दर्शाया। जिसमें आइडिया जनरेशन, मार्केट स्क्रीनिंग, टेस्ट मार्केटिंग व बजटिंग जैसे महत्वपूर्ण पहलू शामिल है।छात्रों की प्रस्तुतियों में उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण की झलक दिखी। जहां प्रत्येक विचार, ठोस योजना और भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत की गयी।

# थाना प्रभारी ने लोगों से नशापान से दूर रहने और अफवाहों से बचने की अपील की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** आगामी होली और रमजान शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से आदित्यपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। शुक्रवार को थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में उपस्तित सभी सदस्यों ने क्षेत्र मे सभी समुदायों के लोगो को एक साथ मिलकर अपना अपना त्योहार शांतिपूर्ण मनाने की अपील की। ताकि सामाजिक एकता और भाईचारे को बढ़ावा मिल सके।पर्व के दौरान हुड़दंग, अश्लील गानों का प्रयोग, नशीले पदार्थों का सेवन और अवैध शराब की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने पर चर्चा हुई। अंधेरे वाले क्षेत्रों में पुलिस गश्ती बढ़ाने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष कदम उठाने पर जोर दिया गया। बिजली और पानी की समस्याओं पर भी चर्चा हुई, लेकिन नगर निगम और बिजली विभाग के अनुपस्थिति पर सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त की। थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने सभी से अपील की वे नशापान से दूर रहें, अफवाहों से बचें और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने आश्वासन दिया पुलिस प्रशासन हुड़दंगियों से निपटने में पूरी तरह सक्षम है। कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। बैठक में समाज विज्ञानी रविंद्र नाथ चौबे, कांग्रेसी नेता राम ठाकुर, देबू चटर्जी, अधिवक्ता ओमप्रकाश, पूर्व पार्षद सिद्धनाथ सिंह, नीतू शर्मा, नथुनी सिंह, अजय कुमार सिंह, इंद्रजीत तिवारी,भाजपा नेत्री शीला पाल, मोनिका घोष, टीएमसी नेता विशेष कुमार ताती उर्फ बाबू तांती, रोशन कुमार, शंकर दास सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# टीआरएफ ने 20 टीबी मरीजों को लिया गोद



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टीआरएफ ने प्रधानमंत्री क्षय रोग मुक्त भारत अभियान में सहयोग करते हुए पूर्वी सिंहभूम जिले के 20 क्षय रोगियों को गोद लिया। इन रोगियों को उपचार अवधि के दौरान पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जतायी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और कर्मचारी स्वैच्छिकता गतिविधियों के तहत टीआरएफ प्रबंधन ने जमशेदपुर के साकची स्थित जिला क्षय रोग केंद्र में 20 पोषण आहार पैकेट का वितरण किया। इस पहल की स्थानीय जिला प्राधिकरण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सराहना की। भारत में टीबी के मरीजों की संख्या विश्व में सबसे अधिक है। टीआरएफ की यह पहल समाज में गंभीर समस्या के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर टीआरएफ की महिला कर्मचारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी में कौशिक दत्ता, प्रमुख कॉर्पोरेट सेवाएं और संचार, सिविल सर्जन कार्यालय से स्थानीय स्वास्थ्य और कल्याण अधिकारियों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

# इएसआइसी के स्थापना दिवस पर विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गम्हरिया।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम के 74वें स्थापना दिवस और विशेष सेवा पखवाड़ा के अवसर पर इएसआइसी और आरएसबी ग्लोबल प्लांट 1 गम्हरिया द्वारा कर्मचारियों के बीच जागरूकता बढ़ाने और समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। जागरूकता सत्र में इएसआइसी के आयुक्त प्रणय सिन्हा, क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन,अभिषेक कुमार और संजय कुमार ने उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित किया। आरएसबी ग्लोबल के एचआर विभाग और वरिष्ठ नेतृत्व की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में 500 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। सभी ने अपनी समस्याओं एवं सुझावों को साझा किया। प्रणय सिन्हा ने आरएसबी ग्लोबल को इएसआइसी का एक महत्वपूर्ण भागीदार बताया। उन्होंने कहा कंपनी के 3000 से अधिक कर्मचारी इएसआइसी योजना के तहत बीमित हैं। इएसआइसी कर्मचारियों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने घोषणा की रांची में जल्द ही एक मेडिकल कॉलेज स्थापित किया जायेगा। निवारक स्वास्थ्य जांच शिविर में कर्मचारियों के स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता अभियान, कार्यस्थल को स्वच्छ और सुरक्षित बनाये रखने के लिए सुविधा बैठक, कर्मचारियों और प्रबंधन के बीच समन्वय को बेहतर बनाने के लिए सेमिनार और सार्वजनिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को बढ़ावा देने के लिए बेसिक लाइफ सपोर्ट, शिक्षा शिविर, आपातकालीन परिस्थितियों में आवश्यक प्राथमिक उपचार, चिकित्सा उपकरणों को क्रियाशील बनाने हेतु विशेष अभियान, बीमित व्यक्तियों व उनके आश्रितों और चैनल भागीदारों के लंबित बिलों/ दावों का शीघ्र निपटारा पर बल दिया गया।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 08 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in


# आदिवासी संगठनों ने रैंप के विरोध में बनायी मानव शृंखला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के चुटिया के सिरमटोली सरना स्थल के सामने बनाये गये फ्लाइओवर रैंप को लेकर आदिवासी संगठनों ने हरमू रोड से विधानसभा तक मानव शृंखला बनाकर विरोध दर्ज कराया। उनका कहना था कि सिरमटोली सरना स्थल आदिवासियों का पवित्र स्थल है, जहां हर साल लाखों लोग सरहुल शोभायात्रा में शामिल होते हैं। संगठनों का आरोप था कि राजेंद्र चौक से सिरमटोली तक फ्लाइओवर बनाकर और रैंप तैयार करके इस पवित्र स्थल के




सामने वाहनों का आवागमन किया जा रहा है, जिससे आदिवासी धार्मिक गतिविधियों में परेशानी उत्पन्न हो सकती है। आदिवासी मूलवासी मंच के अध्यक्ष सूरज टोप्पो ने कहा कि हम पिछले दो महीनों से फ्लाइओवर रैंप हटाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार हमारी बातों को नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि आदिवासी धार्मिक स्थल के सामने रैंप हटाने के बजाय ओवरब्रिज को आगे बढ़ाया जाये, ताकि सरहुल शोभायात्रा में किसी प्रकार की समस्या न हो। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा, मुख्य पहान जगलाल पहान, नरेश पाहन, अमित मुंडा, सुशील उरांव, मनोज उरांव, प्रेम शाही मुंडा, रवि पीटर, महादेव टोप्पो, मुकेश मुंडा, राकेश मुंडा, अंजन मुंडा, आशीष मुंडा, हेमंत मुंडा, नरेश मुंडा, राजू पहान, मुन्ना हेमरोम, मनीष उरांव, रंजीत उरांव, संदीप उरांव, अक्षत हेमरोम, सुमित टोप्पो सहित सैकड़ों आदिवासी संगठन के लोग शामिल थे।

## डॉ रामेश्वर उरांव ने विधानसभा में सरना समुदाय की मानव शृंखला का मुद्दा उठाया, विधानसभा अध्यक्ष ने लिया संज्ञान



रांची (आजाद सिपाही)। विधानसभा सत्र शुरू होते ही विधायक रामेश्वर उरांव ने सरना समुदाय द्वारा कांके रोड से लेकर विधानसभा तक बनायी गयी मानव श्रृंखला का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि हम अबुआ सरकार कहते हैं, लेकिन आदिवासी सड़क पर हैं। वे अपने धार्मिक स्थल को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। संसदीय कार्य मंत्री ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह खुद जब घर से निकले थे, तो विधानसभा तक पूरी सड़क पर मानव श्रृंखला बनी हुई थी। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से बातचीत भी की और उनकी मांगों को समझा। विधानसभा से वरिष्ठ सदस्यों को पक्ष-विपक्ष के वहां भेजा जाना जाहिए। विधानसभा अध्यक्ष ने इस मुद्दे पर संज्ञान लेते हुए निर्देश दिया कि सरहुल महापर्व के दौरान किसी भी प्रकार की बाधा न हो और सरना समुदाय की भावनाओं का पूरा सम्मान किया जाये।

## भुवनेश्वर न्यू स्टेशन से तीन महत्वपूर्ण ट्रेनें चलेंगी

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। इस्ट कोस्ट रेलवे (इसीओआर) ने भुवनेश्वर न्यू स्टेशन से तीन महत्वपूर्ण ट्रेनों के आरंभ और समापन की घोषणा करने की योजना बनायी है, जो जल्द ही भुवनेश्वर न्यू स्टेशन से आरंभ होंगी। इन ट्रेनों में भुवनेश्वर-मुंबई कोणार्क एक्सप्रेस, भुवनेश्वर-सिकंदराबाद विशाखा एक्सप्रेस और भुवनेश्वर-विशाखापत्तनम इंटरसिटी एक्सप्रेस शामिल हैं। इन बदलावों के क्रियान्वयन की तिथि की घोषणा शीघ्र ही की जायेगी। भुवनेश्वर न्यू स्टेशन से इन ट्रेनों के शुरू होने से भुवनेश्वर के उत्तरी भागों और आस-पास के क्षेत्रों के यात्रियों को बहुत लाभ मिलेगा। ये ट्रेनें मंचेश्वर रेलवे स्टेशन पर दो मिनट के लिए रुकेंगी।


### शपथ पत्र

समक्षः
श्रीमान कार्यपालक न्यायीक दण्डाधिकारी सिमरीया

शपथ पत्र सं.-1847/2002, दिनांक-25.02.2025 के अनुसार मैं श्रवणकुमार गणेशभाई शर्मा उर्फ श्रवण राणा उर्फ श्रवण कुमार राणा, धर्म हिन्दु, जाति बढ़ई, साकिन ग्राम काढ़मदिरी, पो.- खदैया, थाना-टण्ड्वा, जिला-चतरा का रहने वाला हूँ और निम्नांकित बातों का शपथपूर्वक बयान करता हूँ किः-

1. यह कि मेरा बैंक ऑफ इण्डिया सिमरिया शाखा में बचत खाता है जो श्रवण राणा के नाम से है, जिसका खाता संख्या 4826 10100009653 है।
2. यह कि उक्त खाता का के.वाई.सी. 2021 ई. से नहीं हुआ है और उससे पहले खाता में लेन देन हो रहा था।
3. यह कि करीब 2016 से मैं गुजरात में रहकर फर्निचर का व्यवसाय कर रहा हूँ और अपने घर चतरा आता जाता रहता हूँ।
4. यह कि मेरा आधार कार्ड गुजरात राज्य का बना हुआ है जहां का पता निम्न प्रकार है:
श्रवणकुमार गणेशभाई शर्मा
404 श्री घनश्याम कॉम्प्लेक्स, न्यू त्रिवेनी सोसाइटी, नियर तरणकुण्ड, शिन्गानपुर रोड, सुरत शहर, गुजरात, पिन- 395004
5. यह कि मेरा बैंक ऑफ इण्डिया, सिमरिया शाखा में पासबुक में मेरा नाम श्रवण राणा है तथा मेरा आधार कार्ड में मेरा नाम श्रवणकुमार गणेशभाई शर्मा है। इसके अलावे मेरे मतदाता पहचान पत्र में मेरा नाम श्रवण कुमार राणा है।
6. यह कि मैं उपरोक्त सभी नामों से जाना व पहचाना जाता हूँ और मुझे आज के बाद उपरोक्त सभी नामों से जाना व पहचाना जायेगा।
7. यह कि मैं इस आशय का शपथ पत्र दे रहा हूँ कि उपरोक्त सभी नाम मेरे है और मुझे सभी नामों से जाना व पहचाना जायेगा।

### दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा

मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी/चक्रधरपुर, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से कार्य करते हुए, खुली ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं; **क्रम सं. निविदा सूचना संख्या; कार्य का नाम; निविदा मूल्य (रुपयों में); बयाना राशि (1) सीकेपी-साउथ-24-25- 53;** राजखरसावां-पदा पहाड़ और पदा पहाड़-जरोली खंड में वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण)/चक्रधरपुर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत मौजूदा 4 सबवे (आरयूबी संख्या 2ए, 25/1ए, 52ए, 52बी) पर मानक ऊंचाई गेज का प्रावधान; **₹ 70,36,853.04;** ₹ 1,40,700.00; (2); **सीकेपी-साउथ-24-25- 55;** वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण)/चक्रधरपुर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत राजखरसावां-पदा पहाड़, पदा पहाड़-जरोली, पदा पहाड़-बलानी खादान खंडों में विभिन्न गर्डर पुलों पर 855 नग पुराने स्टील चैनल स्लीपरों का नए एच-बीम स्लीपरों से नवीनीकरण; **₹ 2,83,45,167.46;** ₹ 2,91,700.00 (3); **सीकेपी-साउथ-24-25-56;** चाईबासा (सीबीएसए) रेलवे कॉलोनी में लगभग 109 स्टाफ क्वार्टरों में पुरानी एसी छत शीट को गैल्वेनाइज्ड शीट से बदलने और अन्य विविध मरम्मत कार्य, जो कि सीनियर डीईएन/दक्षिण/चक्रधरपुर के अधीन एडीईएन/सीबीएसए के अधिकार क्षेत्र में है; **₹ 2,91,20,077.28;** ₹ 2,95,600.00; **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपयों में):** ₹ 0.00 (क्रमांक 1 से 3 के लिए); **खोलने की तिथिः** 28.03.2025 (क्रमांक 1 से 3 के लिए); निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदाकर्ता/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना चाहिए और आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात अपलोड किए जाने चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है, और प्राप्त किसी भी ऐसे मैनुअल प्रस्ताव को अनदेखा कर दिया जाएगा। **नोटः ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदाकर्ताओं को निःशुल्क जारी किए जाएंगे। (प्राधिकरण - रेलवे बोर्ड का पत्र संख्या 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)**

(PR-1211)


## संकल्प लेना चाहिए कि हम महिलाओं का सम्मान करेंगे, उनके अधिकारों की रक्षा करेंगे : दीपिका पांडेय सिंह



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास एवं ग्रामीण कार्य विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर रही हैं-चाहे वह शिक्षा हो, विज्ञान हो, राजनीति हो या फिर खेल, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अभी भी महिलाओं को समान अधिकारों देने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। इस महिला दिवस पर, हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम महिलाओं का सम्मान करेंगे, उनके अधिकारों की रक्षा करेंगे।

## नारी संपूर्ण सृष्टि का आधार : डॉ रामा शर्मा



रामा नर्सिंग होम के गायनोलॉजिस्ट डॉ रामा शर्मा ने कहा कि नारी केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है। वह जीवनदायिनी है, प्रेम की मूर्ति और रिश्ते संवारने वाली शक्ति है। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, ममता, और त्याग का स्वरूप माना गया है। हमारे शास्त्रों में कहा गया है- *'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमंते तत्र देवताः'* यानी जहां पर नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है। यह स्पष्ट करता है कि बहुत लंबे समय से नारी के महत्व को रेखांकित किया जाता रहा है।

## आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं : डॉ सर्बजया सिंह



मिराई आइवी एफ हॉस्पिटल की डॉ सर्बजया सिंह ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कहा कि यह दिन न केवल महिलाओं के संघर्ष, उपलब्धियों और योगदान को पहचानने के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह हमें यह सोचने पर भी मजबूर करता है कि हमें महिला सशक्तिकरण को लेकर कई सारे कदम उठाने की जरूरत है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, फिर भी कई चुनौतियाँ उनके सामने खड़ी हैं। समाज में आज भी घरेलू हिंसा, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा में असमानता, दहेज प्रथा, बाल विवाह जैसी बुराइयां मौजूद हैं। इन बुराइयों से डटकर सामना करना होगा।

## ये दिन महिलाओं को समर्पित : शिल्पी नेहा तिर्की



कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि हर साल दुनिया भर में यह दिन 8 मार्च को एक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। ये दिन महिलाओं को समर्पित है। आज आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल हर क्षेत्र महिलाओं की उपलब्धियों से भरा हुआ है। यहां तक की अब आर्मी, नेवी और इंडियन एयरफोर्स की हर ब्रांच में महिलाओं की तैनाती हो रही है। ये दिन इन्हीं उपलब्धियों को सलाम करने का दिन है। इसके अलावा इन दिन का मकसद महिलाओं के अधिकारों को लेकर जागरूकता फैलाना भी है ताकि उन्हें उनका हक मिल सके और वह पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सकें।महिलाओं के उत्थान और सुरक्षा के लिए हर नारी को जागरूक करना आवश्यक है। जिस तरह से परिवार की गाड़ी दोनों पहियों के बल पर ही आगे बढ़ती है, उसी तरह से देश व दुनिया का रथ भी नर-नारी, दोनों के सहयोग से ही खींचा जा सकेगा। जब दुनिया समावेशी विकास के पथ पर आगे बढ़ेगी, तभी महिला दिवस मनाने की सार्थकता भी है। वैचारिक रूप से हम भले ही बराबरी की तमाम बातें कर लें, लेकिन जब तक व्यावहारिक रूप से महिला और पुरुषों में समानता नहीं आयेगी, तब तक निर्भया जैसे कांडों से बच पाना मुश्किल है।

# सेंट जेवियर्स कॉलेज में फिल्म महोत्सव 'सायनाश्योर' संपन्न

14 कॉलेजों के विद्यार्थियों की फिल्में प्रदर्शित की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज के फादर सी डिब्रावर सभागार में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग और आइक्यूएसी के सहयोग से शुक्रवार को एकदिवसीय विद्यार्थी फिल्म महोत्सव 'सायनाश्योर' का आयोजन किया गया। इसे चूल्हा चौकी और जेड एक्सप्रेस कैटरिंग ने प्रायोजित किया था। बता दें कि इस फिल्म महोत्सव 'सायनाश्योर' की शुरुआत 2010 में हुई थी, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों द्वारा निर्मित फिल्मों को मंच देना है। इस महोत्सव में विद्यार्थियों के कौशल और सृजनशीलता का प्रदर्शन होता है। कोरोना के समय के बाद से यह फिल्म महोत्सव बंद हो गया था, लेकिन इस वर्ष से



इसकी धमाकेदार शुरुआत हुई। दिन भर चले समारोह में संत जेवियर्स कॉलेज समेत रांची के लगभग 14 कॉलेजों के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित, निर्देशित और अभिनीत फिल्में दिखायी गयीं।

समारोह की शुरुआत पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संतोष कुमार किड़ो के स्वागत भाषण से हुई। प्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर एसजे ने अपने संबोधन में कहा कि फिल्म समाज को समाज के समक्ष रखता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए सभी को भविष्य के लिए उत्साहित रहने का प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 'सायनाश्योर' एक ऐसा मंच प्रदान करता है, जहां विद्यार्थी खुद के द्वारा निर्मित चलचित्र कला को प्रदर्शित कर सकते हैं। महोत्सव के वृत्तचित्र वर्ग में सेंट जेवियर्स कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा बनायी गयी 'फादर वैनविंकल', 'मलारीन खोदा', 'रातू फोर्ट', 'एमटीबी फ्रीस्टाइल' फिल्म दिखायी गयी, जबकि काल्पनिक वर्ग में 'यू आर नॉट माइ वर्ल्ड', 'द डार्क एंड द लाइट' दिखायी गयी। दूसरे कॉलेज से आयी फिल्में, 'द ब्लैक सिल्वर लाइनिंग', 'सोहराय', 'वाधवा बड्र्स सैंक्चुअरी' और 'पथिक' दिखायी गयी।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में परीक्षा नियंत्रक प्रो बी के सिन्हा, उप प्राचार्य डॉ फादर अजय मिंज एसजे, पूर्व प्राचार्य डॉ फादर एन लकड़ा एसजे, प्रसिद्ध फिल्मकार मेघनाथ, आइक्यूएसी संयोजक डॉ शिव कुमार, डॉ सुशील अंकन (पूर्व निदेशक, स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन, रांची यूनिवर्सिटी), मोनिका मुंडू, बीजू टोप्पो, मास कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट की डॉ नील कुसुम कुल्लू, आलोक रंजन, संजय मंडल और विभाग के पूर्व विद्यार्थी आदि मौजूद थे। इस सफल आयोजन में पत्रकरिता विभाग के विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## महिलाओं को सशक्त बनाना होगा : सफल एक्का



डब्ल्यू जॉन बोर्डिंग स्कूल की प्रिंसपल सफल एक्का ने कहा कि अगर हम किसी समाज को मजबूत बनाना चाहते हैं, तो सबसे पहले हमें महिलाओं को सशक्त बनाना होगा। महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को उनके अधिकार, शिक्षा, रोजगार और स्वतंत्रता देना ताकि वे अपने जीवन को अपनी शर्तों पर जी सकें। महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है और इसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सम्मान देना है। महिलाओं ने इतिहास में हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है, चाहे वह शिक्षा हो, राजनीति हो, विज्ञान हो या खेल का मैदान।

# डॉ अभय कृष्ण सिंह को आइसीएसएसआर की 30 लाख की मेजर रिसर्च परियोजना विवि के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, भूगोल विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ अभय कृष्ण सिंह को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नयी दिल्ली से नील-हरित अवसंरचना के ह्रास एवं इसके जलवायुवीय-जलचक्रीय गतिकी और आजीविका पर प्रभाव विषय पर 30 लाख रुपये की मेजर रिसर्च परियोजना स्वीकृत हुई है। यह विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार है कि किसी शोधकर्ता को आइसीएसएसआर से मेजर रिसर्च परियोजना प्राप्त हुई है, जिससे यह संपूर्ण विश्वविद्यालय समुदाय के लिए गर्व का विषय बन गया है।



यह परियोजना रांची और उसके शहरी क्षेत्र में 1974 से 2024 के बीच नील-हरित अवसंरचना में आये परिवर्तनों का भू-स्थानिक तकनीकों और रिमोट सेंसिंग की सहायता से विश्लेषण करेगी। नील-हरित अवसंरचना में झीलें, नदियां, आर्द्रभूमियां, वन और शहरी हरित क्षेत्र शामिल हैं, जो जलवायु संतुलन, जल संरक्षण और स्थानीय समुदायों की आजीविका के लिए महत्वपूर्ण हैं। रांची शहर ने हाल के दशकों में भूजल स्तर की गिरावट, गर्मियों में पीने योग्य पानी की किल्लत, शहरी ऊष्मा द्वीप प्रभाव, अचानक आने वाली बाढ़ जैसी जलवायुवीय-जलचक्रीय समस्याओं का सामना किया है। यह परियोजना इन सभी समस्याओं के वैज्ञानिक समाधान विकसित करने की दिशा में कार्य करेगी।

डॉ अभय कृष्ण सिंह एक अनुकरणीय शिक्षक, अत्यंत प्रतिबद्ध शोधकर्ता एवं भू-स्थानिक तकनीकों के विशेषज्ञ हैं। वे विश्वविद्यालय के रिमोट सेंसिंग एवं जीआइएस विभाग के प्रमुख भी हैं। यह उनकी चौथी मेजर रिसर्च परियोजना है, और वे अब तक कई पीएचडी शोधार्थियों का सफल मार्गदर्शन कर चुके हैं। उन्होंने दो पुस्तकें लिखी हैं और उनके 30 से अधिक शोध-पत्र राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं।

डॉ सिंह हाइड्रोक्लाइमेटिक (जलवायुवीय-जलचक्रीय) समस्याओं के समाधान के लिए स्पंज सिटी अवधारणा के प्रबल समर्थक हैं। उनकी यह परियोजना रांची शहर में स्पंज सिटी मॉडल की व्यवहार्यता, संभाव्यता और व्यावहारिकता का मूल्यांकन करेगी, जिससे जल संरक्षण, जलभराव की रोकथाम और जलवायु संतुलन की दिशा में ठोस कदम उठाये जा सकें। यह परियोजना अगले दो वर्षों तक चलेगी, और इसके निष्कर्ष शहरी नियोजन और जलवायु प्रबंधन की प्रभावी नीतियां तैयार करने में सहायक होंगे। यह शोध न केवल रांची शहर की पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान देगा, बल्कि भारत के अन्य शहरी क्षेत्रों के लिए भी एक अनुकरणीय मॉडल तैयार करेगा।


### पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

... भरोसे का प्रतीक! ...the name you can BANK upon !

सामन्य प्रसाशन विभाग, मंडल कार्यालय, राँची
5वाँ तल, नाईल कॉम्प्लेक्स, एच.बी. रोड, कांटाटोली, रांची - 834001

### सूचना

पंजाब नेशनल बैंक, मंडल कार्यालय, रांची "जैसा है जहां है" के आधार पर **स्थिर स्थिति** में निम्नलिखित वाहनों की बिक्री के लिए मुहरबंद निविदा आमंत्रित करता है।

| क्रं. सं. | वाहन पंजीकरण सं. | न्यूनतम आरक्षित मूल्य | मेक एवं मॉडल | खरीदारी की तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 01 | JH-01-CN-3016 | 1,15,000/- + GST 18% | Car Maruti Dzire | 19.07.2017 |
| 02 | JH-01-CM-7307 | 1,02,000/- + GST 18% | Hyundai Accent | 29.07.2017 |

इच्छुक व्यक्ति प्रत्येक/ अलग वाहन के लिए मुहरबंद निविदा रुपये 5,000/- **पंजाब नेशनल बैंक** के पक्ष में ड्राफ्ट के साथ जमा कर सकते हैं। बोलियाँ उपर्युक्त पते पर **24.03.2025 को शाम 04:00 बजे** तक प्राप्त की जाएंगी एवं **25.03.2025 को शाम 04:00 बजे** खोली जाएंगी। निविदा खोलने के समय कोई भी कोई भी बोलीदाता एवं उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते हैं। वाहन का निरीक्षण **10.03.2025 से 20.03.2025** तक किसी भी कार्य दिवस पर हमारी उपर्युक्त पते पर **सुबह 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे** के बीच किया जा सकता है। बैंक किसी भी/ सभी प्रस्ताव को बिना कोई कारण बताये स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

दिनांक : 08.03.2025 मंडल प्रमुख

### Jharkhand Education Project Council

JSCA, Stadium Road, Sector-3, Dhurwa, Ranchi – 834004
Phone : 0651-2444501, 2444502, Fax – 2444506,
e-mail: jepcranchi1@gmail.com

Ref. No.:QU/40/87/2025/837 Date: 07/03/2025

**E-Tender Notice**

JEPC, Ranchi invites E-Bids for supply of teaching learning materials kit for age 1 to 6 and for age 7 and above, supply and installation of indoor furniture and supply and installation of outdoor play material for early childhood and education (ECE)/pre-primary centre's in government schools of Jharkhand for the year 2025-26. Bidders can download bid documents from website **https://jharkhandtenders.gov.in** from 08.03.2025 (11.00 AM), onwards. Last date/Time for receipt of bids through e-tender is 24.03.2024 up to 03:00 PM.

Sd/-
(Shashi Ranjan)
State Project Director

PR 348112 (Jharkhand Education Project Council) 24-25


# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति दी

स्वास्थ्य जांच हेतु चिकित्सा कैंप का भी आयोजन किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पूर्व मध्य रेल द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यालय मुख्यालय, हाजीपुर स्थित वैशाली रेल प्रेक्षागृह में महिला रेलकर्मियों के लिए सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह और पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष सुनिता सिंह ने समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा द्वारा पांचों मंडलों एवं मुख्यालय के रेलकर्मियों के उच्च तकनीकी/व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहीं 446 चयनित पुत्रियों को कर्मचारी कल्याण निधि से छात्रवृत्ति के रूप में 80.30 लाख रुपये की राशि वितरित की गयी। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामानएं देते हुए कहा कि अंतराष्ट्रीय महिला दिवस आधी




आबादी के संघर्षों को याद करने का भी दिन है जिसके कारण आज महिलाएं जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में यथा-सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक में सफल हुई है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेल में आज लगभग एक लाख महिलाएं कार्यरत हैं जिनमें लगभग 5000 महिलाएं पूर्व मध्य रेल में अधिकारी, डॉक्टर, पारा मेडिकल स्टाफ, लोको पायलट, स्टेशन मास्टर, इंजीनियर, गार्ड, ट्रैक मेंटेनर, जैसे महत्वपूर्ण एवं संरक्षा से जुड़े पदों पर कार्य करते हुए रेल और देश के विकास में योगदान दे रहीं हैं।

पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनिता सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष महिलाओं की उपलब्धियों एवं लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमलोग अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को उत्सव के तौर पर मनाते हैं। आज देश हीं नहीं, विश्व पटल पर महिलाओं के नेतृत्व की सराहना सर्वत्र हो रही है। जहां देश का नेतृत्व महिला के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू के हाथों में है वहीं, भारतीय रेल भी इसमें पीछे नहीं है क्योंकि लगभग एक लाख महिलाएं भारतीय रेल को प्रगति के पथपर अग्रसर करने में अपना योगदान दे रहीं हैं। इसके साथ ही अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पूर्व मध्य रेल मुख्यालय में महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष सुनिता सिंह के नेतृत्व में महिला रेल कर्मचारियों के स्वास्थ्य जांच के लिए हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया।

## श्री श्याम प्रभु के ध्वजा शोभायात्रा का स्वागत किया




**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री श्याम फाल्गुन सतरंगी महोत्सव के पावन मंगल अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा प्रभु श्री श्याम की अलौकिक सुंदर नयनाभिराम झांकियां के संग बाबा रांची नगर भ्रमण को निकले। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु की अनुपम ध्वजा के संग सैकड़ों की संख्या में नर नारी श्री श्याम प्रेमी भी संग में थे। लोहिया चौक स्थित बजरंग ट्रेडर्स के बाहर हरियाणा संघ एवं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा सभी श्री श्याम भक्तों का अभिनंदन और स्वागत किया जायेगा। इस अवसर पर श्याम प्रेमियों के बीच निर्मल जल और ठंडे पेय जूस का वितरण किया गया। संस्था की ओर से रथ पर विराजमान भगवान श्री श्याम पर पुष्प वर्षा, आरती और प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था की ओर से ललित पोद्दार, विनोद जैन, पवन शर्मा, प्रमोद सारस्वत, अनिल अग्रवाल, मनोज बजाज, अंजय सरावगी, विजय खोवाल, मनोज रूइया, पवन पोद्दार, राहुल शर्मा, कमल शर्मा, विनोद बगड़िया, शंकर लाल शास्त्री, राजीव चौधरी, पुरषोत्तम अग्रवाल थे।


### झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा।

पाण्डेय गणपत राय भवन प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा पिन –835302
E-mail :- ssaloh@rediffmail.com / lohardagassa@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(ग) के तहत शैक्षणिक सत्र 2025–26 में झारखण्ड सरकार , स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (प्राथमिक शिक्षा निदेशालय) अधिसूचना संख्या 8/वि0–1–29/2011–237 दिनांक 16.02.2016 के आलोक में लोहरदगा जिलान्तर्गत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों (Recognized Private Schools) के कक्षा –1 में कुल क्षमता सीटों के 25% सीटों पर अभिवंचित (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय, 40 प्रतिशत से अधिक निःशक्तता युक्त एवं अनाथ बच्चे) एवं कमजोर वर्ग/बी0पी0एल0 (जिनके अभिभावक की वार्षिक आय 72000/–(बहत्तर हजार) रूपये से कम हो तथा अंचलाधिकारी से आय प्रमाण पत्र निर्गत हो) बच्चों का नामांकन किया जाना है। इस हेतु लोहरदगा जिले के अभिवंचित/बी0पी0एल0 कोटि के सभी बच्चों/अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि जिले में संचालित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के कक्षा –1(Class-1) में नामांकन हेतु आवेदन www.jeplohardaga.in पर दिनांक 25.02.2025 तक किया जाना था, को विस्तारित करते हुए दिनांक 15.03.2025 तक किया जाता है। नामांकन से संबंधित अधिसूचना एवं विस्तृत जानकारी वेबसाईट पर उपलब्ध है। विद्यालयों की सूची निम्नवत् है :–

| क्र0 | विद्यालय का नाम | कक्षा 1 में सीटों की कुल क्षमता में आधार पर 25 प्रतिशत सीटों की संख्या | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | सुन्दरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर, लोहरदगा। | 12 | |
| 2. | एम0बी0डी0ए0वी0 पब्लिक स्कूल, लोहरदगा। | 08 | |
| 3. | संत लॉरेन्स स्कूल झिंको चट्टी, भण्डरा, लोहरदगा। | 10 | |
| 4. | संत चार्ल्स स्कूल, जांगी, कुडू, लोहरदगा। | 30 | |
| 5. | संत अन्ना बालिका मध्य विद्यालय, पतराटोली, लोहरदगा। | 10 | |
| 6. | के0के0एम0 पब्लिक स्कूल, हरमू, लोहरदगा। | 10 | |
| 7. | अभिराम पब्लिक स्कूल, टीको, कुडू। | 13 | |

गैर सहायता प्राप्त निजी विद्यालयों के प्रवेश कक्षा के न्यूनतम 25 प्रतिशत सीट पर नामांकन हेतु प्रवेश कार्यक्रम निम्नवत् है :–

| क्र0 | नामांकन हेतु कार्यक्रम | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | नामांकन प्रक्रिया की शुरूवात एवं ऑनलाइन फार्म भरने की प्रारंभिक तिथि | 28.01.2025 |
| 2 | वेबसाइट में ऑनलाइन आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि | 15.03.2025 |
| 3 | नामांकित बच्चों की सूची प्रकाशित करने की तिथि | 29.03.2025 |

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा।

PR 348023 (Lohardaga) 24-25 (D)

## रेफरल अस्पताल सिसई के कर्मी ने मजदूर से कैथेटर लगाने के लिए वसूले छह सौ

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिसई प्रखंड के बन्डो पंचायत के अरको महुआ टोली गांव निवासी महेंद्र उरांव (20 वर्ष) पिता जतरु उरांव से रेफरल अस्पताल सिसई में इलाज के नाम पर 600 की वसूली का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी देते हुए पिता जतरू उरांव ने बताया पुत्र के बीमार होने पर गांव के ही डॉक्टर और वैध से इलाज कराया। एक डॉक्टर ने उसे इंजेक्शन लगाया था जो रिएक्शन कर गया जिसके बाद उसका पेशाब बंद हो गया। शुक्रवार को उसे रेफरल अस्पताल सिसई ले गये। जहां अस्पताल के कर्मी ने पेशाब के रास्ते में यूरिन पाइप लगाने का 600 की मांग की। किसी तरह 600 का व्यवस्था कर उसे दिया तब पाइप लगाया गया। वहीं मेरे बेटे को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। एंबुलेंस से उसे शुक्रवार की रात सदर अस्पताल लेकर गये। जहां पुर्जा काटने का पैसा नहीं होने के कारण एंबुलेंस चालक ने पैसा देकर पुर्जा कटवाया। लेकिन मजदूर पिता के चेहरे में उस समय मायूसी छा गयी जब सदर अस्पताल में डॉक्टर ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। पिता ने कहा कि रिम्स ले जाने के लिए हम लोगों के पास पैसा भी नहीं है। मजबूर पिता ने बताया हम लोग कभी रांची भी नहीं गये हैं और पैसा भी नहीं है ऐसे में कैसे इलाज करेंगे किसी तरह इसका यही पर इलाज कर दीजिए।

## करौंदी बगीचा में तेली जतरा कल




**गुमला (आजाद सिपाही)।** आगामी नौ मार्च दिन रविवार को करौंदी बगीचा में छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज द्वारा आयोजित वार्षिक तेली जतरा में 15 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया जायेगा और होली मिलन समारोह का आयोजन होगा। इस संबंध में शुक्रवार को बड़ाईक मुहल्ला में राधा मोहन के मकान में छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज तेली जतरा के संस्थापक हीरा साहु, केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग, संयोजक किशोर साहु, सह संयोजक दुर्गा साहु, राधा मोहन साहु, दीपक साहु, मुनेश्वर साहु,श्याम सुंदर साहु आदि ने प्रेस कांफ्रेंस कर तेली जतरा सह सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रम में सभी धर्म जाति के लोगों से भाग लेने की अपील की है। कहा कि तेली जतरा में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री तोखन साहु, सांसद ढुल्लू महतो, पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज साहु सहित तेली समाज के अलग-अलग क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों को सम्मानित अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। गुमला जिला से सभी जाति धर्म को भी आमंत्रण दिया गया है। संयोजक किशोर साहु ने कहा कि करौंदी रथ बगीचा में नौ बजे से वैवाहिक कार्यक्रम आरंभ हो जायेंगे। 15 गरीब कन्याओं को सनातन धर्म रीति रिवाज से शादी कराया जायेगा। इसके लिए गरीब कन्या व वर का चयन कर लिया गया है। मेला आयोजन स्थल में मंच तंबू लाइट पार्किंग आदि की तैयारी की जा रही है। शादी के बाद वर-कन्याओं का नगर भ्रमण होगा। ठेठ नागपुरी गीत संगीत के बीच होली का आगाज किया जायेगा और मंचीय कार्यक्रम के माध्यम से तेली एकता को बनाए रखने का आह्वान किया जायेगा। हीरा साहु ने कहा कि वर्तमान परिवेश तेली जाति के लिए अनुकूल नहीं है। आरक्षण शून्य कर पिछड़ी जाति का भविष्य को अंधकारमय बना दिया गया है। एसटी की मांग लंबे समय से लंबित है।

# जय सरना आजीविका सखी मंडल महिलाओं को बना रही आत्मनिर्भर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिले में संचालित उज्जना बीज्जना अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण और आजीविका संवर्धन की दिशा में जय सरना आजीविका सखी मंडल, ग्राम डुमरी, प्रखंड डुमरी ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। जिला प्रशासन, जेएसएलपीएस के सहयोग से सखी मंडल को किशोरी सुपर नोवा सैनिटरी पैड निर्माण इकाई के रूप में स्थापित किया गया, जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ।

**रोजगार से आत्मनिर्भरता की ओर कदम**

जय सरना आजीविका सखी मंडल के 12 सदस्य पूर्व में असंगठित कार्यों में लगे थे और रोजगार के अभाव में आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में इस समूह को आरएसइटीआइ गुमला में पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसके बाद उन्हें सैनिटरी पैड निर्माण के लिए मशीन उपलब्ध करायी गयी। इससे समूह की महिलाओं को प्रतिदिन नियमित रोजगार मिलने लगा, जिससे वे अपने परिवार का भरण-पोषण सुचारू रूप से कर पा रही हैं।

**स्थानीय व राष्ट्रीय स्तर पर पहचान**

सखी मंडल द्वारा निर्मित किशोरी सुपर नोवा सैनिटरी पैड्स का उत्पादन और विपणन द हंस फाउंडेशन एवं जिला समाज कल्याण विभाग, गुमला और विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से किया जा रहा है। एवं महिलाओं की मासिक इनकम लगभग 3 लाख रुपए की हो गयी है। इस पहल की सफलता को देखते हुए, झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह एवं नीति आयोग की टीम ने इस इकाई का दौरा कर महिलाओं के प्रयासों की सराहना की।

# बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं देने का अभियान चलेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में गुरुवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा से संबंधित बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात प्रबंधन, एवं सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक चर्चा की गयी। उक्त बैठक में सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके कारणों की विस्तृत समीक्षा की गयी। उपायुक्त गुमला, द्वारा कार्यपालक अभियंता रास्ट्रीय उच्च पथ, कार्यपालक अभियंता राजकीय पथ प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल, एवं स्टेट हाईवे ऑथोरिटी ऑफ झारखंड, एनएचएआइ रांची, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग सभी को आदेश दिया गया कि जिन-जिन सड़क पर साइनेज बोर्ड नहीं लगाया हो उस स्थानों पर साइनेज बोर्ड जल्द से जल्द लगाया जाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिला में जिन जिन स्थानों पर घुमावदार सड़क है उन स्थानों पर शॉर्ट टर्म कार्य जैसे कैट्स आइ, रेडियम पेंट, डेलीनेटर लगाना सुनिश्चित करें। साथ ही रोड में बने हुए गड्ढों को भरने का कार्य जल्द कराना सुनिश्चित करें। सभी चिन्हित ब्लैक स्पॉट एवं वल्नरेबल स्पॉट पर शीघ्र कार्य करें।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिले में जिस स्थान पर भी घुमावदार सड़क है, वहां क्रेश बैरियर लगाया जाए, जिससे कि वाहन दुर्घटनाओं में कमी आएगी एवं आम जनों को वजन परिचालन में कोई समस्या नहीं होगी। साथ हीं उन्होंने यह आदेश दिया बाईपास रोड में निर्माण कार्य के साथ रोड साइनेज बोर्ड एवं सड़क सुरक्षा संबंधित बोर्ड लगाया जाय। बसिया प्रखण्ड स्थित रांची-सिमडेगा मुख्य पथ में कोयल नदी पुल में क्षतिग्रस्त हुए गार्डवाल को यथाशीघ्र बनाने का निर्देश दिया गया। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट नो पेट्रोल का अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो पहिये वाहनों की चेकिंग अभियान निरंतर चलाया जाये। जिससे कि रैश ड्राइविंग, ड्रिंक ड्राइव एवं बिना हेलमेट वाहन चालक पर सख्ती बरती जा सके।

## सड़क दुर्घटना एक की मौत, दूसरा घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** तेज रफ्तार और बिना हेलमेट बाइक चलाने के कारण शुक्रवार को एक युवक की जान चली गयी जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दर्दनाक हादसा नेशनल हाइवे में पालकोट थाना क्षेत्र के बघिमा स्वास्थ्य उपकेंद्र के समीप हुई। मृतक की पहचान भरनो थाना क्षेत्र के करौंदाजोर निवासी अंजन उरांव 22 वर्ष के रूप में की गयी। जबकि पालकोट निवासी कालिका महतो घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार अंजन उरांव गुमला से पालकोट की ओर जा रहा था। जबकि कलिका महतो पालकोट से गुमला की ओर जा रहा था।

# अकीदत के साथ मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अदा की जुमे की नमाज

**देश की तरक्की, राज्य की खुशहाली और शहर की अमन और शांति की मांगी दुआएं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** पवित्र माह रमजान में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अकीदत के साथ जुम्मे की नमाज अदा की। यह माहे रमजान के पहले जुमे की नमाज थी। नमाज के पूर्व जामा मस्जिद के इमाम मौलाना इनआम रब्बानी ने कहा कि रमजान में जकात देना चाहिए। हर साहब ए नसाब को साल में एक बार अपनी पूंजी या सोने चांदी के जेवरों पर ढाई परसेंट का ब्याज देना फर्ज है। यह फर्ज ऐसे व्यक्तियों पर है जिनके पास 7 तोला सोना या फिर साढ़े 52 तोला चांदी या इसके बराबर की कीमत मौजूद हो। जिनके पास यह संपत्ति है उन पर जकात फर्ज है। जकात की रकम वैसे व्यक्तियों को देना चाहिए जो निहायत ही गरीब और जरूरतमंद है। उन्होंने कहा कि इस्लाम ने धर्म के साथ-साथ इंसानियत पर बल दिया है। इसलिए नमाज रोजा हज के साथ-साथ जकात भी फर्ज किया गया है। पहले जुमे की नमाज शहर के जामा मस्जिद में मौलाना इनाम रब्बानी ने पढ़ाई। वही गौसिया मोती मस्जिद में हाफिज जाहिद साहब की इमामत में नमाज अदा की गयी। कादरिया मस्जिद, मस्जिद रजा ए हबीब, मस्जिद गौसुल बरा, मस्जिद फैजाने मुस्तफा, मस्जिद फैजाने रजा, मस्जिद जैनब ,मदीना मस्जिद, मक्का मस्जिद, मस्जिद होदा सहित शहर की तमाम मस्जिदों में जुम्मे की नमाज अदा की गयी। नमाजियों ने देश की तरक्की, राज्य की खुशहाली, शहर की अमन और शांति के साथ साथ आपसी भाईचारे के लिए अल्लाह से दुआएं मांगी।

## जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन




**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला द्वारा राष्ट्रीय अविष्कार अभियान अंतर्गत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गुमला में कक्षा 6 से 8 के स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां तथा अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ज्योति खलखो द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर इस की औपचारिक शुरूआत की गयी। जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता हेतु सभी प्रखंड में क्विज का आयोजन कराते हुए सभी प्रखंड से दस दस विजेता प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया था। जिला स्तरीय क्विज हेतु सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी रोज मिंज एवं संयोजक दिलदार सिंह के नेतृत्व में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में विशुनपुर प्रखंड प्रथम स्थान पर रहा तथा बसिया एवं गुमला प्रखंड क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। इस क्विज प्रतियोगिता के संचालन में बीपीओ अभिजीत, लालचंद्र शेखर नाथ शहदेव, ओमप्रकाश दास, एपीओ शुभकामना प्रसाद, मीतू सिन्हा, शिक्षक अशोक कुमार, सुमित कुमार नन्द, शिल्पी कुजूर, निलेश मिश्र आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। सभी विजेता टीम के प्रतिभागियों को मेडल, प्रमाणपत्र सहित शील्ड वितरण किए गए तथा भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को डायरी एवं इंस्ट्रूमेंट बॉक्स आदि वितरण किये गये। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा कहा गया कि इस क्विज के माध्यम से बच्चों के ज्ञान में अभिवृद्धि होगी। जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा सभी विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी गयी।

## जुरा में झूल रहे हैं 11 हजार वोल्ट के तार, मिशन बदलाव ने विद्युत कार्यपालक अभियंता को कराया अवगत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव टीम ने भरनो के जुरा गांव में पिछले महीने बंधन उरांव के नेतृत्व में दौरा किया था। बंधन ने बताया था कि 11 हजार का वोल्ट का तार काफी झूल गया है जिससे कभी बड़ी घटना घट सकती है और बड़ी घटनाओं को आमंत्रित किया जा रहा है। बंधन उरांव ने बताया कि था कि कई दिनों से ग्रामीण इस समस्या को झेल रहे है और प्रशासनिक पदाधिकारी उदासीन रवैये अपनाए हुए है। गुरुवार को मिशन बदलाव की टीम जिला अध्यक्ष बिनोद साहु के नेतृत्व में कार्यपालक अभियंता गुमला को आवेदन-पत्र सौंप कर पदाधिकारी को अवगत कराया और मामलों को गम्भीरता से लेने का आग्रह किया। बिनोद साहू ने कहा कि मामलों को लेकर लेकर पदाधिकारी गंभीरता दिखाये है। आज पदाधिकारी को आवेदन देने में जिला अध्यक्ष बिनोद साहू, नगर निगम अध्यक्ष ज्योति वर्मा, नगर सचिव ज्योति ग्लयोरिया कुजूर ने विद्युत विभाग को बताया कि यह समस्याएं करीब 5 साल से है और इसी जर्जर हालत में ग्रामीण झेल रहे। आज तक विभाग से कोई भी आदमी देखने सुनने नहीं गया था।







































## महिला दिवस नारी शक्ति का उत्सव है : अनीता अग्रवाल



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** 'नारी तू नारायणी' यह सिर्फ एक कहावत नहीं, बल्कि हमारे समाज की सच्चाई होनी चाहिए। हर वर्ष 8 मार्च को मनाया जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हमें यह याद दिलाता है कि महिलाओं का सम्मान, सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता केवल एक दिन की बात नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह हर दिन की जिम्मेदारी होनी चाहिए। उक्त बातें पहला कदम स्कूल की सचिव अनीता अग्रवाल ने कही। उन्होंने कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। चाहे वह विज्ञान हो, राजनीति हो, शिक्षा या खेल। वे सिर्फ घर तक सीमित नहीं, बल्कि देश के निर्माण में भी अहम भूमिका निभा रही हैं। लेकिन यह भी सच है कि समाज में अभी भी कई जगहों पर महिलाओं को समान अवसर और सम्मान नहीं मिलता। जब भी महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की बात आती है, तो कई लोग पीछे हट जाते हैं। यह सोच हमें बदलनी होगी। उन्होंने कहा कि सिर्फ कानून और नीतियां बना देने से महिलाओं की स्थिति नहीं बदलेगी। जब तक समाज की मानसिकता नहीं बदलेगी। हर महिला को समान अवसर, समान वेतन और एक सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए। जब एक महिला का सम्मान किया जाता है, तो पूरा समाज आगे बढ़ता है। महिला दिवस पर पहला कदम की ओर से हम यह संकल्प लेते हैं कि हर महिला को सम्मान देंगे, उनकी शक्ति को पहचानेंगे और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करेंगे। समाज की हर लड़की और महिला को यह विश्वास दिलाएंगे कि वह किसी से कम नहीं।

## बुजुर्ग महिला ने बेटे-बहू पर लगाया जबरन मकान अपने नाम करने का आरोप, डीसी से की शिकायत



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में डीसी माधवी मिश्रा की ओर से शुक्रवार को जनता दरबार लगाकर जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतें सुनी। इसी बीच बरवाअड्डा की एक बुजुर्ग महिला ने डीसी को बताया कि उसके दोनों बेटे-बहुएं जबरन मकान उनके नाम कर देने का दबाव बना रहे हैं। मना करने पर दोनों विभिन्न तरह से प्रताड़ित करते हैं। महिला ने डीसी से उनकी हरकतों पर अंकुश लगाने और सुरक्षा प्रदान करने की गुहार लगाई। वहीं एक बुजुर्ग ने बताया कि वह कुसुम विहार के एक अपार्टमेंट में काम करते थे। पर अपार्टमेंट वालों के आपसी विवाद के कारण उन्हें कई महिनों से भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने भुगतान करा देने और वृद्धा पेंशन दिलाने का अनुरोध किया। इसके अलावा जनता दरबार में गैर आबाद जमीन पर अवैध कब्जा करने, अंचल कार्यालय द्वारा म्यूटेशन नहीं करने, काम कराकर मजदूरी नहीं देने, जमीन पर अवैध सड़क निर्माण करने, बीसीसीएल के एरिया नंबर 10 अंतर्गत चल रहे ओपन कास्ट परियोजना में जबरन जमीन पर कब्जा करने, पानी, बिजली की समस्या सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। डीसी ने सभी आवेदनों के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद आदि मौजूद थे।

## ट्रेन की चपेट में आने से बीसीसीएल कर्मी की मौत

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भागाबांध के रहने वाले बीसीसीएल कर्मी बासुदेव बेलदार (45) की गुरुवार की रात साउथ बलिहारी रेलवे फाटक के समीप रेल पटरी के समीप मालगाड़ी की चपेट में आने से कटकर मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस, भागाबांध ओपी पुलिस एवं मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और शव की पहचान की। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## अवर प्रादेशिक नियोजनालय में रोजगार मेला शुरू

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण और कौशल विभाग की ओर से धनबाद के अवर प्रादेशिक नियोजनालय में शुक्रवार को दत्तोपंत ठेंगरी रोजगार मेले का आयोजन हुआ। बेरोजगार युवाओं के लिए 19 कंपनियों ने 815 वैकेंसी की घोषणा की। वहीं, कई स्थानीय कंपनियों ने रोजगार मेले में वैकेंसी देते हुए अपने-अपने स्टॉल लगाये थे। पता चला है कि रोजगार मेले में नौ से 45 हजार रुपये तक की नौकरी देने की घोषणा की गयी है। आवेदकों को अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, नियोजनालय का निबंध कार्ड, बायोडाटा और स्थानीय निवास प्रमाण पत्र (न्यूनतम सीओ से निर्गत) के साथ आने को कहा गया है।

# पेड़ से लटका मिला मजदूर का शव

## शराब के नशे में आत्महत्या करने का संदेह

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** थाना क्षेत्र के जामडीहा के जंगल में 45 वर्षीय एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटकता बरामद किया गया। उसकी पहचान गौतम बाउरी के रूप में हुई है। वह कांड्रा पंचायत के महुदा मोड़ का रहने वाला था। वह पेशे से दिहाड़ी मजदूर था। शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने पेड़ पर लटकता शव देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को पेड़ से उतारा और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। प्राथमिक जांच के आधार पर पुलिस का मामना है कि गौतम ने आत्महत्या की है। दूसरी ओर, मृतक की पत्नी शांतना देवी ने बताया कि प्रतिदिन की भांति गुरुवार की रात भी गौतम शराब पीकर घर आया था। जहां कुछ बातों को लेकर परिवार के सदस्यों से झगड़ा करने के बाद बाहर निकला और बाजार की ओर चला गया। रातभर उसकी काफी खोजबिन की गयी, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इस बीच सुबह ग्रामीणों ने जमडीहा स्थित जंगल में उसे फंदे के सहारे पेड़ से लटकता देखा। ग्रामीणों ने घटना की सूचना महुदा पुलिस और परिजनों को दी। खबर पाते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पंचनामा कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में पत्नि सहित दो पुत्र है। महुदा मोड़ स्थित किराये के मकान में रहकर जीवन यापन करता था। पुलिस ने कहा कि परिवार के सदस्यों से झगड़ा करने के बाद शराब के नशे मे उन्होंने फंदा लगाकर खुदखुशी की हैं।

## नाबालिग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के जियालगड़ गांव में 14 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान निशा कुमारी के रूप में हुई है। वह गोसाइंडीह उत्क्रमित उच्च विद्यालय में कक्षा 8वीं की छात्रा थी। उधर, घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। हालांकि खबर लिखे जाने तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।

## विधायक ने विस में उठाया राज्यभर के स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में 50 करोड़ की वित्तीय अनियमितता का मुद्दा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विधायक राज सिन्हा ने झारखंड विधानसभा में शुक्रवार को राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग से प्रश्न किया। धनबाद सहित पूरे राज्य में लगान रसीद, म्यूटेशन और भूमि से संबंधित ऑनलाइन प्रक्रिया में खासकर धनबाद अंचल में आम लोगों को हो रही समस्याओं से संबंधित मुद्दा उठाया। कहा कि आम लोगों की समस्याओं का समाधान एवं बिचौलियों के चक्कर में लोगों को ना पड़ना पड़े इसलिए ऑनलाइन की प्रक्रिया पूरे राज्य में लागू किया गया था। कहा कि क्या यह बात सही है कि धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, रांची, चतरा, हजारीबाग और गिरिडीह सहित राज्य के कई अन्य जिलों में रैयतों द्वारा भूमि का लगान ऑनलाइन जमा करने के लिए सरकार द्वारा संचालित 'झार-भूमि एप' के भुगतान प्रक्रिया को संबंधित अंचल अधिकारियों द्वारा बंद कर रखी जाती है। जब रैयत अपनी भूमि का लगान जमा करना चाहतें है तो पहले उसे संबंधित अंचलाधिकारी से उक्त संबंध में मिलने को बाध्य होना पड़ता है, जिस कारण राज्य के अंचल कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम सीमा को पार कर रहा है। विधायक ने सवाल किया कि राज्य में संबंधित अंचलाधिकारियों की ऐसी कार्यशैली के कारण लगभग 50 लाख से भी ज्यादा रैयत अपनी भूमि का लगान जमा करने से वंचित है। उन्होंने पूछा कि सरकार राज्य में सभी रैयतो को भूमि लगान ऑनलाइन जमा करने की प्रक्रिया को ओपन करने का विचार रखती है तो कर क्यों नहीं रही है। विधायक ने अल्प सूचित प्रश्न के अंतर्गत झारखंड विधानसभा में प्रश्न किया कि क्या वित्तीय वर्ष 2023 24 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा राज्य भर के स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में करीब 50 करोड़ की वित्तीय अनियमितताएं हुई है। जिसमें जननी सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम ,महिला बंध्याकरण और मोतियाबिंद ऑपरेशन के नाम पर खर्च कर दी गई हैं। उन्होंने स्वास्थ्य संबंधित योजना में खर्च हुए करीब 50 करोड़ रुपये के खर्च का हिसाब विवरण ही उपलब्ध कराने और वित्तीय अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों को चिन्हित कर उन पर अविलंब विधि सम्मत कार्रवाई करने की मांग की।

## जांच के दौरान असर्फी अस्पताल और ननि के कर्मियों में बहस

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद नगर निगम (ननि) ने शहर में पेयजल संकट को दूर करने और जल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए अवैध जल कनेक्शनों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू किया है। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने बारामुरी, बी पॉलिटेक्निक और असर्फी हॉस्पिटल में जल कनेक्शन की जांच की। असर्फी अस्पताल में जांच के दौरान नगर निगम इंस्पेक्टर अनिल कुमार और अस्पताल कर्मचारियों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। दो घंटे तक चले इस हाई वोल्टेज ड्रामे के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। सूत्रों के अनुसार, ऊपर से एक फोन कॉल आने के बाद मामला शांत हो गया और जांच अधूरी रह गई। नगर निगम पूरे शहर में अवैध जल कनेक्शनों पर शिकंजा कसने के लिए लगातार छापामारी कर रहा है। गर्मी के मौसम में जल संकट को देखते हुए, अवैध जल उपभोक्ताओं पर विशेष नजर रखी जा रही है। निगम द्वारा अवैध कनेक्शन धारकों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं और आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। नगर निगम की इस सख्ती से अवैध जल उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया है। अधिकारी जल संकट को गंभीरता से लेते हुए सख्त कार्रवाई की तैयारी में हैं।

# सीआरपीएफ के दो अधिकारियों की गोली मारकर हत्या करने के दोषी दो जवानों को आजीवन कारावास की सजा

## साल 2019 में झारखंड विधानसभा चुनाव में गुमला में ड्यूटी के दौरान मारी थी गोली

## शराब के अत्यधिक सेवन के बाद एके-47 से बरसायी थी अंधाधुंध गोलियां

आजाद सिपाही संवाददाता



**तेनुघाट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज प्रथम अनिल कुमार ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिला अंतर्गत मोरार निवासी दीपेंद्र यादव एवं मुरैना जिले के घोस गांवा निवासी राजदीप सिंह को हत्या के मामले दोषी पाए जाने के बाद आजीवन कारावास की सजा सुनाई। गौरतलब हो कि वाद के सूचक उत्तर प्रदेश के हापुड़ निवासी कुलदीप सिंह बाना ने चतरो चट्टी थाना प्रभारी के समक्ष बयान दर्ज कराया था। जिसमें वह सीआरपीएफ 226 बटालियन में निरीक्षक-जीडी के पद पर कार्यरत है। नौ दिसंबर 2019 को झारखंड विधानसभा चुनाव में ड्यूटी के लिए गोमिया विधानसभा क्षेत्र के बोकारो के चतरोचट्टी थाना अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुर्कनालो क्लस्टर में कंपनी के साथ आया था। जहां रात 8.45 बजे सहायक उप निरीक्षक पूर्णानंद भुईयां और आरक्षी दीपेंद्र यादव के बीच झड़प हो गयी थी। उसके बाद दीपेंद्र यादव कुर्कनालो क्लस्टर के नए भवन में गए जहां वह रहते थे। वहां से अपना एक-47 राइफल लेकर भवन से बाहर निकल कर रोड से ही फायर करते हुए क्लस्टर के पुराने भवन की तरफ आने लगे। कैंपस में प्रवेश कर अंधाधुंध फायर करने लगे जिसमें पूर्णानंद भुईयां घायल हो गए। उधर, गोली चलने की आवाज सुनकर कंपनी कमांडर साहुल हरसन अपने कमरे से अपना एक-47 लेकर आए तो उनको भी दीपेंद्र यादव ने गोली मारकर घायल कर दिया। आरक्षी हरिश्चंद्र खाखोलरी भी गोलीबारीमें घायल हो गए। इसके बाद दीपेंद्र यादव वहां से भागने लगा, लेकिन तबी गिर जाने से वह भी चोटिल हो गया। सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल आईएल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने पूर्णानंद भुईयां और साहुल हरसन को मृत घोषित कर दिया. जबकि हरिश्चंद्र खाखोलरी और दीपेंद्र यादव को हेलीकॉप्टर से बेहतर इलाज के लिए रांची भेज दिया। इस घटनाक्रम में आरक्षी राजदीप सिंह के हाथ में भी एके-47 देखा गया। दीपेंद्र यादव और राजदीप सिंह दोनों ने काफी शराब पी रखी थी। उक्त बयान के आधार पर चतरोचट्टी थाना में मामला दर्ज किया गया। आरोप पत्र दाखिल होने के बाद मामला स्थानांतरण होकर जिला जज प्रथम अनिल कुमार के न्यायालय में आया। जहां उपलब्ध गवाह एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद जिला जज प्रथम अनील कुमार ने हत्या के मामले में सिद्ध दोषी पाये जाने पर दीपेंद्र यादव और राजदीप सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके बाद दोषी दीपेंद्र यादव और राजदीप सिंह को तेनुघाट जेल भेज दिया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक विजय कुमार साहू ने बहस किया ।


## कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा

Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com

### ।। आम डाक सूचना ।।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए नगर परिषद, क्षेत्रान्तर्गत सैरातों का बन्दोबस्ती दिनांक–18.03.2025 को अपराह्न 11:30 बजे से कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा के सभा कक्ष में किया जाएगा। इच्छुक डाकवक्ता वित्तीय वर्ष– 2025–26 के डाक की शर्तो का अक्षरशः पालन करते हुए भाग ले सकते है।

**डाक की जाने वाले सैरातों की विवरणी निम्न प्रकार है:–**

| क्र0 | सैरातो का नाम | सरकारी डाक की राशि | डाक बोलने हेतु जमानत की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | शहरी क्षेत्र में सभी व्यावसायिक वाहनों का पड़ाव सह चूंगी वसूली | 64,07,500.00 | 6,40,750.00 |
| 2 | बड़ा गुदरी अपर बाजार | 9,71,300.00 | 97,130.00 |
| 3 | पत्तराटोली स्थित गुदरी | 3,32,558.00 | 33,256.00 |
| 4 | मुविंग ठेला | 4,89,621.00 | 48,962.00 |
| 5 | सोमार बाजार (साप्ताहिक) | 1,59,600.00 | 15,960.00 |

नोटः– सैरात डाक की विस्तृत नियम एवं शर्ते कार्यालय अवधि में कार्यालय नगर परिषद लोहरदगा के सूचना पट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 348091 Lohardaga(24-25)#D

## नीलाम पत्र पदाधिकारी,(खनन),–सह–उप निदेशक खान का कार्यालय उत्तरी छोटानागपुर अंचल, हजारीबाग।

### : सूचना :

नीलाम पत्र पदाधिकारी ,(खनन),–सह–उप निदेशक खान का कार्यालय उत्तरी छोटानागपुर अंचल, हजारीबाग द्वारा रामगढ़ जिला के खनिज अनुदान/पट्टा संबंधी बकाएदारों के विरुद्ध सरकारी राजस्व का भुगतान नही होने के फलस्वरुप कुर्की वारंट निर्गत किया गया हैं जिसका थानावार विवरणी निम्नलिखित हैं :–

| क्र0 सं0 | कुर्की वारंट | नी0 पत्र मुकदमा संख्या | बकायेदार का नाम | बकाया नीलाम पत्रित राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| (थाना– घाटोटांड ओ0पी0) | | | | |
| 1 | कुर्की वारंट | 66/86-87 | श्री रंजीत कुमार मेहता, पिता श्री वंशी महतो, ग्राम– पो0–लईयो थाना–घाटोटांड, जिला– रामगढ़। | 10,190.00 |
| 2 | कुर्की वारंट | 38/94-95 | श्री विश्वनाथ महतो उर्फ विशु महतो, पिता श्री दुनु महतो, ग्राम–गोसी,पो0–लईयो,थाना–घाटोटांड ओ0पी0, जिला– रामगढ़। | 41,296.00 |
| 3 | कुर्की वारंट | 83/94-95 | श्री बिरजु महतो,पिता श्री बिरु महतो, ग्राम–पो0–केदला, थाना– घाटोटांड ओ0पी0, रामगढ। | 42,762.00 |
| 4 | कुर्की वारंट | 46/96-97 | श्री विश्वनाथ महतो, पिता श्री दुनु महतो, ग्राम– गोसे, पो0– केदला, थाना–घाटोटांड ओ0पी0, जिला– रामगढ़। | 1,19,345.00 |
| 5 | कुर्की वारंट | 57/96-97 | श्री विरु महतोउर्फछेदी सिंह, पिता श्री विजय महतो, ग्राम– केदला प्रोजेक्ट, पो0–केदला UG, केदला, थाना– घाटोटांड ओ0पी0, जिला– रामगढ़। | 1,36,680.00 |
| 6 | कुर्की वारंट | 12/11-12 | श्री गोरखनाथ सिंह, पिता श्री चन्द्रिका सिंह, ग्राम–केदला ईचाकडीह, पो0– केदला, थाना–घाटो टांड ओ0पी0, जिला– रामगढ़। | 70,561.00 |
| 7 | कुर्की वारंट | 13/11-12 | श्री महादेव महतो, पिता श्री करम महतो, ग्राम–गोसी, पो0– लईयो, थाना–घाटो टांड ओ0पी0, जिला– रामगढ़। | 1,20,996.00 |
| 8 | कुर्की वारंट | 24/11-12 | श्री बुन्देलाल सिंह, पिता श्री मोतीलाल सिंह, ग्राम–पो0– केदला प्रोजेक्ट, थाना–घाटोटांडओ0पी0, रामगढ़। | 1,17,511.00 |
| (थाना– कुजु) | | | | |
| 9 | कुर्की वारंट | 30/86-87 | श्री ओम प्रकाश दुबे,पिता श्री शिव प्रकाश दुबे, ग्राम– पो0–तोपा, थाना– कुज्जु ओ0पी0, जिला– रामगढ़। | 62,160.00 |
| 10 | कुर्की वारंट | 32/86-87 | श्री लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता,पिता श्री बनारसी दास, ग्राम– पो0–कुज्जु थाना– कुज्जु ओ0पी0, रामगढ़। | 9,420.00 |
| 11 | कुर्की वारंट | 37/94-95 | श्री सीटु साव,पिता श्री दोगो साव, ग्राम– अतना,पो0–चैनपुर, थाना–कुज्जु ओ0पी0,रामगढ़। | 49,637.00 |
| 12 | कुर्की वारंट | 86/94-95 | श्री बिनोद सिंह,पिता श्री नगीना सिंह, ग्राम–कुज्जु उटपा मोड,पो0–थाना– कुज्जु ओ0पी0, जिला– रामगढ। | 56,871.00 |
| 13 | कुर्की वारंट | 87/94-95 | श्री गोबिन्द बेदिया (भट्ठेदार),पिता श्री छेदी बेदिया, ग्राम–डुमरी,पो0–चुम्बा,थाना–कुज्जु ओ0पी0 रामगढ़। | 71,574.00 |
| 14 | कुर्की वारंट | 27/96-97 | श्री सीटू साव,पिता श्री दोगो साव ग्राम–अतना, पो0–चैनपुर, थाना–कुज्जु ओ0पी0, जिला– रामगढ़। | 1,41,059.00 |
| 15 | कुर्की वारंट | 17/98-99 | श्री इन्द्रनाथ प्रसाद मेहता, पिता श्री द्वारिका महतो, ग्राम– पो0–कुज्जु, थाना–कुज्जु ओ0पी0, जिला– रामगढ़। | 2,27,593.00 |
| 16 | कुर्की वारंट | 18/98-99 | (1) श्री सीटु साव पिता स्व0 दागो साव, (2) श्री राजेन्द्र साव, पिता श्री सीटु साव, दोनों का ग्राम– अतना, पो0– चैनपुर, थाना–कुज्जु ओ0पी0, जिला– रामगढ़। | 2,27,743.00 |
| 17 | कुर्की वारंट | 16/99-00 | श्री गणेश पान्डेय,पिता श्री रामश्रय पाण्डेय, 2.श्री संजय कुमार पाण्डेय,पिता श्री राधा मोहन पाण्डेय, वर्त्तमान पता–ग्राम–पो0–तोपा, थाना– कुज्जु ओ0पी0, जिला– रामगढ,। स्थाई पता दोनों का ग्राम–पो0– तोपा, थाना– कुज्जु ओ0पी0, जिला– रामगढ | 1,16,105.00 |
| 18 | कुर्की वारंट | 11/00-01 | मे0 बाबा ब्रिक्स, प्रो0श्री सुनील कु0 मिश्रा, पिता– श्री शिवशंकर मिश्रा, ग्रा0– ट्रान्सपोर्ट नगर, थाना कुजू ओ0पी,जि0– रामगढ | 1,24,467.00 |
| 19 | कुर्की वारंट | 28/00-01 | श्री विजय कुमार सिन्हा,पिता– श्री वृजनन्दन प्रसाद, ग्रा0+पो0– भरेचनगर, साण्डी, था0– कुजू ओ0पी0, जि0– रामगढ़ | 1,14,478.00 |
| 20 | कुर्की वारंट | 36/04-05 | श्री सोनू सिंह,पिता श्री चन्द्रमणी प्रसाद, ग्राम–के0वी0गेटकुजू,पो0–थाना–कुजू ओ0पी0, रामगढ़। | 99,129.00 |
| 21 | कुर्की वारंट | 39/06-07 | श्री प्रवीण कुमार, पिता–श्री ठकुरी महतो, ग्रा0+पो0+था0–कुजू, जि0–रामगढ़। | 3,02,175.00 |
| 22 | कुर्की वारंट | 82/06-07 | श्री प्रवीण कुमार, पिता–श्री ठकुरी महतो, ग्रा0+पो0+था0–कुजू, जि0–रामगढ़ | 1,25648.00 |
| 23 | कुर्की वारंट | 20/07-08 | मेसर्स स्वामिस्तक इन्टरप्राईजेज पार्टनर श्री राजेश प्रसाद,पिता श्री प्रेमचन्द्र साव, ग्राम–पो0–कुज्जु ट्रास्पोर्ट नगर,थाना– कुज्जु ओ0पी0,जिला– रामगढ़। | 1,40,321.00 |
| (थाना– भदानीनगर) | | | | |
| 24 | कुर्की वारंट | 13/00-01 | राजेन्द्र साव,पिता– श्री बालो साव,ग्रा0– देवरिया, पो0–भदानीनगर, था0–भदानीनगर ओ0पी, जिला– रामगढ़ | 1,24,492.00 |
| 25 | कुर्की वारंट | 16/00-01 | श्री सेतोष कुमार सिंह पिता– रविन्द्र सिंह, ग्रा0– रेलवे स्टेशन भुरकुण्डा, पो0– था0– भदानीनगर ओ0पी, जि0– रामगढ़ | 1,30,475.00 |
| 26 | कुर्की वारंट | 11/07-08 | श्री नारायण गोप,पिता स्व0 बच्चू यादव, ग्राम–मतकमा, पो0–देवरिया, थाना–भदानीनगर ओ0पी0, जिला– रामगढ़। | 79,392.00 |
| (थाना– बासल ओ0पी0) | | | | |
| 27 | कुर्की वारंट | 59/06-07 | श्री नन्द किशोर साव,पिता श्री हरि साव, ग्राम–रसदा, पो0–बलकुदरा, थाना– बासल ओ0पी0, जिला– रामगढ | 1,13,958.00 |
| (थाना– सदर, हजारीबाग) | | | | |
| 28 | कुर्की वारंट | 33/98-99 | श्री उपेन्द्र झा, पिता श्री सत्यनारायण झा, ग्राम– फूसबंगला पो0– भागा, थाना–जोरापोखर, जिला–धनबाद वर्त्तमान पता–मुहल्ला–वंशीलाल चौक देवी दयाल लेन,थाना– सदर, पो0–जिला– हजारीबाग। | 5,56,832.00 |
| 29 | कुर्की वारंट | 02/07-08 | श्री रमण कुमार सिन्हा पिता–श्री कल्याण दयाल, ग्रा0–पगमल, था0–सदर, हजारीबाग,जि0–हजारीबाग। | 7,26,952.00 |
| 30 | कुर्की वारंट | 18/07-08 | श्री प्रभुनाथ सिंह, पिता–श्री गौतम सिंह, ग्रा0–पगमल, पो0+था0–सदर, जि0–हजारीबाग। | 96,223.00 |
| (थाना– ईचाक | | | | |
| 31 | कुर्की वारंट | 35/86-87 | श्री मनोहर मेहता, पिता श्री सुखलाल मेहता, ग्राम– चपरख, पो0– थाना–ईचाक, जिला– हजारीबाग। | 9,018.00 |
| 32 | कुर्की वारंट | 36/86-87 | श्री किशोरी नन्दन मेहता, पिता श्री छेदी प्रसाद मेहता, ग्राम– गुंजा, पो0–थाना–ईचाक, जिला– हजारीबाग। | 61,135.00 |
| 33 | कुर्की वारंट | 47/94-95 | (2) श्री गोविन्द महतो,पिता श्री वासुदेव महतो, ग्राम–गुंजा,पो0– थाना– ईचाक, जिला– हजारीबाग | 88,375.00 |
| 34 | कुर्की वारंट | 51/94-95 | श्री उमेश प्रसाद मेहता,पिता श्री मनोहर प्रसाद मेहता, ग्राम– गुंजा, पो0– थाना– ईचाक, जिला– हजारीबाग। | 93,342.00 |
| 35 | कुर्की वारंट | 44/96-97 | श्री शंकर प्रसाद मेहता,पिता श्री बाबु लाल मेहता, ग्राम– गुंजा, पो0– थाना– ईचाक, जिला– हजारीबाग। | 1,36,730.00 |
| 36 | कुर्की वारंट | 48/96-97 | श्री उमेश मेहता,पिता श्री बढन मेहता, ग्राम– हदारी, पो0– थाना– ईचाक, हजारीबाग। | 1,40,841.00 |
| 37 | कुर्की वारंट | 49/96-97 | (1) श्री लालधारी महतो,पिता श्री इन्द्रनाथ महतो, (2) श्री जयराम महतो,पिता श्री झिलु महतो, दोनो का ग्राम–गुंजा,पो0–थाना–ईचाक, हजारीबाग। | 1,36,730.00 |
| 38 | कुर्की वारंट | 50/96-97 | श्री मिश्री प्रसाद मेहता,पिता श्री बलदेव प्रसाद मेहता, ग्राम– गुंजा, पो0– थाना–ईचाक, जिला– हजारीबाग। | 1,00,099.00 |
| 39 | कुर्की वारंट | 52/96-97 | श्री हरि शंकर प्रसाद मेहता, पिता श्री छकौरी मेहता, ग्राम– गुंजा, पो0– थाना–ईचाक, जिला– हजारीबाग। | 1,41,109.00 |
| 40 | कुर्की वारंट | 53/96-97 | (1)श्री धनेश्वर मेहता,पिता श्री बबुनी मेहता, (2) श्री किशोरी प्रसाद मेहता, पिता श्री पोखनाथ मेहता दोनों का ग्राम– गुंजा, पो0– थाना– ईचाक,हजारीबाग। | 1,41,109.00 |
| 41 | कुर्की वारंट | 12/98-99 | (1) श्री मिश्री प्रसाद,पिता श्री बलदेव मेहता, (2) श्री गोबिन्द मेहता,पिता श्री बंगाली मेहता, (3) श्री प्रदीप मेहता,पिता श्री बिरेन्द्र मेहता, तीनों का ग्राम–गुंजा,पो0–थाना–ईचाक, हजारीबाग। | 1,96,975.00 |
| 42 | कुर्की वारंट | 10/99-00 | श्री बालेश्वर प्रसाद मेहता,पिता स्व0 महावीर महतो, ग्राम– गुंजा, पो0–थाना– ईचाक, जिला– हजारीबाग | 1,14,022.00 |
| 43 | कुर्की वारंट | 14/00-01 | शिव प्रसाद मेहता, पिता– श्री तिलक महतो, ग्रा0– गुंजा, पो0+था0 इचाक, जि0– हजारीबाग | 1,30,475.00 |
| 44 | कुर्की वारंट | 26/06-07 | श्री नरेश महतो,पिता श्री देवकी महतो, ग्राम–जमुआरी,पो0–करियातपुर, थाना–ईचाक, जिला– हजारीबाग | 1,06,937.00 |
| 45 | कुर्की वारंट | 08/17-18 | (1) श्री राम नरेश मेहता,पिता स्व0 मोती महतो, (2)श्री सुरेश प्रसाद मेहता, पिता–श्री देवनारायण महतो, दोनो का पता ग्राम–जमुआरी, पो0– थाना– ईचाक, जिला– हजारीबाग। | 2,89,643.00 |
| (थाना– पदमा ओ0पी0) | | | | |
| 46 | कुर्की वारंट | 46/94-95 | श्री दशरथ प्रसाद मेहता,पिता श्री जीवलाल मेहता, ग्राम– चम्पाडीह, पो0–पदमा, थाना–पदमा ओ0पी0, जिला– हजारीबाग। | 88,325.00 |
| 47 | कुर्की वारंट | 47/94-95 | (1) श्री मनोज महतो, पिता श्री नागो महतो, ग्राम–पो0–सूर्यपुरा, थाना– पदमा ओ0पी0, जिला– हजारीबाग | 88,375.00 |
| 48 | कुर्की वारंट | 43/96-97 | श्री दशरथ प्रसाद मेहता,पिता श्री जीवलाल मेहता, ग्राम– चम्पाडीह, पो0–पदमा, थाना–पदमा ओ0 पी0, जिला– हजारीबाग। | 1,31,099.00 |
| (थाना– बगोदर, गिरिडीह) | | | | |
| 49 | कुर्की वारंट | 44/04-05 | (2)श्री छोटे लाल यादव,पिता श्री नेतलाल यादव ग्राम–पो0–बगोदरडीह, थाना–बगोदर,जिला– गिरिडीह। | 97,475.00 |
| 50 | कुर्की वारंट | 04/06-07 | 2श्री छोटे लाल यादव,पिता श्री नेतलाल यादव, ग्राम–पो0–बगोदरडीह, थाना– बगोदर, जिला–गिरिडीह | 1,06,409.00 |
| (थाना– बिरनी, गिरिडीह) | | | | |
| 51 | कुर्की वारंट | 51/06-07 | 2 श्री चुनचुन राय,पिता स्व0 सुरेन्द्र राय, ग्राम–बरहमसिया,पो0–पिलौजिया,थाना–बिरनी, जिला– गिरिडीह। | 75,884.00 |
| (थाना– राजधनवार) | | | | |
| 52 | कुर्की वारंट | 71/06-07 | 2 श्री चुनचुन राय,पिता स्व0 सुरेन्द्र राय, ग्राम– बरहमसिया, पो0– पिलौजिया, थाना– राजधनवार जिला– गिरिडीह। | 58,765.00 |
| (थाना– बरियातु, रॉंची) | | | | |
| 53 | कुर्की वारंट | 72/94-95 | श्री अमूल्य कुमार सिंह,पिता श्री रघुवंश कुमार सिंह, ग्राम–सेराफीन हाऊस करमटोली, पो0– थाना– बरियातु जिला– रॉंची। | 67,710.00 |
| (थाना– मराची, पटना) | | | | |
| 54 | कुर्की वारंट | 32/04-05 | (1) श्री संजय सिंह,पिता श्री बालेश्वर सिंह, ग्राम– पो0–थाना–मराची, जिला– पटना। | 93,405.00 |
| (थाना– बखतियारपुर, पटना) | | | | |
| 55 | कुर्की वारंट | 45/04-05 | श्री हेमन्त कुमार पाण्डेय,पिता श्री रघुवंश पाण्डेय, ग्राम–पो0–सबनीमा, थाना–बखतियारपुर, जिला–पटना। | 96,638.00 |
| 56 | कुर्की वारंट | 55/06-07 | श्री हेमन्त कुमार पाण्डेय,पिता श्री रघुवंश पाण्डेय, ग्राम–पो0–सबनिमा,थाना– बखतियारपुर, जिला– पटना | 1,14,121.00 |
| 57 | कुर्की वारंट | 57/06-07 | श्री राम जीवन सिंह, उर्फ पप्पू सिंह, पिता श्री राम जतन सिंह, ग्राम– पो0–थाना– बखतियारपुर, जिला– पटना, बिहार | 1,09,342.00 |
| (थाना– बरौनी, बेगुसराय) | | | | |
| 58 | कुर्की वारंट | 32/04-05 | (2) श्री अमित कुमार,पिता श्री विधि नारायण राय, ग्राम– पो0–पीपरा देवास, थाना–बरौनी, जिलाबेगुसराय। | 93,405.00 |
| (थाना– मखदुमपुर, जहानाबाद) | | | | |
| 59 | कुर्की वारंट | 44/04-05 | (1)श्री राम कुमार उर्फ पंडित जी, पिता श्री फेकू सिंह ग्राम–भीमपुरा, पो0–मझौस, थाना–मखदुमपुर, जिला– जहानाबाद। | 97,475.00 |
| 60 | कुर्की वारंट | 04/06-07 | श्री राम कुमार उर्फ पंडित जी, पिता श्री फेकू सिंह यादव, ग्राम– भीमपुरा, पो0– मझौस, थाना– मखदुमपुर, जिला– जहानाबाद, बिहार। | 1,06,409.00 |
| (थाना– महाराजगंज, सिवान) | | | | |
| 61 | कुर्की वारंट | 02/13-14 | श्री राधवेन्द्र सिंह,पिता श्री सत्यनारायण प्रसाद सिंह, ग्राम–महुआरी, पो0– देवरिया, थाना– महाराजगंज, जिला– सिवान (बिहार)। | 1,11,119.00 |

अतः उपरोक्त बकायेदारों को सूचित किया जाता हैं कि अविलम्ब बकाये राशि का Online भुगतान कर नीलाम पत्र पदाधिकारी (खनन), हजारीबाग के न्यायालय को सूचित करें ।

ह0/-
नीलाम पत्र पदाधिकारी, खनन, हजारीबाग।

PR 348037 (Mines and Geology) 24-25 (D)

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 08 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in
12

# रेलवे महिला कल्याण संगठन ने 28 महिला कर्मियों को सम्मानित किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**खोरधा रोड।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस,समाज में प्रतिदिन महिलाओं के अमूल्य योगदान को पहचानने की याद दिलाता है। महिलाओं की प्रगति, समर्थन और उत्थान का जश्न मनाने के उद्देश्य से, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन (इकोरडब्लूडब्लूओ), खोरधा रोड ने ट्रैफिक कॉलोनी स्थित न्यू ऑफिसर्स क्लब में 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया। इस अवसर पर, इकोरडब्लूडब्लूओ की अध्यक्षा गुरसिमरन कौर ने खोरधा रोड मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत 28 महिला कर्मचारियों को, उनकी इमानदारी और कड़ी मेहनत के लिए, सम्मानित किया। इस अवसर पर बोलते हुए, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन (इकोरडब्लूडब्लूओ), खोरधा रोडकी अध्यक्षा गुरसिमरन कौर ने खोरधा रोड मंडल की सभी महिला कर्मचारियों को उनकी कड़ी मेहनत और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए बधाई दी और कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं। महिलाओं के सशक्तीकरण से समाज का सशक्तीकरण होगा। उन्होंने महिला कर्मचारियों से विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करते समय उनके अनुभवों के बारे में बातचीत की और आश्वासन दिया कि पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन (इकोरडब्लूडब्लूओ), महिला कर्मचारियों के कल्याण के लिए उनके कार्यस्थल को और अधिक मैत्रीपूर्ण और आरामदायक बनाने के लिए हमेशा आगे रहेगा। इस अवसर पर महिला कर्मचारियों के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, खोरधा रोडकी सचिव प्रियंका नागवानी ने कार्यक्रम का समन्वयन किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के दौरान पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन/खोरधा रोडकी कोषाध्यक्ष, नेहा देवांगन और अन्य सदस्य मौजूद थीं।

# 1000 नेपाली छात्र किट लौटे

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** 16 फरवरी की घटना के बाद अस्थायी रूप से परिसर छोड़ने वाले 1100 में से 1000 नेपाली छात्र अपनी शैक्षणिक गतिविधियों को फिर से शुरू करने के लिए किट-डीयू लौट आये हैं। उनकी वापसी किट-डीयू और इसके अंतरराष्ट्रीय छात्र समुदाय, विशेष रूप से नेपाल के बीच मजबूत संबंधों को दर्शाती है। शेष 100 छात्र रास्ते में हैं और जल्द ही पहुंच जाएंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों के साथ समन्वय में सामान्य स्थिति बहाल करने और सभी छात्रों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाये। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों की वापसी के लिए भारत सरकार, विदेश मंत्रालय, ओड़िशा सरकार, नेपाल सरकार और नयी दिल्ली स्थित नेपाली दूतावास के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की है। स्थिति स्थिर होने के साथ, किट-डीयू ने नेपाली दूतावास, छात्र प्रतिनिधियों और अभिभावकों के साथ लगातार बातचीत की ताकि उन्हें विश्वविद्यालय में उपलब्ध सुरक्षा और सहायता के बारे में आश्वस्त किया जा सके। किसी भी चिंता को दूर करने और समग्र छात्र अनुभव को बढ़ाने के लिए विशेष शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किये गये। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, नेपाली छात्र अब नये आत्मविश्वास के साथ अपनी शैक्षणिक यात्रा को फिर से शुरू करने के लिए वापस आ गये हैं। विश्वविद्यालय ने अपने सभी छात्रों के लिए एक समावेशी, सुरक्षित और शैक्षणिक रूप से समृद्ध वातावरण बनाये रखने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है।

# एसटीए के संयुक्त निदेशक को विजिलेंस ने किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राज्य परिवहन प्राधिकरण-एसटीए के उपायुक्त प्रदीप कुमार महांति को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। विजिलेंस छापेमारी के दौरान उनके घर से अचला चल संपत्ति जब्त की गयी थी। विजिलेंस विभाग ने भुवनेश्वर, पुरी, खोरधा, कटक सहित नौ स्थानों पर एक साथ तलाशी ली। नगद रुपये के साथ भूखंड, फ्लैट और बड़ी मात्रा में सोना जब्त किया गया। प्रदीप महांति के तीन बहुमंजिला इमारतें और तीन फ्लैट पाये गये हैं। भुवनेश्वर, खोरधा, रणपुर और नयागढ़ में 11 भूखंड हैं। उन्होंने भुवनेश्वर में चार बीएचके फ्लैट खरीदने के लिए एक करोड़ रुपये की अग्रिम राशि दी थी। उनके पास पुरी में दो बेनामी फ्लैट हैं। रणपुर में 14 एकड़ का एक फार्महाउस। 300 ग्राम सोने के बिस्कुट के साथ दो किलोग्राम 100 ग्राम सोना और 17.55 लाख रुपये नकद जब्त किये गये। इसके साथ ही विजिलेंस ने छापे के दौरान उसके बैंक में जमा 17 लाख रुपये, दो बेनामी कारें मिली थीं।

# ओड़िशा पुलिस एसआइ परीक्षा स्थगित

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** इस महीने यानी 8 और नौ मार्च को होने वाली राज्य पुलिस परीक्षा स्थगित कर दी गयी है। यह बताया गया है कि परीक्षा को अगली सूचना तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। परीक्षा आयोजित करने वाले ओड़िशा पुलिस चयन बोर्ड ने दो तारीख को इस परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड डाउनलोड करने की घोषणा की थी। ओड़िशा पुलिस चयन बोर्ड के मुताबिक परीक्षा अगले आदेश तक स्थगित कर दी गयी है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नयी तारीख जानने के लिए नियमित रूप से ओड़िशा पुलिस की वेबसाइट देखते रहें। हालांकि, ओड़िशा पुलिस चयन बोर्ड ने इस बात का कोई कारण नहीं बताया है कि परीक्षा क्यों स्थगित की गयी। इस महीने की आठ और नौ तारीख को पुलिस एसएइ, अग्निशमन सेवा स्टेशन अधिकारी और सहायक जेलर के 933 पदों के लिए परीक्षा आयोजित करने की सभी तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गयी हैं, लेकिन स्थगित करने का कारण नहीं बताया गया है।

# बिजली बिल का समय पर भुगतान उपभोक्ताओं की नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी है: टीपीडब्ल्यूओडीएल

आजाद सिपाही संवाददाता

TPWODL
TP WESTERN ODISHA DISTRIBUTION LIMITED
(A Joint Venture of Tata Power and Government of Odisha)

**बुर्ला।** बिजली की उपलब्धता जीवन के लिए सबसे जरूरी चीजों में से एक मानी जाती है। लोगों को भोजन, पानी और ऑक्सीजन के साथ-साथ बिजली की भी जरूरत होती है। इसलिए, पश्चिमी ओड़िशा में बिजली वितरण कंपनी टीपी वेस्टर्न ओड़िशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडब्लूओडीएल) ने स्थिर, निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करने के लिए कई कदम उठाए हैं, साथ ही अपने लाखों उपभोक्ताओं की मासिक बिजली बिलों का भुगतान करते समय उनकी सुविधा और सहूलियत के लिए अत्याधुनिक तकनीक के साथ भुगतान सुविधाओं को लागू किया है। साथ ही, कंपनी उपभोक्ताओं के बीच समय पर बिजली बिलों का भुगतान करने के लिए जागरूकता बढ़ा रही है। इसलिए, कंपनी एक बार फिर अपने सभी उपभोक्ताओं से अपील करती है कि वे बिजली बिल का नियमित भुगतान करने के लिए सबसे सुविधाजनक तरीका अपनाएं और समय-समय पर माननीय ओईआरसी द्वारा घोषित छूट और कंपनी द्वारा घोषित ह्यपे एंड विनह्व योजना का लाभ उठाएं। उल्लेखनीय है कि ओइआरसी द्वारा जारी बीएसटी और आरएसटी नियम 2024-25 की समस्त शर्तों के अनुपालन में वितरण कंपनी द्वारा मासिक बिजली बिलों के समय पर भुगतान एवं संग्रहण के लिए विभिन्न तरीके अपनाए गए हैं। फरवरी 2025 के अंत तक 1197 उपभोक्ताओं ने स्मार्टफोन, सोलर लैंप और डिजिटल रेडियो जैसे पुरस्कार जीते हैं। मार्च माह के लिए भाग्यशाली विजेताओं की संख्या दोगुनी हो गयी है, यानी टीपीडब्ल्यूओडीएल के प्रत्येक उपमंडल से तीन विजेताओं की जगह छह भाग्यशाली विजेताओं को समय पर बिजली बिल का भुगतान कर आकर्षक उपहार जीतने का मौका मिल सकता है। मार्च माह के लिए 342 बिजली उपभोक्ताओं को उपहार देने की योजना है। यहां यह बताना अप्रासंगिक नहीं होगा कि विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47 और 56 के तहत उपभोक्ताओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने बिजली बिल का भुगतान करना कानूनी रूप से बाध्य है। ऐसा न होने पर वितरण कंपनी को भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति प्रतिबंधित करने का अधिकार है। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि उपभोक्ता न केवल कानूनी रूप से जिम्मेदार हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए नैतिक रूप से भी जिम्मेदार हैं। वितरण कंपनी राज्य नोडल एजेंसी से बिजली खरीदती है और इसे घरेलू, वाणिज्यिक, औद्योगिक और कृषि जैसे विभिन्न खंडों के उपभोक्ताओं के बीच पुनर्वितरित करती है। कंपनी कृषि क्षेत्रों को सब्सिडी भी प्रदान करती है और समय-समय पर विनियमन के अनुसार छूट भी प्रदान करती है। टीपीडब्ल्यूओडीएल पश्चिमी ओडिशा के सभी बिजली उपभोक्ताओं को स्थिर, निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली सेवाएं प्रदान करने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। यदि कोई उपभोक्ता बिजली बिलों के भुगतान के संबंध में कोई स्पष्टीकरण चाहता है, तो वे निकटतम टीपीडब्ल्यूओडीएल कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं या कंपनी द्वारा प्रदान किये गये टोल-फ्री नंबर: 1800-3456-798 पर कॉल कर सकते हैं।

# बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर लक्ष्मण प्रसाद ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विधानसभा में बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद न केवल विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी बहुत ही सशक्त, मजबूत और सबल नेतृत्व के साथ सही दिशा में आगे बढ़ेगी। झारखंड के प्रत्येक जिले में जमीनी स्तर पर भाजपा को संगठनात्मक मजबूती मिलेगी। उक्त बातें पूर्व आइजी सह भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं में अद्भुत उत्साह है। मरांडी को बधाई देते हुए श्री सिंह ने कहा कि भाजपा सभी की आकांक्षाओं और आवश्यकर्ताओं का जितनी मजबूती के साथ ध्यान रख सकती है।

# एसके झा ने एमसीएल के निदेशक तकनीकी का पदभार संभाला




संबलपुर (आजाद सिपाही)। संजय कुमार झा ने निदेशक (तकनीकी), महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड का पदभार ग्रहण किया। झा, कोयला उद्योग में तीन दशक से अधिक के व्यापक अनुभव के साथ, खनन संचालन, रणनीतिक योजना और तकनीकी प्रगति में गहरी विशेषज्ञता रखते हैं। इससे पूर्व उन्होंने क्षेत्रीय महाप्रबंधक, लखनपुर क्षेत्र (2022-24) और क्षेत्रीय महाप्रबंधक, बसुंधरा क्षेत्र (2019-2022), महानदी कोलफील्डस लिमिटेड के रूप में महत्वपूर्ण नेतृत्वकारी भूमिकाएं निभाईं और कोयला क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने एकीकृत लिलारी-बेलपहाड़-लखनपुर परियोजना में खनन कार्यों की शुरूआत करने, ईब वैली वाशरी की शुरूआत, एमसीएल के 10-मेगावाट ग्राउंड-माउंटेड सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए भूमि चयन तथा कोयला अमोनियम नाइट्रेट संयंत्र की स्थापना के लिए खंडसा गांव के आत्म-स्थानांतरण को सुगम बनाने मे अहम भूमिका निभाई है। टीम एमसीएल, एसके झा का हार्दिक स्वागत करती है और उनकी दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता, गहन औद्योगिक ज्ञान और रणनीतिक दिशा के माध्यम से एमसीएल को नये लक्ष्यों की ओर अग्रसर करने और सतत खनन प्रथाओं को सुदृढ़ करने की आशा रखती है।

# कार्यालय जाने की जरूरत नहीं, घर बैठे जाति, आय, निवासी प्रमाण पत्र प्राप्त करें



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। राजस्व विभाग का बड़ा फैसला। अब जाति, इनकम, निवासी प्रमाण पत्र के लिए तहसील कार्यालय जाने और घंटों खड़े रहने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आप घर बैठे अपने मोबाइल से प्रमाण पत्र के लिए आवेदन कर सकते हैं। ओड़िशा सरकार जल्द ही एक मोबाइल ऐप लांच करेगी। राजस्व मंत्री सुरेश पुजारी ने गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार अप्रैल में यह विशेष ऐप लांच करेगी।




# एम्स भुवनेश्वर ने डॉ नरबदेश्वरी दीप बाग के निधन पर जताया शोक



● संकाय, कर्मचारी और अधिकारियों ने उनके योगदान को श्रद्धांजलि दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भुवनेश्वर, रेडियोडायग्नोसिस विभाग की पूर्व प्रमुख और संस्थान में वरिष्ठ प्रोफेसर प्रोफेसर डॉ नरबदेश्वरी दीप बाग के असामयिक निधन से बहुत दुखी है। पांच मार्च, 2025 को उनके निधन से एक ऐसा शून्य पैदा हो गया है, जिसे भरना मुश्किल होगा, लेकिन उनकी विरासत आने वाले दशकों तक जीवित रहेगी। डॉ बाग एक अनुकरणीय व्यक्ति थीं और महिला सशक्तिकरण की सच्ची प्रतिमूर्ति थीं। उनके जीवंत व्यक्तित्व, असाधारण नेतृत्व गुणों और अपने पेशे के प्रति अटूट समर्पण ने एम्स भुवनेश्वर पर एक अमिट छाप छोड़ी है। संस्थान के विकास में उनका योगदान बहुत बड़ा था और उन्हें चिकित्सा समुदाय और समाज के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए हमेशा याद किया जायेगा। कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष बिस्वास ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ नरबदेश्वरी दीप बाग एक सहकर्मी से कहीं बढ़कर थीं, वे हम सभी के लिए प्रेरणा थीं। अपने क्षेत्र में अग्रणी, उन्होंने एम्स भुवनेश्वर और इसके भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उत्कृष्टता के लिए उनका जुनून और सशक्तिकरण की उनकी भावना पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। एम्स भुवनेश्वर के मुख्य सभागार में उनकी स्मृति को सम्मानित करने के लिए एक विशेष शोक सभा आयोजित की गयी। डॉ बिस्वास ने डीन डॉ पीआर महापात्रा, एमएस डॉ दिलीप कुमार परिदा और पूरे एम्स भुवनेश्वर परिवार के साथ मिलकर डॉ बाग को पुष्पांजलि अर्पित की और संस्थान और चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में उनके अपार योगदान को याद किया। डॉ बाग, जो 31 दिसंबर 2024 को रेडियोडायग्नोसिस विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख के रूप में सेवानिवृत्त हुए, अपने शानदार करियर के दौरान अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए जाने जाते थे। उनकी विरासत में न केवल उनकी पेशेवर प्रशंसाएं शामिल हैं, बल्कि उनके छात्रों, सहकर्मियों और पूरे संस्थान पर उनका प्रभाव भी शामिल है।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**